* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

20 सितंबर, 2023
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 330

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

मणिमहेश यात्रा का शाही स्नान 22 सितंबर से:23 घंटे 18 मिनट रहेगा शुभ मुहूर्त



## नया संसद भवन ऐतिहासिक फैसले का बना साक्षी

# लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश

- कांग्रेस ने बिल का किया समर्थन
- कानून बनने के बाद महिला सांसदों की संख्या 181 होगी
- नारी शक्ति वंदन विधेयक 2024 में लागू नहीं होगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद का विशेष सत्र नयी संसद में शुरू हो गया है। लोकसभा में मंगलवार को नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश किया गया। इसके मुताबिक, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लागू किया जायेगा। इस फॉर्मूले के मुताबिक, लोकसभा की 543 सीटों में 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। लोकसभा में इस बिल पर 20 सितंबर को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक बहस होगी। नये विधेयक में सबसे बड़ा पेंच यह है कि यह डीलिमिटेशन यानी परिसीमन के बाद ही लागू होगा। ये परिसीमन इस विधेयक के बाद होनेवाली जनगणना के आधार पर ही होगा। 2024 में होनेवाले आम चुनावों से पहले जनगणना और परिसीमन करीब-करीब असंभव है। यानी विधानसभा और लोकसभा के चुनाव समय पर हुए तो इस बार महिला आरक्षण लागू नहीं होगा। यह 2029 के लोकसभा चुनाव या इससे पहले के कुछ विधानसभा चुनावों से लागू हो सकता है।

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि हम ऐतिहासिक बिल लाने जा रहे हैं। अभी लोकसभा में 82 महिला सांसद हैं, इस बिल के पास होने के बाद 181 महिला सांसद हो जायेंगी। यह आरक्षण सीधे चुने जानेवाले जन प्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि अब दलगत राजनीति से ऊपर उठें। हम महिला आरक्षण बिल पर बिना शर्त के समर्थन करेंगे। संसद के स्पेशल सेशन के पहले दिन जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी लोकसभा में बोल रहे थे, तो वे कांग्रेस की पूर्व सरकारों के कामों को गिनाने लगे, इस दौरान सोनिया ने उन्हें टोका और महिला आरक्षण पर बोलने को कहा। महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस ने श्रेय लेने की कोशिश की। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के बयान पर हंगामा हुआ। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान बिल लाया गया था। यह बिल अभी मौजूद है। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम नया बिल लाये हैं। आप जानकारी दुरुस्त कर लीजिए। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने बिल की कॉपी को लेकर हंगामा किया। इनका कहना था कि उन्हें बिल की कॉपी नहीं मिली है। सरकार का कहना था कि बिल को अपलोड कर दिया गया है।

### भवन बदला है, भाव भी बदलना चाहिए: मोदी



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अभी चुनाव तो दूर हैं और जितना समय हमारे पास बचा है। मैं मानता हूं कि यहां जो जैसा व्यवहार करेगा, यह निर्धारित करेगा कि कौन यहां बैठेगा, कौन वहां बैठेगा। उन्होंने कहा कि यद् भावं तद भवति! मुझे विश्वास है कि भावना भीतर जो होगी, हम भी वैसे ही भीतर बनते जायेंगे। भवन बदला है, भाव भी बदलना चाहिए, भावनाएं भी बदलनी चाहिए। संसद राष्ट्रसेवा का स्थान है। यह दलहित के लिए नहीं है। 19 सितंबर की यह तारीख इसलिए इतिहास में अमरत्व प्राप्त करने जा रही है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं, नेतृत्व कर रही हैं तो बहुत आवश्यक है कि नीति निर्धारण में हमारी मांएं-बहनें, हमारी नारी शक्ति अधिकतम योगदान दें। योगदान ही नहीं, महत्वपूर्ण भूमिका भी निभायें। उन्होंने कहा कि देश की नारी शक्ति के लिए सभी सांसद मिल कर नये प्रवेश द्वार खोल दें, इसका आरंभ हम इस महत्वपूर्ण निर्णय से करने जा रहे हैं। महिलाओं के नेतृत्व में विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए हमारी सरकार एक प्रमुख संविधान संशोधन विधेयक पेश कर रही है। इसका उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी को विस्तार देना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा।

## दलित-पिछड़ी महिलाओं को हक नहीं मिलता: खड़गे

### पक्ष-विपक्ष का हंगामा, सीतारमण ने साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे बोलने आये। उन्होंने महिला आरक्षण बिल पर चर्चा करते हुए कहा कि दलित और पिछड़ी जाति की महिलाओं को वह मौका नहीं मिलता, जो बाकी सबको मिलता है। उनकी इस बात पर सत्ता पक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश की राष्ट्रपति कौन हैं? वह ट्राइबल समाज से आनेवाली महिला हैं। जिस पार्टी के आप अध्यक्ष हैं, उसमें कई सालों तक एक महिला ही अध्यक्ष रही हैं। सत्ता और विपक्ष के बीच काफी देर तक चले हंगामे के बाद भी खड़गे ने अपना भाषण जारी रखा। उन्होंने कहा कि मैं इस बिल का स्वागत करता हूं। यह बिल राज्यसभा में 2010 में पास हो चुका है। मैं कोशिश कर रहा था कि जो कानून बने, उसका लाभ गरीबों को, महिलाओं को मिले। मैं उनको प्रोत्साहित करने के लिए बोल रहा था, लेकिन वह बीच में बोलने लगे। आपके राज में फेडरल स्ट्रक्चर कमजोर हो रहा है। इससे पहले पीएम मोदी ने राज्यसभा में कहा कि हम सबके लिए आज का दिन यादगार है। हमें तय समय सीमा में लक्ष्यों को हासिल करना है, क्योंकि देश जैसा मैंने पहले भी कहा था, ज्यादा प्रतीक्षा नहीं कर सकता।

## संसद की पुरानी इमारत अब संविधान सदन

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबके साथ फोटो खिंचवायी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** संसद की 96 साल पुरानी इमारत में मंगलवार का दिन कार्यवाही का आखिरी दिन था। आजादी और संविधान को अपनाने की गवाह इस इमारत को विदाई देने पक्ष-विपक्ष के तमाम सांसद पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबके साथ फोटो खिंचवायी। इसके बाद तमाम सांसद सेंट्रल हॉल पहुंचे। सेंट्रल हॉल में अपने अनुभव साझा करते समय कुछ सांसद भावुक हुए, तो किसी ने इसे गौरव का पल कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद का सेंट्रल हॉल हमें भावुक भी करता है और कर्तव्य के लिए प्रेरित भी करता है। यहीं 1947 में अंग्रेजी हुकूमत ने सत्ता हस्तांतरण किया। बाद में संविधान ने भी यहीं आकार लिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम यहां से विदाई लेकर संसद के नये भवन में बैठने वाले हैं और ये बहुत शुभ है कि गणेश चतुर्थी के दिन वहां बैठ रहे हैं। आज नये संसद भवन में हम सब मिल कर, नये भविष्य का श्री गणेश करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने पुराने संसद भवन को संविधान सदन के नाम से बुलाने का प्रस्ताव रखा। सेंट्रल हॉल में मौजूद सांसदों ने मेज थपथपा कर इसकी सहमति दी। मोदी ने कहा कि पुराने सदन की गरिमा कभी कम नहीं होनी चाहिए। संविधान सदन से हमारी प्रेरणा बनी रहेगी।




## करम पूजा के लिए बालू लेने गयी थीं बच्चियां

# चार बच्चियों की तालाब में डूब कर मौत

### सहेली को बचाने के चक्कर में हुई मौत, एक को बचाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** करम पूजा के लिए तालाब से बालू लाने गयीं चार बच्चियों की डूब कर मौत हो गयी। पूजा की तैयारी के लिए पांच बच्चियां तालाब गयी थीं। नहा कर तालाब से बालू निकालना था, लेकिन वे सभी गहरे पानी में चली गयीं। चार बच्चियों की मौत हो गयी, एक बच्ची को किसी तरह बचाया जा सका, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पचंबा के बुढ़वाआहर तालाब में हंडाडीह की यह घटना है। पहले एक बच्ची गहरे पानी में चली गयी और अपनी सहेलियों से मदद के लिए चिल्लाने लगी। उसे बचाने एक के बाद एक गयी तीनों बच्चियां भी डूब गयीं। घटना के बाद स्थानीय लोगों के प्रयास से एक बच्ची को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन चार बच्चियां दम तोड़ चुकी थीं। एक बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पचंबा के ग्रामीणों ने बताया कि घटना में संध्या कुमारी, ममता कुमारी, दिव्या कुमारी और सृष्टि कुमारी की मौत हो गयी है। सभी की उम्र 15 से 17 वर्ष बतायी जा रही है, जबकि एक बच्ची पूजा कुमारी घायल है, जिसे स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया है।

## न्यूज रील्स

### मानहानि मामले में गहलोत को झटका, केस चलेगा

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मंगलवार को दिल्ली की कोर्ट से राहत नहीं मिली। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की ओर से दायर मानहानि मामले में आरोप मुक्त करने की गहलोत की अर्जी को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने खारिज कर दी। एसीएमएम हरजीत सिंह जसपाल की कोर्ट ने सीएम गहलोत को राहत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर मानहानि का केस चलता रहेगा।

### एल1 पॉइंट की तरफ निकला आदित्य स्पेस क्राफ्ट

बेंगलुरु। इसरो ने आदित्य एल1 स्पेसक्राफ्ट को रात करीब 2 बजे ट्रांस-लैग्रेंजियन पॉइंट 1 में इंसर्ट किया। इसके लिए यान के थ्रस्टर कुछ देर के लिए फायर किये गये। ट्रांस-लैग्रेंजियन पॉइंट 1 इंसर्टेशन यानी यान को पृथ्वी की कक्षा से लैग्रेंजियन पॉइंट 1 की तरफ भेजना। यहां से स्पेसक्राफ्ट अपना 15 लाख किलोमीटर का सफर शुरू करेगा। ये 110 दिन बाद जनवरी 2024 में एल1 पाइंट पर पहुंचेगा। गौरतलब है कि आदित्य एल1 को 2 सितंबर को सुबह 11.50 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लांच किया गया था।

## कुड़मी समाज के रेल रोको आंदोलन का असर

# 33 ट्रेनों पर असर, रद्द और मार्ग परिवर्तित किये गये

### आज से शुरू हो रहा आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कुड़मी समाज की ओर से रेल रोको आंदोलन के तीसरे वर्जन की शुरुआत करने की घोषणा का मंगलवार से ही असर दिखना शुरू हो गया है। कुड़मी समाज के लोग झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा में अनिश्चितकालीन रेल रोको आंदोलन कर रहे हैं। रेल रोको आंदोलन का असर जिन रूटों पर पड़ने जा रहा है, उनमें चलने वाली ट्रेनों को या तो रद्द कर दिया गया है, या फिर उनके रास्ते परिवर्तित कर दिये गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे ने 33 ट्रेनों पर असर को देखते हुए को इसे या तो रद्द कर दिया है, या मार्ग परिवर्तित किये गये हैं। आंदोलन को लेकर ट्रेनों का परिचालन कैसे होगा, इसे लेकर मुख्यालय को सूचना दी गयी है।

### आंदोलन स्थगित करने का किया है अनुरोध

कुड़मी आंदोलन को लेकर रेलवे अपनी तैयारी में है। झारखंड में रेलवे प्रशासन की तैयारियों की बात करें तो डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने कहा कि उन्होंने आंदोलनकारी मोर्चा के नेताओं से मिल कर आंदोलन को स्थगित करने का आग्रह किया है। उन्हें कहा है कि उनकी मांगें रेलवे से संबंधित नहीं हैं। आंदोलन से ट्रेनें प्रभावित होंगी और हजारों लोगों को इससे असुविधा होगी। ट्रेन से मरीज, परीक्षार्थी, नौकरीपेशा, व्यवसायी सहित अन्य यात्री यात्रा करते हैं। उन्हें काफी परेशानी होगी।

### रेलवे की क्या है तैयारियां

आंदोलन को देखते हुए रेलवे ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। जिन-जिन स्टेशनों पर आंदोलन की संभावना है, वहां आरपीएफ द्वारा विशेष सुरक्षा बल की तैयारी की गयी है। कैंप बना कर जवानों को तैनात किया जायेगा। डीआरएम ने कहा कि जिला प्रशासन से भी संपर्क कर आंदोलन की बाबत सहयोग मांगा गया है। परिचालन की बात करे, तो रांची-लोहरदगा और रांची-बीआइटी सांकी लाइन होते हुए ट्रेन चलाने को लेकर प्रस्ताव मुख्यालय को भेजागया है।

### कुछ महत्वपूर्ण ट्रेन जो रद्द रहेंगी



- ट्रेन संख्या 02832 भुवनेश्वर - धनबाद एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 07052 रक्सौल - सिकंदराबाद एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 12876 आनंदविहार - पुरी एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 13404 भागलपुर - रांची एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 15028 गोरखपुर - हटिया एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 15662 कामाख्या - रांची एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 18615 हावड़ा - हटिया एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 18616 हटिया - हावड़ा एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 17007 सिकंदराबाद- दरभंगा एक्सप्रेस



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,500 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 20 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# महिला आरक्षण, यानी मोदी का एक और मास्टर स्ट्रोक

## ■ विशेष सत्र में यह विधेयक पेश कर मोदी सरकार ने खींची बड़ी लकीर
## ■ राजद, सपा और कई अन्य ने पहले किया था इस विधेयक का विरोध
## ■ अब कांग्रेस और उसके सहयोगी दल इसका श्रेय लेने में जुट गये हैं

आजाद सिपाही विशेष

**नये संसद भवन में पहुंचने के साथ ही मोदी सरकार ने महिला आरक्षण बिल, जिसे 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का नाम दिया गया है, को लोकसभा में पेश कर दिया है। इस बिल को कैबिनेट ने सोमवार को अपनी मंजूरी दे दी थी। यह बिल 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए नरेंद्र मोदी सरकार का 'मास्टर स्ट्रोक' है। इस बिल के जरिये पीएम मोदी ने देश की आधी आबादी को साधने की कोशिश की है। इस बिल के कानून बनते ही लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित हो जायेगी। बिल के प्रावधानों के अनुसार आरक्षण का प्रावधान 15 वर्षों के लिए लागू होगा। उसके बाद इसकी अवधि बढ़ाने पर फैसला संसद को करना होगा। यह संविधान का 128वां संशोधन विधेयक है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के तहत एससी-एसटी वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था नहीं होगी, लेकिन जो सीटें एससी-एसटी वर्ग के लिए आरक्षित हैं, उनमें से 33 प्रतिशत अब महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। वहीं ओबीसी महिलाओं के लिए बिल में अलग से आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्हें अनारक्षित सीटों पर ही चुनाव लड़ना होगा। संसद के विशेष सत्र में इस विधेयक को पेश कर पीएम मोदी ने 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को बढ़त दिला दी है, जबकि कांग्रेस अब इस विधेयक का श्रेय लेने की कोशिश करती हुई दिख रही है। कांग्रेस यह भूल गयी है कि राजद और समाजवादी पार्टी समेत कई दलों, जो इस समय उसके सहयोगी हैं, ने इस विधेयक का विरोध किया था। क्या है महिला आरक्षण विधेयक और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव में भाजपा को मात देने के लिए विपक्षी गठबंधन रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं, लेकिन मोदी सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक का 'मास्टर स्ट्रोक' चल कर विपक्षी खेमे को चारों खाने चित कर दिया है। संसद और विधानमंडलों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देनेवाले बिल को मोदी सरकार ने सोमवार को कैबिनेट से मंजूरी दे दी और उसे नये संसद भवन में मंगलवार को आयोजित संसद के विशेष सत्र में पेश कर दिया गया है। कांग्रेस ने बिना किसी शर्त के महिला आरक्षण बिल को समर्थन करने का एलान कर दिया है, लेकिन सपा, राजद और जदयू अब भी अपने पुराने स्टैंड पर कायम हैं।

### पहले भी कई बार पेश हो चुका था महिला आरक्षण बिल

महिला आरक्षण विधेयक को पेश किये जाने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण के प्रावधान वाले 'नारीशक्ति वंदन विधेयक' को कानून बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने नये संसद भवन में कार्यवाही के पहले दिन लोकसभा में अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पहले भी कई बार संसद में पेश किया जा चुका है, लेकिन महिलाओं को अधिकार देने, उनकी शक्ति का उपयोग करने के इस काम के लिए, ईश्वर ने ऐसे कई पवित्र कार्यों के लिए मुझे चुना है।

### सबसे पहले 1996 में देवगौड़ा सरकार ने पेश किया था महिला आरक्षण बिल

महिला आरक्षण बिल की यात्रा 27 साल पुरानी है और तब से महिलाएं अपनी इस मांग को पूरा करवाने के लिए जूझ रही हैं। सबसे पहले सितंबर 1996 में एचडी देवगौड़ा की सरकार ने इसे संसद में पेश किया था। उसके बाद आनेवाली हर सरकार ने इस बिल को संसद में पेश किया और पास करवाने की कोशिश की, लेकिन यह बिल पास नहीं हो सका। 2010 में यह विधेयक राज्यसभा से पारित भी हुआ था, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी की वजह से यह बिल लोकसभा से पारित नहीं हो सका। 1996 में यह एक आश्चर्यजनक कदम था, जनता दल के कई नेता और सत्तारूढ़ गठबंधन के अन्य घटक इसके पक्ष में नहीं थे। अगले दिन विधेयक को भाकपा की गीता मुखर्जी की अध्यक्षता वाली एक संयुक्त समिति को भेजा गया।

### राजीव गांधी ने सबसे पहले महिलाओं को आरक्षण देने की कही थी बात

राजीव गांधी ने सबसे पहले 1987 में एक कमेटी गठित कर चुनावों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सुझाव मांगे थे। मारग्रेट अल्वा इस कमेटी की अध्यक्ष थी और उन्होंने आरक्षण की सिफारिश की थी। उसके बाद राजीव गांधी ने पंचायतों और नगरपालिकाओं में महिलाओं को आरक्षण देने संबंधी विधेयक संसद में पेश किया था, जिसे पारित नहीं करवाया जा सका। बाद में नरसिंह राव की सरकार ने पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण देने का कानून बनाया।



### अटल जी की सरकार में बिल फाड़ा गया

अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 1998 में महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पेश किया गया, लेकिन संख्या बल की कमी की वजह से यह बिल पास नहीं हो सका था। उस वक्त राजद के सांसद ने बिल को कानून मंत्री के हाथ से छीन कर फाड़ दिया था। इस बिल में पिछड़ा वर्ग की महिलाओं और मुस्लिम महिलाओं के लिए भी आरक्षण की मांग की गयी थी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में कई बार महिला आरक्षण विधेयक पेश किया गया, लेकिन उसे पास कराने के लिए आंकड़े नहीं जुट पाये और वह सपना अधूरा रह गया।

### कांग्रेस का बिना शर्त महिला आरक्षण को समर्थन

यह सच है कि महिला आरक्षण कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है और उसे अमली जामा पहनाने के लिए उन्होंने कई प्रयास भी किये हैं, लेकिन गठबंधन धर्म की मजबूरी के चलते उसे साकार नहीं कर सकीं। मोदी सरकार द्वारा महिला आरक्षण बिल को कैबिनेट से मंजूरी दिये जाने के बाद कांग्रेस ने बिना शर्त इसके समर्थन का एलान कर दिया है। कांग्रेस ने मोदी सरकार की पहल का स्वागत तक किया है। इस तरह मोदी सरकार के अब तक के कार्यकाल में यह पहला मौका है, जब किसी विधेयक का कांग्रेस ने बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है।

### महिला आरक्षण पर सपा-जदयू का पुराना स्टैंड

समाजवादी पार्टी महिला आरक्षण के मुद्दे पर अपने पुराने स्टैंड पर अभी भी कायम है। सपा के महासचिव रामगोपाल यादव ने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर हम विरोध में नहीं हैं, लेकिन इसमें ओबीसी, एससी और एसटी का भी आरक्षण चाहते हैं। सपा की सांसद जयाप्रदा ने कहा कि वह महिला आरक्षण के समर्थन में हैं, लेकिन कोटा में कोटा की व्यवस्था की जानी चाहिए। दलित, ओबीसी, आदिवासी महिलाओं को भी आरक्षण दिया जाना चाहिए। जदयू भी अपने पुराने रुख पर कायम है। जदयू नेता केसी त्यागी ने साफ शब्दों में कहा कि गठबंधन बदलते रहने के बावजूद महिला आरक्षण पर नीतीश कुमार की पार्टी का स्टैंड नहीं बदला है। केसी त्यागी का कहना है कि जदयू कमजोर महिलाओं को आरक्षण दिये जाने की पक्षधर रही है। इस तरह से जदयू भी कोटा में कोटा की मांग कर रही है। राजद भी महिला आरक्षण में कोटा में कोटा की मांग उठाती रही है।

### महिला आरक्षण में कोटा में कोटा की मांग क्यों

राजद, सपा और जदयू के नेता महिलाओं को आरक्षण पर इसीलिए सवाल उठाते रहे हैं कि इसका फायदा कुछ विशेष वर्ग तक सीमित रह जायेगा। देश की दलित, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी में कमी हो सकती है। इन नेताओं की मांग है कि महिला आरक्षण के भीतर ही दलित, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की जायें। इसी बात को लेकर सपा, राजद और जदयू महिला आरक्षण बिल का विरोध करते रहे हैं। संसद में जब भी महिला आरक्षण बिल को लाने का प्रयास किया गया, तो इन दलों के नेताओं ने सिर्फ विरोध ही नहीं किया, बल्कि बिल तक फाड़ दिये थे।

### बिल की प्रति फाड़ दी थी शरद यादव ने

अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में रहते हुए नीतीश कुमार और शरद यादव ने महिला आरक्षण बिल का विरोध किया था। महिला आरक्षण बिल 2010 में मनमोहन सिंह के दूसरे कार्यकाल के दौरान पेश किया गया था, तो जदयू के शरद यादव, राजद के लालू प्रसाद यादव और सपा के मुलायम सिंह यादव (दिवंगत) ने विधेयक पर कड़ी आपत्ति जतायी थी। शरद यादव विरोध करते हुए राज्यसभा के वेल में चले गये और बिल फाड़ दिया था। उन्होंने कहा कि बाल कटाने और स्टाइल करने वाली महिलाएं गांव की महिलाओं का प्रतिनिधित्व कैसे कर सकती हैं?

### इस बार फुल कांफिडेंस में मोदी सरकार

मोदी सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पेश कर दिया है। सरकार की पूरी कोशिश होगी कि इस विशेष सत्र में ही संसद के दोनों सदनों से इस बिल को पारित करा लिया जाये। इसकी अपनी एक प्रक्रिया है, जिसमें दोनों सदनों में दो-तिहाई समर्थन के अलावा आधी विधानसभाओं के समर्थन की जरूरत होगी। यह विधेयक एससी/एसटी के लिए उनके मौजूदा हिस्से के अनुपात में सब-कोटा का भी प्रावधान करेगा। पीएम खुद इस बिल को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं, क्योंकि कांग्रेस पूरी तरह से समर्थन में है। बीआरएस भी साथ है। ऐसे में सरकार बहुत ही आसानी से महिला आरक्षण बिल को पास करा लेगी।

### गठबंधन में फंस सकता है पेंच

पिछले 27 वर्षों में इस विधेयक को जब कभी संसद में लाया गया, इसके विरोधियों राजद, सपा, जदयू जैसी क्षेत्रीय पार्टियों के सांसदों ने इसका जम कर विरोध किया। उन्होंने केवल इसका विरोध ही नहीं किया, बल्कि विधेयक की प्रतियां भी फाड़ दी थीं। सपा, राजद और जदयू कोटा में कोटा की मांग करते रहे हैं, यानी महिला आरक्षण में एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज की महिलाओं के लिए आरक्षण तय किया जाये। ऐसे में महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस जिस तरह समर्थन में उतरी है, उससे कहीं विपक्षी गठबंधन के घटक दलों के बीच दरार न पड़ जाये। इस बार महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस ने जिस तरह से समर्थन देने का एलान किया है, उस पर जदयू, राजद और सपा अपना एतराज भी जाहिर कर सकती है। मोदी सरकार अगर महिला आरक्षण में एससी-एसटी-ओबीसी का कोटा निर्धारित नहीं करती है और कांग्रेस समर्थन करती है, तो उसे लेकर विपक्षी गठबंधन के घटक दल सिर्फ भाजपा से ही नहीं, बल्कि कांग्रेस से भी नाराज होंगे। सपा, राजद और जदयू महिला आरक्षण पर इसी मांग को लेकर पिछले तीन दशक से एतराज जताते रहे हैं और इस बिल को पास होने नहीं दिया। अब भाजपा और कांग्रेस एक होकर बिल पास कराती हैं, तो विपक्षी गठबंधन में दरार पड़ सकती है। इसे लेकर विपक्षी गठबंधन के घटक दल कैसे कांग्रेस के साथ तालमेल बना सकेंगे, यह देखनेवाली बात होगी।

---

## परिवर्तन यात्रा में कवर्धा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा

# करप्शन कांग्रेस की संस्कृति

आजाद सिपाही संवाददाता

**कवर्धा।** भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा में मंगलवार को कवर्धा पहुंचे छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने भाजपा के जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता की। इस दौरान पूर्व सीएम ने भूपेश सरकार के घोटालों से लेकर टीएस सिंहदेव के बयान और कांग्रेस विधायक के भ्रष्टाचार के विषयों पर चर्चा की। पूर्व मुख्यमंत्री ने भिलाई के खुर्सीपार में हुए हत्याकांड, बीरनपुर में भुनेश्वर साहू की हत्या और कवर्धा में भगवा झंडे को पैरों तले कुचले जाने को लेकर कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। भ्रष्टाचार की बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री 540 करोड़ का कोयला घोटाला, 2,161 करोड़ का शराब घोटाला, 1300 करोड़ का गौठान घोटाला, 229 करोड़ का गोबर घोटाला और महादेव ऐप को संरक्षण देकर हुआ सट्टा के माध्यम से ऑनलाइन फ्रॉड करके करोड़ों की अवैध उगाही कर सकते हैं तो विधायक का भ्रष्टाचार में लिप्त होना कौन सा आश्चर्यजनक बात है। करप्शन तो कांग्रेस की संस्कृति है। साथ ही टीएस सिंहदेव के बयान को लेकर उन्होंने कहा कि दिल की बात जुबान तक आ ही जाती है, और जो भी सच बोलता है कांग्रेस उसके पीछे पड़ जाती है, टीएस सिंहदेव ने सच बोला कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ के विकास के लिए पैसे देने में कभी कमी नहीं करते।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केंद्र से आने वाली योजनाओं का लाभ जनता तक नहीं पहुंचने देते, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में छत्तीसगढ़ की गरीब जनता के लिए केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए चावल में 5000 करोड़ का घोटाला किया, पीएम आवास योजना के 16 लाख आवास नहीं बनने दिये और इस तरह की तमाम योजनाओं के लाभ से छत्तीसगढ़ की जनता को वंचित रखा है। उन्होंने कहा कि चुनाव का समय है। इसमें बिना किसी से डरे, इस भय और आतंक के माहौल में भी पूर्ण निर्भयता के साथ आप सभी निष्पक्ष पत्रकारिता करते रहें, बहुत जल्द प्रदेश में परिवर्तन होगा और एक बार फिर भाजपा की सरकार के साथ शांति व्यवस्था स्थापित होगी।

---

## चितरंजन को पटना बेऊर जेल से लाया जायेगा रांची

**रांची। कांके थाना में जमीन कारोबारी अवधेश यादव पर दिनदहाड़े गोली चलवाने के आरोपी चितरंजन कुमार को पटना स्थित बेऊर जेल से रांची लाया जायेगा। इसके लिए मामले के केस आइओ (अनुसंधान पदाधिकारी) ने रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के यहां आवेदन दिया है। इस आवेदन को स्वीकृत करते हुए कोर्ट ने बेउर जेल के जेल अधीक्षक को पत्राचार कर दिया है। चितरंजन फिलहाल एक्साइज एक्ट के मामले में बेऊर जेल में बंद है। उस पर पटना के गांधी मैदान थाना में 30 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इसके अलावा गोंदा थाना में और कांके थाना में पहले से ही तीन केस दर्ज हैं। बता दें कि पिछले गुरुवार को कांके थाना क्षेत्र स्थित ब्लॉक चौक के पास जमीन कारोबारी अवधेश यादव को दो अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मारी थी। उसके बाद घायल अवधेश के भाई के बयान पर चितरंजन, कृष्णा नायक समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।**

---

## पश्चिमी सिंहभूम में बिजली के पोल से टकरायी तेज रफ्तार बाइक, दो छात्रों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाइबासा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाइपास मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। दरअसल, कोल्हान यूनिवर्सिटी स्थित चांपिया पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे बिजली के पोल से टकरा गयी, जिसमें दो छात्रों की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना सोमवार की देर शाम की है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही दोनों मृतकों के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। हादसे से दोनों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

**मृतकों की हुई पहचान :** मृतकों की पहचान चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के ईचाकुटी गांव निवासी कुजीत कुमार जोंको (17) और दूसरा टोंटो थाना क्षेत्र के बामियाबासा गांव निवासी लखन बारी (19) के रूप में हुई है। दोनों के सिर और कनपट्टी में गंभीर चोट आयी थी। परिजनों ने बताया कि लखन बारी पढ़ाई के साथ-साथ कुरियर का काम भी करता था। वे दोनों दोस्त थे। दोनों मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तांबो स्थित बोदराबासा में किराये के मकान में रह कर टाटा कॉलेज चाइबासा में पढ़ाई करते थे और दोनों इंटरमीडिएट के छात्र थे।

### कैसे हुआ हादसा

**जानकारी के अनुसार दोनों दोस्त सोमवार की रात करीब सवा आठ बजे तांबो से लखन बारी के गांव बामिया बासा बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। रास्ते में कोल्हान यूनिवर्सिटी के सामने चांपिया पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तो इनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के पोल से जा टकरायी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों छात्र सड़क किनारे झाड़ी में जा गिरे। पेट्रोल पंप के पास हादसा होता देख आसपास के लोग और राहगीर घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। दोनों घायलों को सदर अस्पताल में उपचार के लिए भेजा। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषत कर दिया।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.0 °c | 23.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.50 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.37 बजे |



# जिस मामले में एसआइटी की क्लीन चिट, उसी कागज को भाजपा बार-बार लाकर भ्रम फैला रही है : सुप्रियो

## हेमंत सोरेन के आइएनडीआइए गठबंधन समन्वय समिति का सदस्य बनने के बाद से भाजपा की बेचैनी बढ़ गयी है

**सरकार गठन से लेकर अब तक भ्रम फैलाकर आदिवासी सीएम को परेशान किया जा रहा है, इसका जवाब 2024 में जनता देगी**

**केंद्र सरकार जांच ही कराना चाहती है, तो गुजरात से लेकर एमपी तक की सरकारों की समेकित जांच कराये**

**अडाणी ने क्यों खाया पैसा, जांच अडाणी के मुंद्रा पोर्ट की भी होनी चाहिए**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम द्वारा मुख्यमंत्री और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को लेकर दिल्ली में पीसी पर झामुमो ने कड़ा एतराज जताया है। पार्टी महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जिस मामले में देवाशीष गुप्ता की कमेटी ने सोरेन परिवार को क्लीन चिट दे दी, हाइकोर्ट द्वारा प्रार्थी को कड़ी फटकार और जुर्माना लगाया गया, उसके बाद भी बार-बार वही पेपर की फोटोकॉपी लेकर राज्य और देश स्तर पर भ्रम फैलाना उचित नहीं है। राजनीति में विचारधारा की मतांतर और लड़ाई हो सकती है, मगर उसे व्यक्तिगत रूप से लाने की शुरू हुई नयी परंपरा उचित नहीं है। जबसे हेमंत सोरेन को इंडिया गठबंधन समन्वय समिति का राष्ट्रीय सदस्य बनाया गया है, तब से भाजपा की बेचैनी बढ़ गयी है। यही कारण है कि लगातार विभिन्न माध्यमों से भ्रम फैलाने का काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्व दुखा भगत के द्वारा 2002 में



सोरेन परिवार के खिलाफ जमीन संबंधी मामले को लाया गया था। बाद में इसी पेपर को पूर्व सीएम रघुवर दास सामने लाये। उन्होंने ही एसआइटी का गठन किया, इसके बाद एसआइटी ने क्लीन चिट दे दी। यहां तक कि एसआइटी की रिपोर्ट में भाजपा नेताओं का भी नाम आ गया। अब जो मामला खत्म हो गया है, उसे बार-बार लाकर भ्रम फैलाया जा रहा है।

### हर मामले की जांच निष्पक्षता से कराये केंद्र सरकार

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अगर केंद्र सरकार और भाजपा की भ्रष्टाचार पर नीयत साफ है, तो वह हर मामले की जांच निष्पक्षता से कराये। गुजरात बिजली कॉरपोरेशन के द्वारा अडाणी पर गंभीर आरोप लगाये गये। मध्यप्रदेश का व्यापम घोटाला किसी से छिपा नहीं है। एनसीपी नेता अजीत पावर पर 70 हजार करोड़ के घोटोले का आरोप लगता है और फिर 72 घंटे के बाद उन्हें महाराष्ट्र का डिप्टी सीएम बना दिया जाता है। असम में भी यही खेल हुआ। एक घोटाले के आरोपी को सीएम बना दिया जाता है। ऐसे कई मामले हैं, जहां पर भाजपा की सरकार बनने के पूर्व गंभीर आरोप लगे हैं। केवल गैर भाजपाई सरकारों को डराने और धमकाने का खेल बंद होना चाहिए।

### भाजपा के चाणक्य को ऑडिटोरियम में करनी पड़ रही है आम सभा

सुप्रियो भट्टाचार्य ने इंडिया गठबंधन के नेता राहुल गांधी की हैदराबाद में हुई सभा और उसमें उमड़ी भीड़ का जिक्र करते हुए कहा कि अब तो हालात इतने खराब हो चले हैं कि भाजपा के चाणक्य कहे जानेवाले अमित शाह को छत्तीसगढ़ में आमसभा मैदान में नहीं ऑडिटोरियम में करनी पड़ रही है। ऐसा नहीं है कि भाजपा जो कर रही और जिसे छिपाने का प्रयास करती रहती है, उसे देश की जनता नहीं जान रही है। 2024 में इसका उत्तर मिल जायेगा।

### महिला आरक्षण बिल 2010 में राज्यसभा से पारित बिल का नया फ्लेवर

सुप्रियो भट्टाचार्य ने महिला आरक्षण बिल को 2010 में राज्यसभा से पारित बिल का नया फ्लेवर करार दिया। कहा कि इस बिल का फायदा जब तक नयी जातिगत गणना रिपोर्ट नहीं आयेगी, तब तक नहीं मिल सकता है। क्योंकि अभी भी देश में 2011 का ही आंकड़ा है। कोरोना के कारण 2021 में राष्ट्रीय जनगणना नहीं हुई, आगे सरकार करायेगी या नहीं, इसका भी अता-पता नहीं है। यानी कुल मिला कर यह बिल लोकसभा चुनाव में एक झुनझुना की तरह ही होगा। नया बिल पास कराने के लिए राज्यसभा से पारित बिल को पहले केंद्र सरकार को वापस लेना होगा। मोदी सरकार ने पहले किचन रूम का सामानों का दाम बढ़ा कर महिलाओं को परेशान किया। अब चुनावी आहट के बीच इस बिल के जरिए आधी आबादी को ठगना चाह रही है।

### शिबू सोरेन रूटीन चेकअप के लिए कुछ दिन दिल्ली में ही रहेंगे

सुप्रियो भट्टाचार्य ने झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के बारे में बताया कि वह अभी ठीक हैं। अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। उनका रूटीन चेक अप होना है। इसलिए अभी कुछ दिनों तक वह दिल्ली में ही रहेंगे। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद ही हेमंत सोरेन रांची लौट आये हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा,दोस्तों से संबंधों में सुधार में मधुरता आयेगी।

**वृष** विशिष्टजनों के सहयोग से विवादास्पद मामलें दूर होंगी, सरकारी पक्ष का सहयोग-समर्थन मिलेगा।

**मिथुन** हर्ष-विषाद की समानता रहेगी,समाज में मान-यश-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।

**कर्क** बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी। घर और बाहर आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह** आज का दिन सानंद व्यतीत होगा, घर में खुशी का वातावरण।

**कन्या** कर्मक्षेत्र में.अपनी सूझबूझ से सारे कार्य बना लेंगे। रोजी-रोजगार की स्थिति मजबूत होगी।

**तुला** नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने की संभावना, महिला वर्ग के सम्पर्क से लाभ होगा।

**वृश्चिक** संतान पक्ष की तरफ से कोई शुभ समाचार मिलेगा, मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु** सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी, सरकारी कार्य में प्रगति होगी।

**मकर** मन उच्चाभिलाषी रहेगा, रोजगार संबंधी समस्यायें हल होंगी।

**कुंभ** आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, घर में कोई मांगलिक कार्य सम्पन्न कर सकते हैं।

**मीन** आजीविका में परिवर्तन होने की संभावना,दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं।

# समाज के सभी तबके के विकास से ही राज्य का विकास संभव : सुदेश महतो

**आजसू पार्टी का मिलन समारोह संपन्न, कई समाजसेवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने थामा पार्टी का दामन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार की गलत नीतियों की वजह से आज राज्य का युवा ठगा हुआ महसूस कर रहा है। इस अव्यवस्था को बदलने और राज्य में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हर वर्ग के युवाओं को राजनीति में आगे आना होगा। उक्त बातें मंगलवार को हरमू रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहीं। इस दौरान उमेश सिंह भोक्ता ने अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी का दामन थामा। हरमू मैदान में हजारों समर्थक जुटे और रैली के रूप में हरमू स्थित आजसू पार्टी कार्यालय अपने पारंपरिक वेशभूषा



और ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचे। झारखंड के विभिन्न जिलों जैसे रांची, लातेहार, चतरा, सिमडेगा, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, धनबाद से सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे। सुदेश महतो ने कहा कि राजनीतिक पटल पर राज्य के हर समाज, हर वर्ग का नेतृत्व हो इसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं, जिसके लिए आजसू पार्टी ऐसे सभी नेतृत्वकर्ताओं को मंच दे रही है ताकि राज्य के विकास में समाज के हर वर्ग की सभागिता तय हो। समाज के सभी तबके को नेतृत्व देने से ही राज्य का विकास संभव है। राजनीति एकल नहीं सामूहिक जिम्मेदारी है। अपने निजी हित के लिए फैसले लेने वाली इस सरकार ने लोगों के हित को कभी समझा ही नहीं। निजी हित के चलते ही गलत नीतियों का निर्माण हुआ जिससे समाज के कुछ वर्ग पीछे छूट गये हैं। पार्टी के महाधिवेशन के जरिए हम राज्य के सभी जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, प्रोफेसनल्स, व्यवसायियों, विषय विशेषज्ञों और राजनीतिक पार्टियों के लिए राज्य के हित एवं विकास से जुड़े मुद्दों पर चिंतन मंथन करने एवं अपने विचारों को साझा करने के लिए खुला मंच देंगे। हम अपनी विचारधारा किसी पर थोपना नहीं चाहते हैं, हम चाहते हैं कि राज्य के सभी लोग इस महाधिवेशन के माध्यम से अपने विचार, समस्या, समाधान और सुझावों पर खुल कर चर्चा करें और राज्य के सर्वांगीण विकास की सकारात्मक रणनीति बनायें। मिलन समारोह में पार्टी में शामिल हुए उमेश सिंह भोक्ता ने कहा कि पार्टी और पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के विकास के प्रति विजन और स्पष्ट रोडमैप से प्रभावित हो कर पार्टी में शामिल हो रहा हूं। पूरे राज्य में अपने ऊजार्वान साथियों के साथ मिलकर पार्टी के विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने और वर्तमान सरकार की वादाखिलाफी के बारे में जनता को अवगत करने का कार्य करेंगे। मिलन समारोह में पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत, पार्टी के उपाध्यक्ष हसन अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# संसदीय व्यवस्था में महिलाओं की सशक्त भागीदारी से मजबूत होगा लोकतंत्र: संजय सेठ

## महिलाओं को 33% आरक्षण के साथ भारत ने रचा नया इतिहास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिस भारत में महिलाओं को दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी के रूप में पूजा जा रहा है। अब उस भारतीय लोकतंत्र की व्यवस्था में महिलाएं सशक्त भागीदारी निभाएंगी। इस संसदीय व्यवस्था में महिलाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार प्रकट करता हूं। साथ ही देश की सभी मातृशक्ति को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उक्त बातें रांची के सांसद श्री संजय सेठ ने कही। लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं को 33% आरक्षण दिए जाने के फैसले पर सांसद ने खुशी जताई है। सांसद श्री सेठ ने कहा कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता है कि उन्होंने महिलाओं की भी सशक्त भागीदारी इस लोकतांत्रिक व्यवस्था सुनिश्चित की है। इसी के तहत लोकसभा और राज्यसभा में 33% आरक्षण का नया अध्याय जोड़ा गया



है। महिलाओं की सशक्त भागीदारी से भारतीय लोकतंत्र और भी मजबूत होगा। इससे समाज हित में बनने वाले कानून में और बेहतरी आ सकेगी। महिलाएं अपनी बातें और मुखरता से रख सकेंगी। इसके साथ ही भारतीय कानून और सशक्त और बेहतर हो सकेगा। सांसद ने कहा कि नई संसद भवन का यह नया आगाज है। यह भवन सिर्फ भवन नहीं है। यह 140 करोड़ देशवासियों की श्रद्धा और भावनाओं का मंदिर है। जहां नए भारत के निर्माण की गाथा लिखी जानी है। मुझे खुशी है कि इस ऐतिहासिक पल का मैं भी गवाह बन रहा हूं।

### सांसद आवास पर शुरू हुआ श्री गणेश पूजनोत्सव

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सांसद श्री संजय सेठ के आवास पर श्री गणेश पूजन उत्सव आज से आरंभ हुआ। 10 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में आज सांसद श्री सेठ की पत्नी नीता सेठ व अन्य स्वजनों ने पूजा अर्चना कर भगवान श्री गणेश का आह्वान किया। संसद के विशेष सत्र के कारण श्री सेठ अभी दिल्ली में है। उन्होंने बताया कि 10 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों के कई लोगों को हमने आमंत्रित भी किया है। सांसद ने रांची लोकसभा क्षेत्र के लोगों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी।

**शपथ-पत्र**

शपथ पत्र संख्या 112 दिनांक 06.07.2023 के अनुसार **मैं चन्द्रदीप उर्फ भोला चंद्रवंशी एवं चन्द्रदीप राम** पिता-स्व. सहदेव चंद्रवंशी उम्र 74 वर्ष ये तीनों नाम मेरा ही है तथा मैं अपने उक्त तीनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं। मैं गढ़देवी मुहल्ला, गढ़वा, पो.- व थाना- व जिला - गढ़वा (झारखंड) का निवासी हूं।

# निलंबित राजस्व कर्मचारी भानू प्रताप ने मांगी बेल

**रांची (आजाद सिपाही)।** लैंड स्कैम के आरोपी और बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानू प्रताप ने जमानत याचिका दायर की है। भानू प्रताप ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में जमानत की गुहार लगायी है।

**इडी ने भानू को अप्रैल में किया था गिरफ्तार :** बता दें कि भानू प्रताप को इडी ने अप्रैल माह में गिरफ्तार किया था। भानू पर राजधानी के बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला और चेशायर होम रोड की भूमि की फर्जी दस्तावेज के सहारे खरीद-बिक्री का आरोप है। इस केस में अब तक इडी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल समेत कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। सभी जेल में हैं।

# आइपीएस कुलदीप द्विवेदी सीबीआइ के डीआइजी नियुक्त

**रांची।** 2005 बैच के आइपीएस कुलदीप द्विवेदी को सीबीआइ का डीआइजी नियुक्त किया गया है। आइटीबीपी के डीआइजी पद से कुलदीप द्विवेदी की यह लैटरल शिफ्टिंग पांच वर्षों के लिए है। इसकी अधिसूचना केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी कर दी गयी है। आइटीबीपी से पहले कुलदीप द्विवेदी झारखंड में कार्यरत थे। बता दें कि इनकी गिनती तेज तर्रार आइपीएस में होती है।

# प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लिया : आशा लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के पूर्व मेयर और भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने कहा कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद मंगलवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश किया गया। इस बिल का नाम नारी शक्ति वंदन



अधिनियम रखा गया है। मंगलवार को आशा लकड़ा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस एतिहासिक निर्णय के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लंबे काल तक शासन किया, लेकिन महिलाओं को उनके अधिकार से हमेशा वंचित रखा। इस बिल के कानून बनने के बाद हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा। लोकसभा और देश की अन्य विधानसभाओं में हर तीसरी सांसद महिला होगी। प्रधानमंत्री के इस निर्णय से स्पष्ट हो चुका है कि महिलाओं में नेतृत्व क्षमता की कमी नहीं है, उन्हें आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

E-mail-mdjscb@jscb.gov.in Ph.No. 0651-2913111
**JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LIMITED, RANCHI**
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001
**Ref.:-1704** **Date: 19.09.2023**
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites EoI from interested bidders for selection of Concurrent Auditor/Firm/ Company for Concurrent Audit works of Jharkhand State Cooperative Bank Limited for F.Y. 2023-24.
Last date for submission of Quotations: **27.09.2023 till 3:00 PM.**
For eligibility criteria and other details, please visit website: **http://www.jscb.gov.in**
**Sd/- CEO, JSCB, Ranchi**

# श्री श्याम मंडल का 56वां श्री श्याम महोत्सव 21 से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री श्याम मंडल, रांची का 56वां चार दिवसीय वार्षिक श्री श्याम महोत्सव 21 से 24 सितंबर 2023 रविवार तक अत्यंत धूमधाम व उत्साह के साथ आयोजित किया जायेगा। महोत्सव का आयोजन श्री श्याम मंडल रांची द्वारा निर्मित अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित होगा। 21 सितंबर को प्रातः 8 बजे श्री श्याम मंदिर में श्रृंगार आरती के पश्चात मंडल के सदस्य श्री श्याम प्रभु के जयकारों के साथ सुकुरहुटू गौशाला के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां विधिवत गौ माता का पूजन वंदन के बाद गायों को गुड़, चोकर, रोटी, हरी सब्जी व चारा भावपूर्ण रूप से खिलाया जायेगा। गौमाता के पूजन



**21** सितंबर को गौ पूजन के साथ महोत्सव शुरू होगा

**22** को श्री श्याम प्रभु की विराट शोभा यात्रा निकलेगी

**23** को श्री श्याम महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम

**24** सितंबर को संगीतमय सुंदरकांड का पाठ होगा

वंदन के साथ श्री श्याम महोत्सव का शुभारंभ होगा।

22 सितंबर को अपराह्न 4 बजे अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर से श्री श्याम प्रभु की विराट शोभा यात्रा प्रारंभ होगी। शोभा यात्रा में श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियों का समावेश होगा। सैकड़ों श्याम भक्त धर्म पताकाएं व धार्मिक बैनर लेकर शोभा यात्रा के साथ चलेंगे। साथ ही श्री श्याम मंडल के सदस्य भारी संख्या में संगीतमय भजनों की वर्षा शोभा यात्रा में करेंगे।

23 सितंबर को श्री श्याम महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में रात्रि 9 बजे प्रारंभ होगा। श्री श्याम प्रभु के दिव्य शीश का अत्यंत मनोहरी एवं श्रृंगार किया जायेगा। साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवम शिव परिवार का भी भव्य श्रृंगार किया जायेगा। प्रारंभ में मंडल के संरक्षक सुरेश चंद्र पोद्दार गणेश पूजन करायेंगे। तत्पश्चात मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला आंगतुक भक्तों का स्वागत कर मंडल द्वारा प्रकाशित 56वें प्रेम पुष्प का विमोचन रांची के पूर्व सांसद एवं समाजसेवी महेश पोद्दार द्वारा किया जायेगा।

रात्रि 10 बजे श्री श्याम प्रभु की दिव्य एवं अष्ठ प्रहर की अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की जायेगी तथा श्री श्याम मंडल, रांची के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारंभ किया जायेगा। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को छप्पन भोग एवं 501 सवामनी व विभिन्न प्रकार के फलों का प्रसाद निवेदित किया जायेगा। श्री श्याम मंडल के वंदना के पश्चात विशेष रूप से मुंबई से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक साकेत बैरोलिया एवं गुमला, कोलकाता के मंडलियों द्वारा संपूर्ण रात्रि भजनों की अमृत वर्षा कर श्री श्याम प्रभु को रिझायेंगे।

24 सितंबर को प्रातः 8 बजे 501 पुरुष एवं महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेश भूषा में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जायेगा। तत्पश्चात श्री हनुमान मंडल रांची, श्री शिव भक्त मंडल, रांची एवं कोलकाता से विशेष रूप से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक ज्योति खन्ना अनवरत भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। रात्रि 10 बजे मंडल के मंत्री धीरज बंका अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर महाआरती के साथ चार दिवसीय श्री श्याम महोत्सव का समापन होगा। प्रेस वार्ता में सुरेश चंद्र पोद्दार, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनियां, प्रमोद बगड़िया, विकाश पाड़िया, मनोज ढांढनियां, नितेश लाखोटिया, अरुण धानुका, नितेश केजरीवाल आदि उपस्थित थे।

**ई-निविदा के जरिये हटिया स्टेशन पर 01 कैटरिंग यूनिट प्रदान करने हेतु निविदा अधिसूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची निम्नलिखित कार्य को सम्पादित करने के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार हैं: **निविदा अधिसूचना संख्या: सीएटीजी-स्टॉल-25-जीएमयू-डब्ल्यू-एचटीई3। कैटरिंग यूनिट:** सीएटीजी. स्टॉल-25। **स्टेशन:** हटिया। **लोकेशन:** सर्कुलेटिंग एरिया (एसबीआई एटीएम से सटा हुआ)। **आरक्षित श्रेणी:** जीएमयू/महिला। **न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य:** ₹ 6,21,254। **बयाना राशि:** ₹ 1,61,600। **निविदा की कीमत:** ₹ 2,500 साथ में 18% जीएसटी (प्रत्येक कैटरिंग यूनिट के लिए निविदा हेतु)। **ठेके की अवधि:** 05 वर्ष। सम्पूर्ण बोली प्रक्रिया ऑनलाइन (ई-निविदा) होगी। इस निविदा सूचना दिनांक 18.09.2023 से सम्बंधित सभी अधिसूचना को वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन प्रकाशित किया गया है। बोली दस्तावेज **दिनांक 18.09.2023 से 09.10.2023 तक** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा एवं अपलोड किया जा सकता है। बोलियां **दिनांक 18.09.2023** से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में जमा की जा सकती हैं। बोली जमा करने की अंतिम तारीख है **09.10.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक** तथा बोलियां **09.10.2023 को अपराह्न 3.30 बजे** खोली जाएँगी।

(PR-614) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# झारखंड निर्माण का उद्देश्य 23 साल बाद भी अधूरा : जयराम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**विष्णुगढ़।** प्रखंड के जोबर पंचायत भवन फुटबॉल मैदान में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति द्वारा करम महोत्सव का आयोजन किया गया। झूमर, नटुवा जैसे कई सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चियां, महिलाएं और स्थानीय कलाकारों ने जम कर लोगों का मनोरंजन किया साथ गोबिंदपुर व हुरलुंग में जनजागरण सभा किया गया। मुख्य अतिथि झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो ने सभा को संबोधित किया। सैकड़ों बाइक का काफिला बनासो से जोबर, जोबर से गोबिंदपुर और गोबिंदपुर से हुरलुंग देर रात तक झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति कार्यकर्ताओं ने उनके साथ रहे लगभग ग्यारह बजे रात्रि विष्णुगढ़ तक युवाओं का काफिला उनके साथ रहा। जयराम महतो ने कहा कि झारखंडी संस्कृति और करम पर्व का हमारे जीवन से जुड़ी महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड का निर्माण जिन उद्देश्यों लिए हुआ 23 साल बाद भी अधूरे है इसके जिम्मेदार हमारे नेता हैं, हमारे नेता झारखंडियों के साथ नहीं पार्टी के साथ हैं। पार्टी के आदेश को प्राथमिकता देते हैं। इसलिए हमें आदेश लेने वाला नही बल्कि डिसीजन लेने वाला नेता चाहिए। कहा कि आज युवा मोदी भक्ति में आ गये हैं हमें दो मिनट का समय दीजिए सारा मोदी भक्ति उतार देंगे। बीजेपी धार्मिक राज्य चाहती है और हमारा झारखंड सांस्कृतिक राज्य है, कोनार डैम के विस्थापितों को आज भी न्याय नहीं मिला है अगर विस्थापितों को विस्थापन का लाभ नही मिलेगा तो कोड़ी गैता लेकर डैम का पानी खेत में लायें।

साथ ही लोगों से 24 में बदलाव की अपील की उन्होंने कहा कि हमें दो सांसद भी आप लोग इस भीड़ से देते हैं तो देश के प्रधान मंत्री से आंख से आंख मिला कर झारखंड पर हो रहे शोषण का जवाब मांगेंगे अगर ऐसा नहीं कर पायें तो कान मरोड़ कर सवाल कीजियेगा हमसे। झारखंड के युवा पांच साल में नौ अरब रुपया लगभग गुटखा में खर्च कर रहे हैं इससे बचने की जरूरत है साथ ये भी कहा कि हमारी सरकार बनी तो पहले दारू बंद करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप सदस्य सरयू पटेल, पूर्व जिप सदस्य प्रकाश पटेल, पूर्व मुखिया राजेंद्र महतो, उमेश महतो, महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, जोबर मुखिया चेतलाल महतो, पंसस गुलाब महतो, पप्पू सिंह, प्रदीप कुमार शौर्य, धानेश्वर महतो, सुशील महतो, संजय मेहता, राजदेश रत्न, रूपक कुमार, सिंगर बबन सिंह, प्रकाश कुमार, सुनील कुमार, बिरेंद्र कुमार, बिहारी महतो, गौतम कुमार, रवि महतो, कौशल कुमार, दिलीप कुमार, नारायण कुमार, सनी कुमार, दिनेश कुमार, खगेंद्र कुमार, महावीर महतो, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, डुमरचंद महतो, विनय कुमार, विवेक कुमार, धीरज कुमार शर्मा, टहल महतो, कैलाश महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

## जयनगर में पांच दिवसीय गणपति पूजा-पाठ प्रारंभ



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दुर्गा मंदिर प्रांगण में सार्वजनिक श्री गणपति पूजा महोत्सव की पूजा पाठ प्रारंभ कर दिया है। आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज, विष्णु शास्त्री, विवेक पांडेय के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात विराजे विघ्नहर्ता गणपति जी महाराज। सार्वजनिक गणपति पूजा समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि 19 सितंबर को श्री सिद्धि विनायक श्री गणेश चतुर्थी के दिन विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ प्रत्येक दिन वाराणसी में होने वाले भव्य गंगा आरती के तर्ज पर प्रतिदिन भव्य दिव्य आरती का आयोजन होगा एवं महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि श्री गणपति महोत्सव को लेकर मीना बाजार, एक से बढ़कर एक झूला का आनंद ले सकते हैं। सार्वजनिक गणपति पूजा को सफल बनाने में समिति के उपाध्यक्ष पवन सिंह हिंदुस्तानी, महासचिव सरोज कुमार सोनी, उप सचिव शन्नी साव, कोषाध्यक्ष राजेश सिंह, कैलाश प्रसाद, उमेश मोदी, राम सिंह, रामकुमार, सूरज सोनी, रोहित सिंह, विशाल सिंह, राजा सिंह, सूरज सिंह, मनीष सिंह, विशाल सोनी, विक्रम गुप्ता, दीपक सिंह, पप्पू सिंह सहित कई सदस्य लगे हुए हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद प्रतिनिधि देवनारायण यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य पवन सिंह, युवा नेता उमेश यादव, अरुण यादव, राजकुमार पासवान, विजय शंकर, महेश पांडेय, प्रभाकर पांडेय सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

## चोपनाडीह में गणेश पूजा का आयोजन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चोपनाडीह में गणेश पूजा समिति द्वारा गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर गणेश पूजा का आयोजन किया गया। पूजा पंडाल का उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि सुभाष चंद्र यादव और पंचायत समिति सदस्य मधु कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष विकास पंडित, नकुल पंडित, राजकुमार यादव, शशि पंडित, देवनंदन, बीरबल, गौतम, सीताराम, देवकरण, पवन, अजीत, विनोद, संजय, पिंटू, दिनेश, आराधना, विक्की, शिवम, सुभाष, अजय आदि लोग उपस्थित थे।

## संजीवनी अकादमी में गणेश पूजनोत्सव



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** चंदवारा प्रखंड के बांझेड़ीह रोड नंदनगर में अवस्थित संजीवनी अकादमी में गणेश पूजनोत्सव मनाया गया। जिसमे विद्यालय निदेशक संजीव कुमार ने स्वयं पुजारी बनकर पूजा अर्चना किया वहीं अयोध्या के पुरोहित पंडित बिमलेश शास्त्री ने विधिवत गणेश जी की पूजा अर्चना करवाया। छात्रावास के सभी छात्रों ने गणपति पूजन में मंगल आरती और हवन किया। पूजा अर्चना करने के उपरांत सभी प्रसाद ग्रहण किया। विद्यालय निदेशक संजीव कुमार ने बच्चों को बताया कि गणपति पूजा तो पूरे देश में मनाया जाता है किंतु महाराष्ट्र में गणपति पूजा का अपना एक अलग महत्व है।गणेश जी देवों में सर्वप्रथम पूजे जाते हैं। ये बुद्धि - विवेक, रिद्धि सिद्धि के दाता है। सनातन धर्म में कोई भी मंगल कार्य करने के पूर्व सर्वप्रथम गणेश जी की आराधना किया जाता है। मौके पर पूनम देवी, निशा, सोनम, लकी, अन्नू, नेहा, लक्ष्मी, कुंदन, बलराम, रितेश, रोशन आनंद, दीपेश, रिंकेश, राजन आदि मौजूद थे।

## विधायक आवास में हमला की भाजपा कार्यकर्ताओं ने की निंदा

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** कोडरमा विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव के आवास पर सुरक्षाकर्मी पर हुए जानलेवा हमला के मामले में मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी विधायक डॉ. नीरा यादव के आवास पर विस्फोटक से विस्फोट करना और धारदार हथियार लेकर विधायक आवास में घुसने का प्रयास किया जा चुका है परंतु कोडरमा पुलिस प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। जिसके फलस्वरुप कोडरमा में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। इस तरह के घटना बार-बार होना और विधायक के आवास को निशाना बनाना कहीं ना कहीं घोर साजिश है जिसका पर्दाफाश जिला प्रशासन अविलंब करे नहीं तो भारतीय जनता पार्टी सड़क पर उतरने को मजबूर होगी। घटना की निंदा करने वालो में भाजपा के वरिष्ठ नेता बेदु साव, बसंत कुमार, महामंत्री सुनील यादव, पवन सिंह, भोला यादव, सदानंद कुशवाहा, मनोज पासवान, त्रिपुरारी रजक, लखन पासवान, रामचंद्र यादव, लक्ष्मण रजक, रामलाल यादव, भूषण मोदी, संजू यादव, सुरेंद्र यादव, महाराज सिंह, सतीश सिंह, हरिहर सिंह, नंदकिशोर भारती, पवन यादव, सुबेश यादव, शंकर यादव, विजय यादव, लखन महतो, मोहन यादव, कृष्ण गोस्वामी, दिनेश ठाकुर, यमुना यादव, परमेश्वर सिंह आदि का नाम शामिल है।

## समस्याओं को लेकर सर्वदलीय बैठक



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित उत्तरी पंचायत भवन मरकच्चो में मंगलवार को बिभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों की सर्वदलीय बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह ने की। जबकि संचालन उत्तरी पंचायत मरकच्चो के मुखिया रणजीत कुमार सिंह ने की। बैठक में उपस्थित बिभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रखंड में व्याप्त विभिन्न जन समस्याओं को एक जुट होकर हल करने का निर्णय लिया। बैठक में सरकारी विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों के मनमाने व अड़ियल रवैये पर लगाम लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि कैलाश प्रसाद यादव, प्रयाग महतो, 20 सूत्री अध्यक्ष रवि शंकर सिंह रिंकू, राष्ट्रीय जनता दल पार्टी के जिला महामंत्री डॉक्टर सरफराज नवाज, भुवनेश्वर प्रसाद यादव, राजू यादव, रविंद्र गुप्ता, सतीश सिंह, भुनेश्वर यादव, सहदेव यादव, धनेश्वर प्रसाद यादव, नसीम अंसारी, गोविंद यादव, रविंद्र पांडे, शिबू यादव, सरफुद्दीन अंसारी, शंभू सिंह, रामलाल यादव, उदय यादव, उपेंद्र यादव, तौकीर अहमद, श्रीकांत यादव, अणेश्वर सिंह, अमजद अंसारी, अफजाल अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## चलकुशा प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी गयी विदाई



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश भंडारी को बुके देकर लोगों ने विदाई दी गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश भंडारी ने लोगों से कहा की चलकुशा प्रखंड के लोगों ने मुझे बहुत प्यार और आदर दिया है मैं इसे नहीं भूल सकता हूं। अंचलाधिकारी शशिकांत सिंकर ने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी का स्वभाव बहुत अच्छा था ये लोगों के साथ बहुत अच्छे से पेश आते थे तथा लोगों के साथ सामंजस्य से बनाकर कार्य को पूरा करते थे। इस मौके पर चलकुशा प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष सह चलकुशा मुखिया आलोक सिंह, सूदन मुख्य प्रतिनिधि वासुदेव यादव, विक्रम सिंह, रूपेश कुमार, जुग्गू महतो, सुखदेव यादव, केदार यादव, अजय चौधरी के अलावे प्रखंड तथा अंचल के सारे कर्मचारी गण मौजूद थे।

# बड़कागांव में धूमधाम से की गयी गणेश पूजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बड़कागांव।** बड़कागांव में विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का धूमधाम से पूजा की गयी। बड़कागांव दैनिक बाजार बड़कागांव कुम्हार मोहल्ला बादाम के अलावा अन्य स्थानों पर मूर्ति स्थापित कर भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना की गयी।

इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा बड़कागांव दैनिक बाजार पंडाल का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उपस्थित समिति के द्वारा मुख्य संरक्षक अंबा प्रसाद संरक्षक बिंदेश्वर कुमार दांगी और अन्य उपस्थित अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया।

तत्पश्चाप विधायक ने भगवान श्री गणेश से क्षेत्र की जनता के लिए सुख शांति की कामना की। वहीं विधायक अंबा प्रसाद ने लोगों से कहा गणपति बप्पा के नाम लेकर ही किसी भी कार्य का शुभारंभ करना चाहिए यह विघ्नहर्ता देवता है। हम अपने जीवन में जो भी संकल्प और इच्छाएं रखे हैं उसे गणपति बप्पा अवश्य पूर्ण करेंगे। साथी ही गणेश पूजा को लेकर आयोजित सभी भक्तजन पहुंचकर सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनायेंगे। गणेश पूजा समिति के युवा बधाई के पात्र हैं जिन्होंने गणेश पूजा भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया है। मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संरक्षक समाजसेवी बिंदेश्वर प्रसाद दांगी, युवा नेता रोहित सिंह, गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष विक्की कुमार सोनी, सचिव स्वर्णकार गौतम वर्मा, कोषाध्यक्ष अंकित कुमार, उपाध्यक्ष ललन कुमार सोनी, उप सचिव भोला विश्वकर्मा, उप कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार मेहता, संचालक शुभम विश्वकर्मा, तारा वर्मा, राज विश्वकर्मा, रंजीत कुमार, महामंत्री प्रमोद सोनी, डेकोरेशन मंत्री गोपाल विश्वकर्मा, मनोरंजन मंत्री आर्यन मद्धेशिया, बंटी वर्मा, विजय कुमार सोनी, संगठन मंत्री आदित्य कुमार, आयुष कुमार, सावन कुमार, पूजन रोशन कुमार, करण कुशवाहा, पूजा प्रभारी विवेक कुमार मेहता, संयोजक अजय महतो, रोहन महतो, कुणाल चौरसिया, संदीप पंडित, विक्रम विश्वकर्मा, सदस्य आनंद कुमार, अनुज कुमार, पुजारी रमनेश मिश्रा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सफल प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**इचाक।** एलएम एजुकेशनल ट्रस्ट के अंतर्गत एल एम (प्राइवेट) आइटीआइ इचाक के संस्थान में विश्वनिमार्ता भगवान विश्कर्मा का पूजा तथा दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। पूजा सम्पन होने के उपरांत परिक्षा में उत्तीर्ण सत्र-2021-23 और 2022-24 प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्राचार्य दीपक कुमार पांडेय और अरुण कुमार राम द्वारा सर्टीफिकेट और प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मौके पर संस्थान के निदेशक लखन कुमार मेहता ने बताया कि संस्थान में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण के कारण यहां के बच्चे प्रत्येक साल अच्छे परिणामो से पास करते है। हम बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। छात्र छात्रा प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद आगे की पढ़ाई जारी रखे और समाज, अपने माता - पिता का और अपने गुरुजनों का नाम रोशन करे।

साथ ही साथ मेहता ने यह भी बताया कि एलएम एजुकेशनल ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एलएम नर्सिंग कॉलेज में भी नामांकन प्रारंभ हो गया है। एम.एम.आइ टी आइ संस्थान के टॉपर विभिन्न कोर्स में इलैक्ट्रिशन में प्रथम स्थान राकेश कुमार (95.5%), द्वितीय स्थान अनुज कुमार (94.33%), और तृतीय स्थान चंदन कुमार (89.51%)। फिटर में प्रथम स्थान सुमेश मरांडी (94%), द्वितीय स्थान अभय कुमार(93.17%), तृतीय स्थान विक्की कुमार(91%) और कोपा में प्रथम स्थान रवि कुमार मेहता (88%), द्वितीय स्थान इंदु कुमारी(86%), तृतीय स्थान मधु कुमारी (84%) ने संस्थान में क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मौके पर एलएम आइटीआइ के प्रिंसिपल दीपक कुमार पांडेय, कार्यप्रभारी अरुण कुमार राम, डॉ रंजन कुमार, डॉ नीलू कुमारी, डॉ अजय कुमार मेहता आदि उपस्थित थे।

## अखंड रामायण पाठ का समापन

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** भगवती डीह कल्याण क्लब के ततवाधान में अच्छी बारिश की कामना व हरितालिका तीज के शुभ अवसर पर भगवतीडीह शिव मंदिर परिसर में अखंड रामायण पाठ का समापन महा आरती के साथ सम्पन्न हुआ। वही तीज को लेकर महिलाओं ने रात भर रामायण पाठ किया और रात भर जागकर बितायी। अखंड रामायण पाठ को बरी बारी से पंडित प्रदीप पांडेय, पं तापेश्ववर पांडेय, पंडित सतीस पांडेय, पंडित नवीनकुमार पांडेय, पंडित कृष्ण देव पांडेय, पंडित केदार पांडेय, पण्डित, अधीन पांडेय, पंडित लव पांडेय पढ़ रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामकृष्ण पांडेय, रविन्द्र पांडेय, मनोज कुमार पांडेय, मंटु तिवारी, सन्तोष गिरी, दिलु यादव, बबली यादव, बीरबल सिंह, अरविंद यादव, प्रवीन पांडेय समेत समस्त भगवतीडीह कल्याण कल्ब के सदस्य लगे हुए थे।

# अब्दुस की हत्या का खुलासा, दो नाबालिग गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र के जलवाबाद निवासी अब्दुस समद उर्फ अलसमद (पिता मोहम्मद रिजवान) के अपहरण और फिर हत्या मामले का खुलासा कर लिया गया है। हत्या में शामिल दो नाबालिग को पकड़ा गया है। हांलाकि लोगों को यकीन नहीं हो रहा कि अब्दुस की हत्या उसके जानने वाले दो नाबालिग ने ही कर दी। इस बाबत कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने मंगलवार शाम को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि विगत 14 सितंबर की शाम से अब्दुस समद लापता था। इसको लेकर कोडरमा थाना में कांड संख्या 169/ 23 दर्ज कराया गया था। इसके बाद 17 सितंबर को अब्दुस समद का शव जलवाबाद मदीना मस्जिद के पीछे एक बंद पड़े मकान से बरामद किया गया था। इस जघंय मामले को लेकर एसआइटी टीम का गठन किया गया था। कोडरमा थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम में तकनीकी शाखा, कोडरमा को भी रखा गया। गठित एसआईटी टीम के द्वारा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फूटेज एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर दो नाबालिग बालक की संलिप्ता पायी गयी। पूछताछ में दोनों ने अपना दोष स्वीकार करते हुए कहा कि दोनों ने अब्दुस समद उर्फ अलसमद को उसके घर के पास से बुलाकर घर से पीछे करीब 150 मीटर दूरी पर बंद निर्माणाधीन मकान में ले जाकर रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दिया। शव को छुपाने के लिए उसी निर्माणाधीन मकान के कमरे में प्लास्टिक के तिरपाल से ढक दिया। कांड में संलिप्त दोनों नाबालिग को पकड़ा गया और इनके निशानदेही पर मृतक अब्दुस समद का दाहिना पैर का एक हवाई चप्पल और घटना में प्रयुक्त रस्सी बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि पूछताछ में दोनो नाबालिग ने मृतक अब्दुस के अभिभावक से पैसा मांगने और पूर्व में उनके चोरी की घटना में शामिल होने के मामला को उजागर करने को लेकर अंजाम दिया है।

**कौन कौन थे छापामारी दल में :** कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम, इकबाल हुसैन, कुंदन कुमार, अब्दुला खान, संजय शर्मा, ऋषिकेश सिन्हा, मुकेश कुमार, तकनीकी शाखा कोडरमा के टीम के सदस्य और सशस्त्र बल की भूमिका रही।

## ग्रामीणों ने जिप चेयरमैन से मिल सौंपा ज्ञापन, सड़क बनवाने की मांग की



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मदनपुर गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मदनपुर गांव से मंगुरा पथ तक पीसीसी सड़क बनवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने दिये गये ज्ञापन में कहा है की सभी ग्रामीणों के आने जाने का यही मुख्य रास्ता है जो काफी जर्जर और खराब हो चुका है। जिससे ग्रामीणों को करियातपुर, झूमरा, इचाक आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार ग्रामीणों ने अपने खर्च पर ही सड़क का मरम्मती करवाया है। यही पथ आवागमन के साथ छठ घाट और श्मशान घाट जाने का भी मुख्य रास्ता है। इस सड़क का निर्माण होने से सैकड़ों लोग लाभान्वित होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में सीता साव, अजय कुमार, दशरथ कुमार, जगन साव, मोती साव, इसराइल मियां, विकास कुमार साव, रंजीत कुमार, करण कुमार, अजय राम समेत कई शामिल हैं।

## गणेश पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण का आयोजन



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम पंचायत सूदन में गणेश पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इस भक्ति जागरण में एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत किया गया तथा कलाकारों ने अपने भक्ति संगीत के माध्यम से लोगों को रात भर झूमने पर मजबूर किया। गणेश पूजा यहां प्रतिवर्ष धूमधाम के साथ शांतिपूर्वक मनाया जाता है। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि वासुदेव यादव, महेंद्र राम, राजकिशोर मोदी, किशोरी पंडित, बालेश्वर मोदी, महेश राम, राजू राणा, अजीत राणा, ठकुरी पंडित, सहदेव पंडित, उमेश मोदी, सुनील पासवान, लाल धारी राम, खेदन पंडित, धानेश्वर पंडित, विनय कुमार इत्यादि लोग मौजूद थे।

## महाअधिवेशन की तैयारी को लेकर आजसू पार्टी की बैठक आज

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आगामी 29, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को रांची में आयोजित होने वाले आजसू पार्टी के महा अधिवेशन को सफल बनाने को लेकर बड़कागांव आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी की बैठक 20 सितंबर दिन बुधवार को सुबह 11:00 बजे आजसू पार्टी के गुरुचट्टी स्थित प्रखंड आवासीय कार्यालय में रखा गया है। उक्त बैठक मे आजसू पार्टी के प्रखंड कमेटी के सभी पदाधिकारी के साथ-साथ पंचायत कमेटी के पदाधिकारी और सभी पार्टी के सदस्यों को उपस्थित होने आग्रह किया गया है। उक्त आशय की जानकारी आजसू पार्टी के प्रखंड सचिव मनोज कुमार दांगी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

## जिप सदस्य के हाथों हुआ गणपति पूजा पंडाल का उद्घाटन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के देवकुली में गणपति पूजा पंडाल का उद्घाटन इचाक पूर्वी जिप सदस्य रेणु देवी ने फिता काटकर किया। रेणु देवी ने कहा कि गणपति पूजा पूरे प्रखंड में धूमधाम से किया जा रहा है यह बहुत खुशी की बात है। पहले लोग गणपति पूजा बड़े शहरों दिल्ली, मुंबई में किया करते थे। अब यहां के गांव देहात के लोग भी पूजा का महत्व को समझ रहे हैं और गणपति बप्पा का पूजा कर रहे हैं। पूजा पाठ करने से मन को शांति और क्षेत्र की उन्नति होती है। साथ ही क्षेत्र की उन्नति और विकास की कामना भी गणपति बप्पा से किया। आचार्य कृष्ण देव पांडे और पुरुषोत्तम पांडे के द्वारा पूजा अर्चना किया जा रहा है। मौके पर समाजसेवी अशोक कुमार मेहता, उमेश गिरी, कुलदीप प्रसाद कुशवाहा, मनोहर प्रसाद कुशवाहा, परमेश्वर रविदास, राकेश कुमार गुप्ता, विवेक केसरी, राहुल, संदीप, गणेश, राजकुमार प्रसाद कुशवाहा, मंगल सिंह, संतोष साहू, संदीप, आकाश, अमन सिंह, संटू, सुनील केसरी, राजन केसरी, आशीष राणा समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में गणपति पूजा की धूम



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में गणपति पूजा हो रही है। जिसमे यहां के ग्राम देवी मंडप के समीप गणपति मंदिर में गत वर्ष की भांति गणेश जी की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। जो पांच दिनों तक चलेगा। पूजा अर्चना में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। रात में बाल नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। मेला में झूला समेत कई तरह की दुकाने सजी है। पूजा व मेला को संपन्न कराने को लेकर पूजा कमिटी के सदस्य गंभीरता से जुटे हुए हैं। बाल नृत्य प्रतियोगिता का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष शंकर कुमार, उपाध्यक्ष बहादुर साव कसेरा, शेखर सुमन, सचिव नितीश कुमार, उपसचिव बिरजु कुमार, मीडिया प्रभारी नीरज कुमार बर्मन, मुखिया रामचंद्र यादव, पूनम कुमारी दास, चेडरा पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी, यशोदा देवी, संजय प्रसाद, बजरंगी प्रसाद कसेरा, अजय साव, उमेश भगत, राजेंद्र प्रसाद आजाद, बिनय कुमार दास, विनोद कसेरा, प्रो ओंकारनाथ शर्मा, अनूप कुमार, विजय कुमार, शुभम कुमार, रोहित कुमार, विक्रम कुमार, मंटू कुमार, संजय प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कपका स्थित सीबीएसइ पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी और अंग्रेजी का अलग-अलग हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी हस्तलेखन प्रतियोगिता जूनियर ग्रुप से प्रथम स्थान नीमंसा कुमारी, द्वितीय स्थान रोशन कुमार तथा तृतीय स्थान पर रंजना कुमारी ने प्राप्त की। सीनियर ग्रुप से प्रथम स्थान सूरज राणा, द्वितीय स्थान पर सुनीता कुमारी मंडल तथा तृतीय स्थान पर मनीषा कुमारी रही। अंग्रेजी हस्तलेखन प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप से प्रथम स्थान पर टिंकू कुमार, द्वितीय स्थान पवन कुमार तथा तृतीय स्थान पर कृष कुमार और आनंद कुमार ने रहा। सीनियर ग्रुप से प्रथम स्थान सूरज राणा, द्वितीय स्थान शिखा कुमारी तथा तृतीय स्थान पर मोहम्मद हसनैन अंसारी रहा। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संस्था के निर्देशक सत्येंद्र प्रसाद प्राचार्य दिनेश कुमार भारती और शिक्षकों द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया। संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने संबोधित करते हुए बच्चों को कहा की अच्छी अच्छी हैंडराइटिंग व्यक्ति का व्यक्तित्व का निखार आता हैं। अच्छी हैंडराइटिंग बनाने का सही समय कक्षा 1 से 5 तक होता है इसलिए सभी विद्यार्थियों को प्रत्येक दिन एक पेज अंग्रेजी और एक पेज हिंदी का राइटिंग अवश्य लिखना चाहिए।

## नमो फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** नमो फुटबॉल टूर्नामेट में पोटंगा बनाम सिंदवारी के बीच खेला गया। जिसकी उद्घाटन पूर्व मुखिया भीखन महतो के द्वार किक मार कर किया गया। खेल के दौरन कोषाध्क्ष भवानी प्रसाद, सचिव विजय यादव, मीडिया प्रभारी संजय राणा, व्यवस्थापक समिति के धनंजय प्रसाद धीरज,एंव रेफरी सह संरक्षण समिति के सदस्य श्री कांत निराला, घनश्याम जायसवाल, नितेश कुमार, बासुदेव प्रसाद, पनव कुमार, ननकू महतो, राजीव रंजन, पिंटू कुमार, कार्तिक प्रसाद, कुमुद कुमार, सुखदेव महतो, पंकज कुमार, अजीत प्रसाद के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## जदयू रामगढ़ जिला कमिटी की बैठक संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** जदयू रामगढ़ जिला कमिटी की बैठक नयामोड़, कुजू स्थित पार्टी जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ जिलाध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू व संचालन सुरेश प्रसाद महतो ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ जिला प्रभारी मिथिलेश सिंह के अलावे प्रदेश महासचिव राजू महतो व जगदीश महतो, मांडू विस प्रभारी दुष्यन्त पटेल, मो अख्तर हुसैन शामिल रहे। बैठक में जिला प्रभारी मिथिलेश सिंह ने मौजूद जिला पदाधिकारी को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन को मजबूती प्रदान करने समेत कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जदयू पार्टी संगठन की मजबूती के साथ झारखंड प्रदेश में होने वाले आगामी लोस व विस चुनाव में अपनी ऐतिहासिक जीत दर्ज कर परचम लहरायेगा। साथ ही, नेताओ व कार्यकर्ताओं को पार्टी के सिद्धांतों का जन-जन तक अवगत कराने की बात कही। वही, बैठक की अध्यक्षता कर रहे ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू ने भी जिला पदाधिकारियों के सहयोग से पूरे जिला भर में संगठन को मजबूती प्रदान किया जा रहा है और आगे भी पार्टी के सिद्धांतों के साथ सदस्यता अभियान तेज कर लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जदयू पार्टी आने वाले दिनों में आगामी चुनाव में शानदार जीत दर्ज कर झारखंड में अव्वल रहेगा। बैठक के दौरान पार्टी चले गांव की ओर नहीं बचेगा कोई और, जिला कमेटी को संगठनात्मक मजबूती प्रदान करने, आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तैयारी पर जोर देने समेत पार्टी का उद्देश्य जन जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। बैठक में मेघनाथ महतो, राजेश महतो, उमेश प्रसाद साव, मोइन अंसारी, मनोज राय, पवन करमाली, सफीक अंसारी, अकबर अंसारी, रामचरित्र राम, जयनंदन करमाली, राजा गुप्ता, अविनाश प्रसाद, मनोज महतो, सरफराज अंसारी, रामाकांत पटेल, पवन कुमार, दामोदर महतो शामिल रहे।

## बॉक्सिंग में पांचवीं बार स्टेट चैंपियन बनाने पर आकाश को पीओ ने किया सम्मानित



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विश्वकर्मा पूजा के पावन पर अवसर पर बलकुदरा माईंस में मंगलवार को भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। भंडारा का शुभारंभ भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक ने किया। इधर पटेलनगर भुरकुंडा निवासी सीसीएलकर्मी प्रभाष दास व परमजीत दास का पुत्र आकाश दास को बॉक्सिंग में पांचवी बार स्टेट चैंपियन बनने पर पीओ मनोज पाठक ने बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक ने आकाश की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। आकाश ने बोकारो सेमफोर्ड इंटरनेशनल एकाडमी मे 14-16 सितंबर तक होने वाले 16वां झारखंड स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशीप के 75-80 किलो के फाइनल मे ईस्ट सिंहभुम के हिमांशु सिंह को हराकर गोल्ड मेडल जीता। आकाश ने चैंपियनशीप के सेमीफाइनल में धनबाद के पुरू आर्यन और क्वार्टर फाइनल मे रांची के शशि शंकर को हराया। आकाश बॉक्सिंग चैंपियन में रामगढ़ जिला का प्रतिनिधित्व कर रहा था। गोल्ड मेडल जीतने पर उसे भुरकुंडा पीओ ने सम्मानित किया। आकाश को रामगढ़ जिला बॉक्सिंग के अध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी, सचिव शशि पांडेय और कोच नरेंद्र सिन्हा के द्वारा बॉक्सिंग में खेलने के लिए भेजा गया था। बलकुदरा के समस्त अधिकारियों और कर्मचाारियों ने आकाश को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालो में आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चैधरी, सतीश कुमार सिन्हा, आर वर्णवाल, बबलू कुमार, पंकज कुमार सिंह, अविनाश चंद्रा, अनुज कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, अंकुर विश्वनाथ, सतीश कुजूर, जॉन सिंह, अशोक कुमार गुप्ता, रमाकांत दुबे, संजय वर्मा, संजय मिश्रा, संजय यादव, संतोष यादव, पप्पू सिंह, अजीत सिन्हा, शैलेंद्र कुमार, अनिल पासवान, संजय सिंह, कंचन सिंह, शशि भूषण सिंह, शंभू सिंह आदि शामिल हैं।

## श्रम मित्र ने आत्महत्या करने की धमकी दी

**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बोड़ा मोड़ गांव निवासी और श्रमिक मित्र के रूप में कार्य कर रहे नरेश साव ने जिला श्रम अधीक्षक चतरा द्वारा प्रोत्साहन राशि और श्रमिक को मिलने वाला सहायता राशि नहीं मिलने से काफी परेशान है। अब वह आत्महत्या करने पर मजबूर है। इस संबंध में श्री साव ने बताया कि झारखंड सरकार कल्याण बोर्ड के द्वारा श्रमिक मित्र के रूप में चयन हुआ था। श्रमिक मित्र के माध्यम से प्रखंड में निर्माण श्रमिक निबंध एवं असंगठित श्रमिकों को पंजीयन करने और उसे सरकारी लाभ दिलाने का कार्य दिया गया था। इधर 2021-23 तक पांच हजार निर्माण श्रमिको का निबंधन तथा दस हजार असंगठित मजदूरों को निबंधन कराया गया है। 2021 से पूर्व तीन सौ लोगों को सिलाई मशीन एवं एक सौ लेबर को साइकिल वितरण किया गया था। इसके बाद 2021 से मजदूरों का सहायता बंद है। श्रमिक मजदूर को सहायता पहुंचाने के लिए श्रमिक मित्र को प्रति व्यक्ति बीस रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में मिलना था। परंतु निर्माण श्रमिक और असंगठित श्रमिक को सहायता नहीं मिलने के कारण श्रमिक मित्र को भी आज तक प्रोत्साहन राशि नहीं मिला है। जिसके कारण उसके समक्ष भुखमरी की स्थिति बनी हुई है। उसका कहना है कि फिलहाल 15 हजार श्रमिकों को सहायता राशि मिलता तो उसे भी लाभ होगा और प्रोत्साहन राशि भी मिलेगा। उसने आरोप लगाया है कि इस संबंध में श्रम अधीक्षक कार्यालय चतरा के रिंकू प्रसाद कंप्यूटर ऑपरेटर के द्वारा प्रताड़ित भी किया जा रहा है। इसकी शिकायत श्रम अधीक्षक अरविंद कुमार से भी की गयी इसके बावजूद भी न्याय नहीं मिला है। इस पर विचार नहीं हुआ तो श्रम अधीक्षक कार्यालय के समीप आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाऊंगा और इसका पूर्ण जिम्मेवारी जिला श्रम अधीक्षक और कंप्यूटर ऑपरेटर की होगी।

## उधारी पैसा मांगने पर मारपीट, घायल सदर अस्पताल में भर्ती

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कंदाबार गांव में उधारी पैसा मांगने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल व्यक्ति रामबालक साव है। लाठी और लोहे की रड से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। परिजनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद कमर और पैर में गंभीर चोट रहने के कारण चतरा सदर अस्पताल रेफर दिया गया। घायल राम बालक साव ने बताया कि वह बनियाडीह से अपने घर कांदाबार गांव लौट रहा था। इसी दौरान ओम गिरी के घर के नजदीक गांव के पवन सिंह खड़ा था। रामबालक साव ने पवन सिंह से अपना बकाया पैसा मांगने लगा। जिसपर पवन सिंह और विकास सिंह मिलकर उसके साथ मारपीट करने लगे। जिसमें रामबालक साव को गंभीर चोट आयी है। साथ ही मारपीट के दौरान आरोपियों ने पीड़ित का मोटरसाइकिल को भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोपियों के विरुद्ध थाना में आवेदन दिया गया हंटरगंज पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### खाकी की मौजूदगी में सरकारी भूमि के कब्जे के मामले में डीसी एक्शन मोड में

# विवादित जमीन पर पहुंचे एसडीओ और एसडीपीओ, मामले की जांच की

**गैरमजरुआ जमीन पर हो रहा था निर्माणः एसडीओ**

**दोनों अधिकारियों की मौजूदगी और भूमिका की कर रहे है जांचः एसडीपीओ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** अरगड्डा बिंझार रोड किनारे सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण को लेकर रामगढ़ डीसी चंदन कुमार काफी गंभीर है। उन्होंने मामले में जांच टीम गठन कर स्पष्ट जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। डीसी के एक्शन से विभाग और कारोबारियों में हड़कंप मच गया। डीसी ने कल ही मीडिया से स्पष्ट कहा था कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जिसके बाद ही जमीन और अधिकारियों की मौजूदगी की जांच पड़ताल करने का निर्देश दिया है।

**पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रहे हैं एसडीओ और एसडीपीओः** इधर मंगलवार डीसी के आदेश के बाद पूरे प्रकरण की जांच करने एसडीओ मो जावेद हुसैन विवादित स्थल पहुंचे। उनके साथ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, थाना प्रभारी रोहित कुमार महतो, सीओ मौजूद थे। जांच के क्रम में एसडीओ ने बताया कि यह जमीन गैरमजरुआ है। जो लोग इस स्थल पर काम कर रहे है। किस आधार पर काम कर रहे है। उसकी जांच की जायेगी। उन्होंने कहा कि पूरे मामले कि जांच कर एक रिपोर्ट डीसी को सौंपा जायेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जांच पड़ताल स्पष्ट और निष्पक्ष होगा।

**दोनों अधिकारियों की भूमिका की हो रही है जांचः एसडीपीओ**

इस दौरान एसडीपीओ किशोर कुमार ने एक सवाल के जवाब में बताया कि दो दारोगा की मौजूदगी और उनकी भूमिका की जांच पड़ताल की जा रही है। दोनों सिविल ड्रेस में थे। किसके आदेश पर दोनों अधिकारी पहुंचे थे। उसकी भी जांच की जा रही है। अगर मामले में दोषी पाये गये तो निश्चित तौर पर कार्यवाई की

# विधवा महिला ने तीन सरकारी कर्मियों पर दुष्कर्म करने का लगाया आरोप

**सदर थाना पुलिस ने तीनों नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

**विधवा को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया सदर अस्पताल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा ।** एक विधवा महिला ने सदर थाना में आवेदन देकर तीन सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगायी है। पीड़ित महिला ने सदर थाना में दिये गये आवेदन में कहा है कि योजना का लाभ देने के नाम पर मेरे साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। सदर थाना पुलिस ने पीड़िता के आवेदन के आधार पर 18 सितंबर 2023 को सदर थाना कांड संख्या 300/2023 धारा 415, 376 (2) (जी) आइपीसी के तहत मामला दर्ज कर तीनों नामजद आरोपी जिला परिषद कार्यालय के नाजिर मोहम्मद मेराज तथा जिला परिषद कार्यालय के लिपिक सौरभ कुमार और मयूरहंड प्रखंड कार्यालय के नाजिर निरंजन पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया तथा महिला को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया । सदर थाना में दिये गये आवेदन में पीड़ित विधवा ने कहा है कि जिला परिषद चतरा द्वारा सिमरिया बाजार में एक दुकान के आवंटन के लिए टेंडर निकाला गया था। इसकी जानकारी के लिए वह जिला परिषद कार्यालय, चतरा आयी थी। इसी सिलसिले में जिला परिषद, चतरा के नाजिर मो. मेराज और जिला परिषद लिपिक सौरभ कुमार से उसकी मुलाकात जिला परिषद कार्यालय में हुई। मुलाकात के दौरान इन लोगों ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। दिनांक 13-08-2023 को मो मेराज ने चतरा ब्लॉक के पास यह कहकर बुलाया कि आधार कार्ड जमा करो तो तुम्हें दुकान मिल जायेगी। जैसे ही वह चतरा ब्लॉक पहुंची, मेराज ने उसे बुलाया और एक कमरे में ले गया। उस समय मयूरहंड प्रखंड के नाजिर निरंजन पाडेय पहले से ही वहां मौजूद था। दोनों लोगों ने उसके साथ जबरदस्ती सामूहिक बलात्कार किया। इन लोगों ने उसे धमकी दी कि तुमने किसी को इसकी जानकारी दी तो तुम्हारी दुकान आवंटित नहीं होने देंगे। महिला ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि दूसरे दिन 14 अगस्त को जिला परिषद का सहायक सौरभ ने उसे अपने मोबाइल नंबर 9608707585 से ड्राफ्ट लेकर चतरा आने के लिए फोन किया। जब वह 14 अगस्त को चतरा पहुंची तो सौरभ कुमार और मो. मेराज ने मुझे ड्राफ्ट जमा करने के लिए डीसी कार्यालय के सामने जिला परिषद कार्यालय के परिसर में अवस्थित उत्सव पैलेश के पास बुलाया। वहां उन्होंने मुझे एक कमरे में बंद कर दिया और मेरे साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। जब मैंने विरोध करना चाहा तो उसने मुझे जान से मारने की धमकी दी। भय और लोक लज्जा के कारण उसने किसी को इस घटना के बारे में जानकारी नहीं दी। मो. मेराज, सौरभ कुमार एवं निरंजन कुमार पांडे ने अपने मो.नं. 7488055237, 9608707585, एवं 82354186 से उसे फोन किया और ये तीनों लोग धमकी देने लगे । विधवा महिला ने इन तीनों लोगों के विरुद्ध योजना दिलाने के नाम पर जबरन सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है । इसकी प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक चतरा, झारखंड राज्य महिला आयोग एवं राज्य मानवाधिकार आयोग झारखंड रांची को देने का भी जिक्र किया गया है।

### श्री दिगंबर जैन मंदिर में उत्तम क्षमा धर्म की हुई पूजा

# क्षमावान मनुष्य का कोई शत्रु नहीं होताः शास्त्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** दसलक्षण पर्व के पहले दिन मंगलवार को मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर और रांची रोड स्तिथ श्री पारसनाथ जिनालय में उत्तम क्षमा धर्म की पूजा अर्चना पुरे विधि विधान के साथ किया गया। सर्व प्रथम दोनों मंदिरों में दसलक्षण पर्व विधान का मांडला मांडा गया। मुख्य कलश और 4 अन्य कलश स्थापित किया गया। मांडला जी में अष्ठ धातु के आठ अष्ट मंडल स्थापित किया गया।

**प्रथम अभिषेक व शांतिधारा का इन्हें मिला सौभाग्यः** श्री दिगंबर जैन मंदिर में प्रथम जलाभिषेक अमराव देवी पाटनी, उत्तम पाटनी, नरेंद्र छाबड़ा, हीरामणि देवी चुड़ीवाल, विद्याप्रकाश पदम चंद छाबड़ा, अरुणा जैन, राजेश सेठी शांतिधारा अमराव देवी गंगवाल, देवेंद्र गंगवाल रांची रोड में बिमल कुमार सेठी को सौभाग्य मिला।

**मुख्य कलश सहित चार अन्य कलश स्थापना किया गयाः** मुख्य मंगल कलश की स्थापना रामगढ़ में मीना पाटनी रांची रोड में मिथलेश विनय जैन को मिला। जबकि, चार अन्य कलश की स्थापना उषा पाटनी, प्रिय पाटनी, नम्रता अहमेरा, मनीषा पाटनी ने किया रांची रोड में सुभाष पाटनी, बीरेंद्र गंगवाल, सुरेश सेठी, विनोद सेठी को मिला।

**अष्ट मंडल स्थापना का इन्हें मिला सौभाग्यः** अष्ट मंडल कलश स्थापना का रेखा पाटनी, सरिता छाबड़ा, उषा अजमेरा, बीना बागड़ा, ममता बागड़ा, प्रतिमा सेठी, बंटी पाटनी, नम्रता अजमेरा, दीप प्रज्वलन अरूणा जैन ने किया। जबकि महाआरती महेंद्र बागड़ा, बीना बागड़ा परिवार को सौभाग्य मिला। वही, पंच मेरु की स्थापना देवेंद्र गंगवाल, योगेश सेठी, राजेन्द्र चूड़ीवाल, राजेन्द्र पाटनी, ईशान पाटनी को मिला।

उत्तम क्षमा धर्म के बारे में पंडित दीपक शास्त्री ने बताया कि संसार में प्रत्येक मानव प्राणी के लिए क्षमा रूपी शास्त्र इतना आवश्यक है कि जिनके पास यह क्षमा नहीं होती वह मनुष्य संसार में अपने इष्ट कार्य की सिद्धि नहीं कर सकता है। उन्होंने बताया कि क्षमा यह आत्मा का धर्म है, इसलिए जो मानव अपना कल्याण चाहते हैं, उन्हें हमेशा इस भावना की रक्षा करनी चाहिए। क्षमा ही सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र रूप आत्मा का मुख्य सच्चा भंडार है। जैसे उत्तम क्षमा के होने से अनेक गुण प्रगट हो जाते हैं। मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने कहा कि बुधवार को उत्तम मार्दव धर्म की पूजा किया जायेगा। उक्त बातों की जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी राहुल जैन ने दी।

# रामगढ़ में गणेश उत्सव की धूम

**आजाद सिपाही संवाददाता**






**रामगढ़।** गणेश चतुर्थी को लेकर शहर से लेकर कोयलांचल तक गणपति बप्पा विराजे। सुबह 10 बजे भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना किया गया। पूजा अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। शहर के शिवाजी रोड स्थित किला मंदिर के निकट प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री श्री सार्वजनिक गणेश पूजा समिति के द्वारा पंडाल व मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। श्री श्री गणेश पूजा समिति बिजुलिया तालाब रोड में इसरो द्वारा भेजी गई चंद्रयान 3 का भव्य पंडाल व मूर्ति स्थापित की गई। जबकि नेहरू रोड स्थित महाकाल सेवा मंडली के तत्वावधान में भव्य पंडाल व मूर्ति की स्थापित किया गया। बाजार टांड़ स्थित रामगढ़ युवा संघ के द्वारा आकर्षक पंडाल व भव्य मूर्ति स्थापित की गयी। गोरियारीबाग में श्री श्री गणेश पूजा समिति न्यू स्टार क्लब के द्वारा भी पंडाल व मूर्ति स्थापित की गयी। वही, बुधवार पूजा पंडालों में भव्य भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

**पूजा समितियों ने किया स्थाई झांकी का आयोजन, उमड़ा भीड़ः** गणेश चतुर्थी को लेकर विभिन्न पूजा समितियां के द्वारा मंगलवार की देर शाम स्थाई झांकी का आयोजन किया गया। झांकी देखने को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी।

## कलश यात्रा के साथ दस दिवसीय गणेश महोत्सव शुरू



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी टंडवा के चुंदरु धाम परिसर में दस दिवसीय गणेश महोत्सव मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया। कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, विशिष्ट अतिथि जिप अध्यक्षा ममता देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, जेएमएम नेता मनोज चंद्रा, जिप सदस्या देवंति देवी चतरा, लोकसभा प्रत्याशी सत्येन श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक कुमार समेत कई शामिल हुये। वही हजारों श्रद्धालुओं ने कलश लेकर झांकी व बाजे-गाजे के साथ पूरा टंडवा क्षेत्र का नगर भ्रमण किया। ततपश्चात पुनः चुंदरु धाम पहुंचे, जहां यज्ञ मंडप में कलश स्थापित किया गया और महाप्रसाद वितरण व महोत्सव की शुभारंभ हेतु मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। ततपश्चात आयोजित कार्यक्रम में आये अतिथियों को पूजा समिति द्वारा अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। वही मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये महोत्सव पर विशेष बल दिया और कहा कि हम सभी मिल-जुल कर महोत्सव को ऐसा सफल बनायें की टंडवा ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड में यहां की नाम हो। इसी के साथ शुभकामनाएं दी। कलश यात्रा को सफल बनानें में पूजा समिति के तमाम पदाधिकारीगण व सदस्यों ने अहम भूमिका निभाया।

## पतरातू में पांच दिवसीय गणेश महोत्सव प्रारंभ



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू बाजार टांड़ में मंगलवार से पांच दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव प्रारंभ किया गया। इसके लिए पूजा पंडाल में आदि देव भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। पुरोहितों द्वारा पूजा अर्चना के दौरान वेद मंत्रों का सस्वर पाठ कर पतरातू के पूरे वातावरण को आध्यात्ममय बना दिया। इसके बाद आरती और प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर पतरातू सहित आसपास के कई गांव के ग्रामीणों द्वारा पूजा स्थल पर आकर भगवान गणेश का दर्शन और पूजन किया गया। इस अवसर पर पूरे पतरातू बाजार को फूल पत्तियां और विद्युत सज्जा से दुल्हन की तरह सजाया गया है। आयोजन को सफल बनाने में नरेश साव, झरी साव, बबलू कुमार, श्रवण कुमार, भोलू कुमार, अनिल कुमार, पवन कुमार, रेखा देवी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल में श्रद्धाभाव से मनी गणेश पूजा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** श्री गणेश पूजा महोत्सव को लेकर गणपति बप्पा मोरया...... देवा हो देवा गणपति देवा.. आदि भक्ति गीतों से भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास का ग्रामीण क्षेत्र गूंजता रहा। श्री गणेश पूजा महोत्सव कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्रों में मंगलवार को भगवान गणेश प्रतिमा स्थापना के साथ विधिवत पूजा-अर्चना का शुभारंभ हुआ। इधर रिभर साइड भुरकुंडा स्थित प्रवीण शर्मा के आवास पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित हुई। जहां पुरोहित पंडित निवेदन पांडेय द्वारा पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान गणेश की पूजा-अचर्ना करायी गयी। इसमें प्रवीण शर्मा, सुषमा शर्मा, ऋतु वशिष्ट, अंकित शर्मा, आशु, संगीता शर्मा, रिंकी अग्रवाल, धनंजय अग्रवाल, ददन कुमार, संजय रवि, राकेश शर्मा, भगवती देवी आदि श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर प्रवीण शर्मा ने बताया कि लगातार दस दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान चलेगा। साथ ही सुबह-शाम पूजन-आरती व भगवान गणेश को भाग चढ़ाया जायेगा। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को भव्य भंडारा का आयोजन होगा। वहीं 27 सितंबर को नम आंखों से भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा।

## बरकाकाना में तीनदिवसीय गणेश महोत्सव प्रारंभ



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** श्री श्री गणेश पूजा समिति नया नगर बरकाकाना के तत्वावधान में तीन दिवसीय गणेश महोत्सव की शुरूआत की गयी। समारोह में उपस्थित पंडित कृष्णा पाठक व राज किशोर पाठक ने संयुक्त रूप से मुख्य यजमान नमो नारायण यादव व मंजू देवी को विधि-विधान से पूजा अर्चना कर भगवान गणेश की प्रतिमा को स्थापित किया। गणेश उत्सव में विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माथा टेका। समारोह के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश को मोदक, लड्डू, सूजी हलवा समेत फल आदि का भोग लगाया गया। पूजा अर्चना के उपरांत सामुहिक आरती और श्रद्धालुओं के बीच भोग के प्रसाद का वितरण किया गया। कमिटी के पदाधिकारियों ने बताया तीनदिवसीय गणेश महोत्सव में प्रतिदिन सुबह दस बजे से पूजा, प्रसाद वितरण, संध्या सात बजे से सामूहिक आरती व भोग का वितरण किया जायेगा। मौके पर मनोज सैनी, सुदर्शन महतो, हरिरत्नम साहू, नागेन्द्र सोनी, सजित नायक, नीरज कुमार, विनोद सोनी, टुकु दास, अमित कुमार, आर्यन सोनी, रोहित झा, विशाल पासवान, रोहित सोना, सतीश सोना, सुमित सोना, रोहित मांगर, आकाश सिंह, मुन्ना, रवि कुमार, हिमांशु श्रीवास्तव, परसन नायक, मोहित, अतिश, विक्की, सुमित, उमेश महतो, अमन श्रीवास्तव, कुसुम वेदवंशी, दुर्गा रानी, जगेश्वर महतो, नीलू वेदवंशी, मधू श्रीवास्तव, निरंजनी देवी, सावित्री देवी, पूनम देवी, वर्षा कुमारी, पूजा कुमारी सहित सैकड़ों श्रदालु उपस्थित रहे।

## विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर भंडारा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विश्वकर्मा पूजा के पावन अवसर पर मंगलवार को बलकुदरा माईंस में भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। भंडारा का शुभारंभ भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। भंडारा में सैंकड़ों अधिकारी, कर्मचारी व आमजनो ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व रविवार को बलकुदरा माईंस के पूजा-पंडाल में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुराहित राजेश पांडेय द्वारा पूजा-अर्चना की गयी। पूजा में बतौर यजमान पप्पू सिंह शामिल हुए। मौके पर पीओ मनोज पाठक ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। पूजा-अनुष्ठान को सफल बनाने में विश्वकर्मा पूजा कमेटी के अध्यक्ष श्री बबलू कुमार, सचिव पप्पू सिंह, कोषाध्यक्ष एसएम राजकुमार, सहसचिव प्रभास दास, शैलेंद्र कुमार सिंह, अजीत कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिंह, मनोज कुमार राम, रविंद्र शाह, रामानुज प्रसाद, रामदेव महतो, ओम प्रकाश ओझा, अमरेंद्र कुमार सिंह, दयानंद प्रसाद केसरी, सुभाष तिवारी, सुरेंद्र मुंडा, बुधनी देवी, प्रदीप राम, सनीचरवा, गंगवा गंझु, अर्जुन, जयप्रकाश महतो, अमित पांडेय सहित दर्जनों अधिकारी व कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# महिला आरक्षण विधेयक

संसद का विशेष सत्र इस मायने में ऐतिहासिक हो या कि केंद्र सरकार ने इसमें महिला आरक्षण विधेयक लाने का फैसला किया है। सोमवार को सत्र शुरू होने पर कांग्रेस ने यह मांग उठायी कि सरकार इसी सत्र में महिला आरक्षण विधेयक लाकर संसद और विधानसभाओं में उनके लिए एक तिहाई आरक्षण की व्यवस्था लागू कराये। एक दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक में भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठा। न सिर्फ कांग्रेस और इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों ने बल्कि एनडीए से जुड़े बीजेडी और एनसीपी (अजित पवार गुट) जैसी पार्टियों ने भी इस मांग पर जोर दिया। मतलब यह कि अगर कोई अजूबा न हुआ तो यह महत्वपूर्ण विधेयक इस सत्र में आसानी से पारित होकर कानून का रूप ले लेगा ध्यान रहे, यह बिल पास कराने की पहली कोशिश 1996 में हुई थी। हालांकि इन तीन दशकों में न केवल समाज में महिलाओं की स्थिति बदली, बल्कि खुद राजनीति में भी व्यापक बदलाव आया है। यह बिल पास कराने की पहली कोशिश 1966 में हुई थी। उस समय इस विधेयक को जिस तरह का विरोध झेलना पड़ा था, वह अचंभित करने वाला था। सत्तारूढ़ दल और मुख्य विपक्षी दल इसके समर्थन में थे, इस लिहाज से विधेयक पारित होने में कोई बड़ी बाधा नहीं थी। लेकिन जो छोटे दल इसके विरोध में थे, उससे जुड़े सदस्यों ने जबर्दस्त हंगामा किया, यहां तक कि बिल की प्रतियां छीन कर फाड़ दी गयीं। उस स्थिति में विधेयक संसद में पेश ही नहीं किया जा सका। माना जा रहा था कि भले ही प्रमुख दलों के नेतृत्व ने औपचारिक तौर पर विधेयक के पक्ष में स्टैंड लिया था, लेकिन प्रायः सभी दलों के पुरुष सांसद अंदर ही अंदर इसके खिलाफ थे और विरोध कर रहे सांसदों को, परदे के पीछे से, इन सबका समर्थन हासिल था। यही मुख्य वजह रही कि करीब 27 साल से सभी प्रमुख दलों की सहमति के बावजूद यह विधेयक कानून नहीं बन सका। मगर पिछले करीब तीन दशकों के दौरान न केवल समाज में महिलाओं की स्थिति बदली, बल्कि खुद राजनीति में भी व्यापक बदलाव आया है। जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ी हैं, उन्होंने खुद को सशक्त बनाया है। यहां तक कि चुनाव में भागीदारी के मामले में भी उन्होंने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है। इस लिहाज से 209 लोकसभा जात को खास माना जा सकता है। इन चुनावों में पहली बार महिला चोट की संख्या पुरुष वोटरों से ज्यादा हो गयी। जाहिर है, राजनीति ज्यादा समय तक इन बदलावों की अनदेखी नहीं कर सकती। लेकिन यह बात भी ध्यान में रखने वाली है कि महिला सशक्तीकरण का सीधा संबंध विकास की रफ्तार से होता है और राजनीतिक भागीदारी एवं नीति निर्माण में प्रत्यक्ष भूमिका महिला सशक्तीकरण के सबसे प्रभावी उपाय हैं। ऐसे में इस बिल का करीब तीन दशकों तक लटके रहना न सिर्फ महिला हितों के लिए बल्कि विकास की गति के लिहाज से भी नुकसानदेह रहा। जाहिर है, देर बहुत हो गयी, लेकिन फिर भी यह पहल अच्छी है।

**पिछले करीब तीन दशकों के दौरान न केवल समाज में महिलाओं की स्थिति बदली, बल्कि खुद राजनीति में भी व्यापक बदलाव आया है। जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ी हैं, उन्होंने खुद को सशक्त बनाया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत की अध्यक्षता में जी-20 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अमृतकाल' के विजन से प्रेरित रहा, जहां अर्थव्यवस्था और समाज के सभी क्षेत्रों में 'नारी शक्ति' को सराहा जाता है। इस विजन के आधार पर भारत की जी-20 की अध्यक्षता ने पहली बार महिलाओं के विकास की जगह, अपना ध्यान 'महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास' पर केंद्रित किया।**

# जी-20 में महिलाओं को सशक्त बनाने पर सर्वसम्मति



**इंदीवर पांडे**

वैश्विक राजनीतिक एवं कूटनीतिक परिदृश्य में कुछक्षण ऐसे भी आते हैं, जो आशा और उन्नति की किरण साबित होते हैं। जी-20 नेताओं का वर्ष 2023 का नयी दिल्ली घोषणा पत्र भी ऐसी ही एक युगांतकारी घटना है, जो दुनिया भर में महिला-पुरुष समानता तथा लड़कियों और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति ऐतिहासिक प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 के नेताओं ने जी-20 महिला मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का समर्थन करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित एक कार्य समूह के गठन पर सहमति प्रकट की। यह उपलब्धि महिला-पुरुष समानता के महत्व को स्वीकार करने और वैश्विक स्तर पर महिला-पुरुष असमानताओं को दूर करने की तत्काल ध्यान देने योग्य आवश्यकता को गहन रूप से प्रतिध्वनित करती है।

भारत की अध्यक्षता में जी-20 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अमृतकाल' के विजन से प्रेरित रहा, जहां अर्थव्यवस्था और समाज के सभी क्षेत्रों में 'नारी शक्ति' को सराहा जाता है। इस विजन के आधार पर भारत की जी-20 की अध्यक्षता ने पहली बार महिलाओं के विकास की जगह, अपना ध्यान 'महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास' पर केंद्रित किया।

**देशों को अपनी बातों को सिद्ध करने की चुनौती देता है नयी दिल्ली घोषणा पत्र**

महिला - पुरुष समानता के पक्षधर दशकों से इस महत्वपूर्ण मुद्दे को वैश्विक एजेंडे में सबसे आगे लाने का प्रयास करते आये हैं। उनकी यह यात्रा लंबी और चुनौतीपूर्ण रही है और उन्हें इस रास्ते में अनेक अड़चनों का सामना करना पड़ा है। अपने 2023 के घोषणा पत्र में महिला-पुरुष समानता को केंद्रीय विषय के रूप में शामिल करने का जी-20 का सर्वसम्मत निर्णय दुनिया भर के नेताओं, सरकारों, सिविल सोसाइटी और हितधारकों के अथक प्रयासों और अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।




महिला एवं बाल विकास मंत्रालय दुनिया भर में महिलाओं के समक्ष आने वाले सबसे प्रासंगिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए जी-20 और अतिथि देशों तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों और वक्ताओं के अलावा महिला पथप्रदर्शकों, उद्यमियों, नवोन्मेशषियों, वैज्ञानिकों, जमीनी स्तर की महिला नेताओं तथा फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं, निजी क्षेत्र, सिविल सोसाइटी, शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों, रक्षा प्रतिष्ठानों और राज्य सरकारों को एक मंच पर लाया। मंत्रालय द्वारा निर्धारित चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें शिक्षाः महिला सशक्तिकरण के प्रति आमूल-चूल बदलाव लाने वालामार्ग, महिला उद्यमिताः इक्विटी और अर्थव्यवस्था के लिए लाभपूर्ण स्थिति, जमीनी स्तर सहित सभी स्तरों पर महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारियां करना तथा जलवायु अनुकूलन कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों में महिलाएं और लड़कियां-शामिल हैं। इन सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के लिए डिजिटल कौशल एक महत्वपूर्ण विषय रहा है। इन क्षेत्रों पर जी-20 एम्पॉवर पहल और डब्ल्यू -20 सहभागिता समूह द्वारा चर्चा और विचार-विमर्श किया गया। इन बैठकों के मुख्य निष्कर्षों ने महिला-पुरुष समानता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धताओं को प्रतिबिंबित किया, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के अध्यक्ष के वक्तव्य में अंगीकार किया और अंततः उसे जी-20 नेताओं के घोषणा पत्र में पुख्ता स्थान दिया।

यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों के साथ सर्वसम्मदति कायम करना और बातचीत करना कठिन कार्य रहा। विकासशील देशों की दृष्टि से महत्वपूर्ण मुद्दे प्रायः विकसित देशों के साथ समान रूप से प्रतिध्वनित नहीं होते।

प्रतिनिधियों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि जी-20 विमर्श में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और उद्यमिता के निष्कर्षों को जमीनी स्तर की महिला सामुदायिक नेताओं को शामिल किये बिना पूरा नहीं किया जा सकता। 'सर्वोत्तम कार्यप्रणाली प्लेबुक' (या बेस्ट प्रैक्टिसेज प्लेबुक) की विरासत में 'स्थानीय स्तर पर महिला उद्यमियों और नेताओं का समर्थन' नामक एक नया फोकस क्षेत्र जोड़ कर इसे समर्थन दिया गया।

इन सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के लिए डिजिटल कौशल एक महत्वपूर्ण विषय रहा। डिजिटल जेंडर डिवाइड को पाटने की प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता ने 2 से 4 अगस्त 2023 तक आयोजित एमसीडब्ल्यूइ के दौरान महिलाओं के डिजिटल कौशल पर ध्यान केंद्रित करते हुए अभूतपूर्व 'टेक इक्विटी' प्लेटफॉर्म के शुभारंभ में योगदान दिया। इसके अलावा, इसकी निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल कौशल मंच की पहुंच का विस्तार करने के वास्ते एमसीडब्ल्यूइ में जी-20 देशों के साथ साझेदारियां स्थाटपित की गयीं। यह प्लेटफॉर्म 120 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध है और जी-20 देशों की लड़कियां और महिलाएं अपने करियर में उन्नति के क्रम में तेजी लाने के लिए डिजिटल स्किलिंग और अपस्किलिंग पाठ्यक्रमों में अब अपना पंजीकरण करा सकती हैं। एक अन्य ठोस परिणाम मेंटरशिप प्लेटफॉर्म रहा। इसे एक वैश्विक नखलिस्तान माना जा सकता है, जहां जी-20 देशों की महिला परामर्शदाता अपने अनुभवों और विशेषज्ञता को प्रशिक्षुओं के साथ साझा करती हैं, ताकि समस्ती महिलाओं के सशक्तिकरण के सामूहिक विजन को साकार किया जा सके। प्रेरक कहानियां वास्तविक जीवन के उदाहरणों के जरिए सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हुए शक्तिशाली रोल मॉडल का काम करती हैं। पहली बार, भारत की अध्यक्षता मेंजी-20 एम्पॉवर वेबसाइट 9 देशों की 73 प्रेरक कहानियों के लिए एक ऐसा मंच बन गयी, जिसने जी-20 देशों में कामयाबी का परचम लहराने वाली महिलाओं की शानदार यात्राओं को वृत्त चित्रित किया।

भारत की जी-20 की अध्यक्षता ने स्वीकार किया कि नीतियों और रणनीतियों को सही मायने में प्रभावपूर्ण बनाने के लिए उनसे जुड़ी चर्चाओं में नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण है, जिसके चलते जी-20 विमर्श में 'जनभागीदारी' की भावना को सम्मिश्रित किया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने पहल और सहभागिता समूहों के माध्यम से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को रेखांकित करने वाले वॉकथॉन से लेकर फ्लैश मॉब तक के आयोजनों के माध्यम से 300,000 से अधिक नागरिकों को सफलतापूर्वक साथ जोड़ा। मंत्रालय ने स्थानीय महिला कारीगरों, शिल्पकारों और महिला उद्यमियों को अपने उत्पाद और कौशल प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करने के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रदर्शनियों का आयोजन किया, जिससे भारत की जी-20 की अध्यक्षता वास्तव में जनता का कार्यक्रम बन गयी।

जी-20 नेताओं का 2023 का नयी दिल्ली घोषणापत्र केवल आशा की किरण भर ही नहीं है, बल्कि कार्रवाई का आह्वान भी है। यह देशों को बयानबाजी से आगे बढ़ने और महिला-पुरुष समानता की दिशा में सार्थक कदम उठाने की चुनौती देता है।

**(लेखक : सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### जिले में डालसा ने 100 दिनों के लिए सघन जागरूकता अभियान की शुरुआत की

# कानून और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** नालसा नयी दिल्ली व झालसा रांची के निदेर्शानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिविल कोर्ट जमशेदपुर की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। मंगलवार को प्रभात फेरी निकाल कर लोगों में खास कर महिला, बच्चे व दिव्यांगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए जागरूक किया गया। विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 17 सितंबर से 25 दिसंबर तक चार फेज में लगातार 100 दिनों तक जिले में सघन जागरूकता व आउटरीच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में डालसा के लीगल कॉन्शील मेंबर,पीएलवी व अन्य न्यायकर्मी शामिल हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नीतीश निलेश सांगा ने बताया सौ दिनों तक चलाए जाने वाले इस जागरूकता अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाया जायेगा। निश्चित तिथि व समय पर प्रभात फेरी निकालकर लोगों को सरकार के जन कल्साणकारी योजनाओं की जानकारी व योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जायेगा। साथ ही लोगों को विधिक जानकारी भी उपलब्ध कराई जायेगी। सचिव सांगा ने कहा अभियान का शुभारंभ मंगलवार को प्रभातफेरी निकालकर की गयी। जो डालसा परिसर से प्रारंभ होकर एमजीएम हॉस्पिटल गोल चक्कर, साकची जेल चौक, भुइयांडीह होते हुए पुनः कोर्ट परिसर पहुंची। इस दौरान सड़क से गुजर रहे लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रभातफेरी में संजय कुमार, रवि मुर्मू, मनोज कुमार तिवारी, पीएलवी संजीत दास , जयंतो नदी, शिव शंकर महतो, निताई चंद्र गोराई, जोबा रानी बास्के, नंदा रजक, माधवी कुमारी समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता, पीएलवी व न्याय कर्मी शामिल हुए। प्रभात फेरी के बाद जमशेदपुर प्रखंड के करनडीह व समीपवर्ती गांव में डोर टू डोर अभियान चलाया गया।

जहा सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। मौके पर पीएलवी प्रकाश मिश्रा, संजय कुमार तिवारी, सुनील पांडे समेत अन्य शामिल रहे।




# सिदगोड़ा पुलिस ने दो अलग-अलग मामले का किया खुलासा, आठ गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर के सिदगोड़ा पुलिस ने दो अलग अलग अपराधी घटनाओं का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मंगलवार डीएसपी बीरेंद्र राम ने इसकी जानकारी दी। मौके पर डीएसपी ने बताया टाटा-मणिपाल कॉलेज में एसी की चोरी के मामले में पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चार चोर सहित तीन खरीददार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में बागुनहातु रोड नंबर 6 निवासी दिलीप कालिंदी, रोड नंबर 4 निवासी शिबु दास, अरुण कुमार, केशव कालिंदी, मनोज धल उर्फ मोना, विकास कर्मकार और विक्की सिंह शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के चार एसी बरामद कर लिया। एसी की कीमत लगभग 1.50 लाख बताया जारहा है। डीएसपी विरेंद्र राम ने बताया घटना बीते 27 जुलाई 2021 की है। टाटा-मणिपाल कॉलेज में दिलीप कालिंदी मजदूरी का काम करता था। काम करने के दौरान उसने एक गैंग तैयार किया। जिसमें शिबु दास, केशव कालिंदी व विक्की शामिल था। सभी ने मिलकर पांच एसी चोरी कर आठ हजार रुपये में बेच दिया। उन्होंने बताया तीन एसी अरुण कुमार को आठ हजार में बेचा था। जबकि एक मनोज धल को और एक विकास कर्मकार को बेच दिया। मनोज के पास से पुलिस ने एक जला एसी बरामद किय। विकास ने एसी खरीदा था उसे कबाड़ी को बेच दिया। वही डीएसपी ने बताया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी एग्रिको ग्वाला बस्ती के पास ब्राउन शुगर बेचा जा रहा है। पुलिस ने टीम बनाकर कार्रवाई करते हुए मचेंदर साहू को गिरफ्तार किया उनके पास से लगभग 10 हजार कीमत के ब्राउन शुगर बरामद किया गया। फिलहाल पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस अवसर पर सिदगोड़ा थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल रहे।



## कोल गुरु लाको बोदरा की जयंती पर सरकारी अवकाश घोषित करे राज्य सरकार : विकास सिंह



**जमशेदपुर।** मानगो के शंकोसाई में हो भाषा लिपिक के साहित्यकार कोल गुरु लाको बोदरा की 104 वीं जयंती मनायी। मंगलवार को स्थानीय युवकों ने शंकोसाईं रोड नंबर 4 में स्थित उनके आदमकद प्रतिमा स्थल की साफ सफाई कर फूल माला पहनकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर व धूपबत्ती दिखा कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर भाजपा नेता विकास सिंह ने कोल गुरु लाको बोदरा की आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। भाजपा नेता ने कहा कोल गुरु लाको बोदरा हो भाषा लिपिक के साहित्यकार थे। बिना संसाधन के उन्होंने हो भाषा लिपिक रचना लिखी।

# टाटा मोटर्स के कर्मचारियों ने यूनियन अध्यक्ष और महामंत्री का किया स्वागत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स कंपनी में बोनस समझौते के बाद कर्मचारियों ने यूनियन पदाधिकारी के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार को कैब कॉल फैक्ट्री व ईआरसी डिवीजन में टेल्को वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आर के सिंह व अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते का जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर प्रबंधन की ओर से मनीष वर्मा, विष्णु चंद्र दीक्षित, जीवराज संधू व कृष्णकांत मोदी शामिल रहे। यूनियन के पदाधिकारी के साथ प्रबंधन के सभी पदाधिकारी को फूलमाला के साथ शोल उड़ाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महामंत्री आर के सिंह ने स्वागत समारोह का जमकर सराहना की। उसके लिए उन्होंने आयोजक कर्ता सहित सभी कर्मचारियो को बधाई दी। महामंत्री सिंह ने कहा टाटा मोटर्स में बोनस समझौता मात्र राशि का समझौता नहीं होता। बल्कि कंपनी में स्थाईकरण भी एक बहुत महत्वपूर्ण विषय है। इस साल में 355 लोगों को स्थाईकरण की गयी। इस बात की कर्मचारी साथियों में भी बहुत खुशी है। सिंह ने कहा टाटा मोटर्स अस्पताल में बहुत जल्द एमआरआई की सुविधा कर्मचारियों को उपलब्ध होगी। समझौते के दौरान कोरोना काल में जो बंद हो चुकी थी उसे पुन आरंभ करने का मसौदा तैयार किया गया। जिसमें कर्मचारी को मिलने वाला मल्टी स्किल भी पुन आरंभ किया जायेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने कहा आने वाले समय में नए मसौदे के साथ कर्मचारी के बच्चों को फटीए में लेने का तैयारी चल रहा है। कई व्यावहारिक व मजदूर हित में निर्णय लिए गये है। मौके पर उन्होंने सभी कर्मचारियो को बधाई दी। इस अवसर पर टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा का जन्मदिन पर सभी कर्मचारियों के बीच केक काटकर खुशियां मनायी गयी। मंच संचालन एचएस सैनी व धन्यवाद ज्ञापन अभय कुमार ने किया।



## गणेश पूजा पंडाल का विधायक ने किया उद्घाटन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के जुगसलाई विधानसभा अन्तर्गत ट्रेफिक कॉलोनी बिना बॉयज क्लब ने आयोजित गणेश पूजा पंडाल व परसुडीह हलुदबनी सिद्धू कान्हु चौक स्थित न्यू 7 स्टार क्लब गणेश पूजा पंडाल का जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने फीता काटकर व दीप प्रजलित कर उद्घाटन किया। मंगलवार को उद्घाटन समारोह में विधायक ने पूजा अर्चना कर गणपति बाप्पा से सभी के लिए सुख, शांति, समृद्धि व सभी के परिवार में सफलता के लिए कामना की।

## वंदे भारत ट्रेन का परिचालन टाटानगर स्टेशन से होगा प्रारंभ : सांसद विद्युत

**आजाद सिपाही सवांददाता**

**जमशेदपुर।** वंदे भारत ट्रेन का परिचालन आगामी रविवार से टाटानगर स्टेशन से प्रारंभ होगा। यह जानकारी सांसद विद्युत बरण महतो ने दी। सांसद महतो ने बताया केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दूरभाष पर सूचना देते हुए कहा टाटानगर से हावड़ा स्टेशन के बीच यह ट्रेन चलेगी। संभवतः शुक्रवार को इसकी अधिकृत घोषणा की जाएगी। सांसद महतो ने इस सूचना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेलमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। सांसद महतो ने कहा वंदे भारत ट्रेन के लिए पूर्व में रेल मंत्री से आग्रह किये थे। जिस पर उन्होंने संज्ञान में लेते हुए इसे धरातल पर उतारने का कार्य किया।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज, मंत्री मिथिलेश होंगे मुख्य अतिथि



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला फुटबाल संघ के द्वारा आयोजित झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का बुधवार को रंका उच्च विद्यालय के मैदान में फाइनल मैच आयोजित किया जाएगा। यहां जमशेदपुर एवं गोड्डा के बीच फाइनल मुकाबला होगा। फाइनल मैच के अवसर पर समापन समारोह को लेकर आयोजन समिति के लोग दिन-रात लगे हुए हैं। समापन समारोह को भव्यता प्रदान करने के लिए बाहर से कई टीम पहुंची है, जो सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। इसमें छऊ नृत्य, जबलपुर का ताशा बैंड, कस्तूरबा गांधी स्कूल का बैंड का प्रदर्शन किया जाएगा। समापन समारोह में विभिन्न तरह के आतिशबाजी भी की जाएगी। मैच के सफल संचालन के लिए आयोजन समिति की टीम पहुंच चुकी है। इसके अलावा रेफरी की टीम भी वहां मौजूद रहेगी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के सचिव आलोक मिश्रा ने बताया कि समापन समारोह में दर्शकों की काफी भीड़ पहुंचेगी।

### मेराल में पतंजलि योग समिति का सात दिवसीय योग शिविर 4 अक्तूबर से



**मेराल (आजाद सिपाही)।** पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान न्यास मेराल की बैठक पतंजलि के सह राज्य प्रभारी रास बिहारी तिवारी, जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी की उपस्थिति में हुई। जिसमें आगामी 4 अक्टूबर से मेराल प्रखंड मुख्यालय में निशुल्क योग शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित समिति के संरक्षक डॉ अनिल साह द्वारा मेराल हाई स्कूल के पीछे अपने किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी में शिविर लगाने का प्रस्ताव दिया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। विचार विमर्श कर शिविर में नेचुरोपैथी विधि से जटिल व असाध्य रोगों का इलाज कराने पर चर्चा हुई। सह राज्य प्रभारी द्वारा बताया गया कि पतंजलि के बाहर से कुशल चिकित्सक को बुलाने तथा टूल्स किट एवं अन्य सामग्री के लिए न्यूनतम शुल्क देना पड़ेगा। इसके लिए लोगों को एक सप्ताह पूर्व न्यूनतम शुल्क देकर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, मुखिया राम सागर महतो, प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा, सह प्रभारी रविंद्र प्रसाद गुप्ता, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद, डॉ लाल मोहन, डॉ विजय कुमार यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### चिनिया प्रखंड में स्वास्थ्य मेला आयोजित



**चिनिया (आजाद सिपाही)।** चिनिया प्रखंड के आदिवासी आवासीय विद्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन बीडीओ कालिदास मुंडा, सीओ निशात अंजुम, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी, जिला पार्षद बनारसी सिंह, समाजसेवी फरीद खान, डॉ अशोक बखला, डॉ गोरखनाथ पांडेय व प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुधीर कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान बीडीओ-सीओ द्वारा लगाए गए सभी स्टॉल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी ने कहा कि बरसात के समय में लोग विभिन्न बीमारियों से ग्रसित रहते हैं उसी को देखते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेर्शानुसार प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य मेला में सभी प्रकार की जांच एवं दवाएं निशुल्क रखी गई हैं। वहीं सभी के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने का भी कार्य किया जा रहा है। मेला में 276 मरीजों की जांच की गई तथा आयुष्मान कार्ड बनाए गए। साथ ही साथ स्वास्थ्य मेला में सभी को निशुल्क दवाओं का भी वितरण किया गया और स्वास्थ से संबंधित सभी विभाग का स्टॉल लगाया गया है। इस शिविर में डॉ असजद अंसारी,डॉ महजबी, डॉ गोरखनाथ पांडेय, डॉ अशोक बाखला के द्वारा मरीजों की जांच की गई। इस मौके पर एमटीएस पंकज विश्वकर्मा, पीएमडब्ल्यू तरुण कुमार विश्वास, एमपीडब्ल्यू लाल मोहम्मद, बीटीटी अनूप कुमार, एलटी मीरा यादव, एएनएम फूलवंती देवी, उषा कुमारी, बीटीटी पिंकी कुमारी, फार्मासिस्ट वेंकटेश्वर नारायण, सीएचओ ज्योत्सना, परमिला कुजूर, अनिल ठाकुर अनिल राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**प्रदर्शन :** पूर्व विधायक के बयान के खिलाफ झामुमो महिला मोर्चा ने निकाला विरोध मार्च, कहा

# सत्येंद्र नाथ तिवारी महिलाओं को पैर की जूती समझना छोड़ दें

**सत्येंद्र तिवारी सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे, अन्यथा महिलाएं उनके आवास का घेराव और कैंडल मार्च निकालेंगी : रेखा चौबे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के एक बयान पर झामुमो महिलाओं का गुस्सा भड़क उठा है। उनके बयान को झामुमो महिला मोर्चा कमेटी की महिलाओं ने महिला विरोधी एवं महिला पर अभद्र टिप्पणी बताते हुए आंदोलन की शुरुआत कर दी है। महिला शक्ति के बैनर तले मंगलवार को काफी संख्या में आक्रोशित महिलाओं ने विरोध मार्च निकाला। इस दौरान पूर्व विधायक के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई। साथ ही महिलाओं ने पूर्व विधायक श्री तिवारी की तस्वीर पर कालिख पोतकर आक्रोश जताया। झामुमो महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रेखा चौबे के नेतृत्व में आयोजित विरोध मार्च टाउन हॉल के मैदान से शुरू होकर चिनियां मोड़, रंका मोड़, मेन रोड होते हुए मझिआंव मोड़ पहुंचा। वहां से पुनः रंका मोड़ पहुंचकर जुलूस सभा में तब्दील हो गई। यहां आक्रोशित महिलाओं ने पूर्व विधायक श्री तिवारी की तस्वीर पर चप्पलों की माला पहनाते हुए कालिख पोती।

वक्ताओं ने कहा कि पूर्व विधायक महिलाओं को पैर की जूती समझना छोड़ दें। इस तरह का अभद्र टिप्पणी एवं महिलाओं का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

रेखा चौबे ने कहा कि महिला शक्ति जाग गई है। श्री तिवारी को यह बताना होगा कि वह महिला कौन है जिसके बारे में उन्होंने आपत्तिजनक बयान दिया है। वे 24 घंटे के अंदर नाम बताएं या सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे। अन्यथा महिलाएं उनके आवास का घेराव करेंगी, कैंडल मार्च निकालेंगी, इसकी शिकायत महिला आयोग में भी की जाएगी। इसके बाद आंदोलन और उग्र होगा। यह अपमान सिर्फ गढ़वा की महिलाओं का नहीं पूरे राज्य एवं पूरे देश की महिलाओं एवं समस्त नारी जाति का अपमान है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

झामुमो नेत्री सह मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला ने कहा कि सत्येंद्र तिवारी ने किसी महिला का नाम लिए बगैर अभद्र टिप्पणी की है। इसका मतलब है कि उन्होंने समस्त महिला जाति को गाली दी है। महिला का अपमान पूरे सृष्टि का अपमान है। इसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। आने वाले चुनाव में सभी महिलाएं मिलकर उन्हें इतनी दूर फेंक देंगे कि उन्हें गढ़वा-पलामू का नाम याद भी नहीं रहेगा।

मौके पर मुख्य रूप से चंदा देवी, अराधना सिंह, सोनी देवी, रेखा पाठक, अमोला देवी, राखी विश्वकर्मा, संगीता देवी, किरण देवी, उर्मिला देवी, पार्वती देवी, सुषमा देवी, रजनीगंधा, चंद्रवती देवी, मंजू देवी, ममता देवी, चांदनी देवी, शांति देवी, निर्मला देवी, वंदना देवी, वृंदा देवी, फातमा, सुचिता, उर्मिला, फेकनी कुंवर सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।




**आक्रोश मार्च के दौरान अस्त-व्यस्त हुआ गढ़वा**

महिला शक्ति के बैनर तले आयोजित झामुमो महिला मोर्चा के आक्रोश मार्च के दौरान पूरा शहर अस्त-व्यस्त हो गया। आक्रोश मार्च जुलूस में महिलाओं की अत्यधिक भीड़ थी। इस कारण चिनियां मोड़ से मंझिआव मोड़ तक पूरे शहर में जाम लगा रहा। इस दौरान शहर के लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## जायंट्स सेवा सप्ताह के तहत जायंट्स ग्रुप गढ़वा ने ज्ञान निकेतन स्कूल में हृदय जांच शिविर का किया आयोजन

**शिविर में नारायण हॉस्पिटल गुड़गांव के प्रसिद्ध सर्जन डॉ विकास केसरी ने हृदय रोगियों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जायन्ट्स सेवा सप्ताह के अंतर्गत जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के द्वारा स्थानीय ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में एक हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में नारायण हॉस्पिटल गुड़गांव के प्रसिद्ध सर्जन डॉ विकास केसरी ने हृदय रोगियों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी। उन्होंने कहा कि जायन्ट्स के द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को यदि रेफर किया जाता है तो और यदि हृदय रोगी की उम्र 20 साल से कम होगी तो उसका इलाज में काफी छूट दिलाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप आफ गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के पूर्व स्पेशल कमेटी सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलख नाथ पांडे, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं एमपी केसरी, फेडरेशन 8 के सचिव नंद कुमार गुप्ता, जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के निवर्तमान अध्यक्ष ध्रुव केसरी, जायन्ट्स गढ़वा के वित्त निदेशक अशोक केसरी एवं इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन दीपक केसरी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## रंका सलेया में मां दुर्गा मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर

**इस वर्ष नवनिर्मित मंदिर में दुर्गा पूजा समारोह मनाया जाएगा : अध्यक्ष**



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित सलेया गाँव में मां जगदंबे दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधान में मां दुर्गा मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके संबंध में पूजा कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि यह मंदिर दुर्गा पूजा से पहले बन कर तैयार हो जाएगा और इस वर्ष नवनिर्मित मंदिर में ही दुर्गा पूजा समारोह मनाया जाएगा। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य जोर-शोर से कराया जा रहा है। जिसमें कमेटी के सोनू कुमार तिवारी, राकेश कुमार चंद्रवंशी, रवि कुमार चंद्रवंशी उर्फ चप्पू, संतोष कुमार चंद्रवंशी, गुल्लू कुमार, लालू गुप्ता, मुकेश मिश्रा, नवीन कुमार चंद्रवंशी, मनोज शौंडीक, कृष्णा साव, मनोरंजन कुमार चंद्रवंशी, मणि मिश्रा, नवनीत कुमार, हेमंत दूबे सहित अन्य श्रद्धालुओं के द्वारा प्रतिदिन लगातार योगदान किया जा रहा है।

**कार्यक्रम :** भाजयुमो ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल में लगाया महारक्तदान शिविर

# युवाओं ने रक्तदान कर जरूरतमंद लोगों की मदद करने का लिया संकल्प

**सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान पौधरोपण, आयुष्मान भारत कार्ड बनाने जैसे अनेकों सेवा कार्य किये जाएंगे : रितेश चौबे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में सदर अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में महारक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि रक्तदान के क्षेत्र में युवाओं को आगे आना होगा ताकि जरुरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सके। राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान महारक्तदान शिविर में युवाओं ने रक्तदान कर जरूरतमंद लोगों की मदद करने का संकल्प लिया। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान वृक्षारोपण आयुष्मान भारत कार्ड बनाने जैसे अनेकों सेवा कार्य किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर देशवासियों की दिन-रात सेवा कर रहे हैं। 25 सितम्बर को जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष की जयंती पर सेवा कार्य किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन गांधी जयंती पर किया जाएगा।

महारक्तदान शिविर में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे, सोशल मीडिया प्रभारी बृजेन्द्र पाठक, भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी, एससी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र पासवान, गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, मेराल दक्षिणी मंडल अध्यक्ष ज्ञान रंजन चौबे, संजय तिवारी, लाल बिहारी यादव, अंजनी ठाकुर, हरेंद्र तिवारी, रविन्द्र यादव, रक्तवीर विवेक तिवारी, ओमप्रकाश पासवान, प्रिंस तिवारी, मनोज ठाकुर, निखिल उपाध्याय, रविन्द्र साव, मंजीत कुमार, अवधेश पाल, आलोक साह, अभिषेक कौशल, विश्वामित्र मेहता सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### आर्म्स एक्ट का 13 वर्षों से फरार वारंटी गिरफ्तार

**मेराल (आजाद सिपाही)।** मेराल पुलिस ने आर्म्स एक्ट तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के 13 वर्षों से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आर्म्स एक्ट तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के फरार आरोपी सुदेश्वर भुइंया (50) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मेराल थाना क्षेत्र के कमरमां गांव निवासी सुदेश्वर भुइयां, पिता स्व. जंगाली भुइयां के खिलाफ 2012 में आर्म्स एक्ट तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ था। सुदेश्वर विगत 13 वर्षों से फरार चल रहा था।

### सीएसपी दुकान से 76 हजार रुपये चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना अंतर्गत मुख्य बाजार चेकनाका स्थित अंकुश गुप्ता के सीएसपी दुकान से 18 सितंबर को अज्ञात बाईक चालक के द्वारा दुकान में घुस कर 76 हजार रुपये चोरी कर लेने की सूचना मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त प्रणव शुक्ला, पिता स्व. शशि शुक्ला, ग्राम हुरका, थाना भवनाथपुर को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से 55 हजार रुपये नगद, मोबाईल एवं चोरी में प्रयुक्त की गयी बाईक बरामद कर अभियुक्त को रंका पुलिस ने गढ़वा नयायिक हिरासत में भेज दिया है। उक्त जानकारी रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने दी।

### धुरकी पुलिस ने फरार तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी पुलिस ने विभिन्न कांडों में फरार चल रहे तीन वारंटी अभियुक्तों को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि साबिर अंसारी व कलाम अंसारी पिता मोहमोद्दीन अंसारी, ग्राम सोनडिहा, थाना धुरकी कांड संख्या जीआर नं. 882/20 तथा आर्म्स एक्ट के वारंटी कमलेश यादव पिता रघुबीर यादव, ग्राम टाटीदीरी, थाना धुरकी, कांड संख्या जीआर नं. 669/17 धारा 25 (1-बी)/26/35 के नाम शामिल हैं। ये तीनों वारंटी कई दिनों से फरार चल रहे थे।

## एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम की बैठक में डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के उपाय पर की गयी चर्चा

**उपायुक्त ने चिकनगुनिया और डेंगू से बचाव व रोकथाम के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। डेंगू और चिकनगुनिया जैसे बीमारियों के प्रकोप से बचाव और रोकथाम तथा इसके कारक-संक्रमित मादा एडीस मच्छर के नहीं पनपने तथा इसे नष्ट करने संबंधी विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु समाहरणालय के सभाकक्ष में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम का बैठक की गयी। उक्त बैठक में मुख्यतः डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव तथा रोकथाम के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। एपिडेमियोलॉजिस्ट संतोष कुमार मिश्रा द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से उक्त बीमारियों के रोकथाम व बचाव हेतु क्या करें, क्या ना करें जैसे विभिन्न उपाय बताये गये। उन्होंने बताया कि डेंगू/चिकनगुनिया संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से होता है। बताया गया कि डेंगू चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं, इसीलिए पानी के बर्तन, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखें। घर के आसपास साफ सफाई रखें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय ही काटते हैं इसीलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। डेंगू और चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है, यदि डेंगू या चिकनगुनिया के लक्षण दिखाई दे तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। मच्छरों से बचाव के लिए घर के खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवाएं। डेंगू एवं चिकनगुनिया बीमारी के मुख्य लक्षण के रूप में बताया गया कि अचानक तेज बुखार आना, पहचान खोना, तेज सिर दर्द, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द, छाती और हाथों में खसरा जैसे चकते/दाने निकल आना, मसूड़े से खून आना, भोजन में अरुचि एवं भूख न लगना आदि डेंगू एवं चिकनगुनिया के लक्षण हैं। उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा चिकनगुनिया एवं डेंगू से बचाव व रोकथाम के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपस्थित कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा को फॉगिंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ० अवधेश सिंह, डीआरडीए डायरेक्टर दिनेश प्रसाद सुरीन, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सुशील कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल प्रदीप कुमार सिंह, जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे समेत अन्य पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

### महिला आरक्षण बिल महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने में मदद करेगा: मंजुल शुक्ल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नीलाम्बर-पिताम्बर विश्वविद्यालय संयोजक मंजुल शुक्ल ने लोकसभा में पेश नारी शक्ति वंदन अधिनियम का स्वागत करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा महिलाओं को आरक्षण प्रदान करने वाली बिल 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को कैबिनेट में पारित करना और फिर लोकसभा में पेश करना सराहनीय कदम है। लगभग तीन दशक से कई सरकारों द्वारा इस बिल को पास कराने का प्रयत्न किया गया लेकिन राजनीतिक कारणवश यह बिल पास नहीं हो सका। वर्तमान सरकार द्वारा महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिए की गयी पहल ऐतिहासिक है। इससे पंचायत से संसद तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और देश के नवनिर्माण में एक जनप्रतिनिधि के रूप में वे भी अपना बहुमूल्य योगदान दे सकेंगी। महिला आरक्षण बिल महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने में मदद करेगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने से महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा मिलेगा। जमीनी स्तर पर लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होंगी। पंचायत एवं स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए किए गए 33 प्रतिशत (कई स्थानों पर 50 प्रतिशत तक) आरक्षण के परिणाम बताते हैं कि महिलाओं ने ग्राम पंचायत से लेकर जिला और प्रखंड स्तर पर आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक सभी क्षेत्रों में उत्थान के लिए प्रभावी काम किया है। समावेशी लोकतंत्र में राजनैतिक सत्ता किसी भी तरह के भेदभाव को मिटाने का सबसे प्रभावी हथियार है। संसद और राजनीतिक दल पुरुष सत्ता का केंद्र नहीं रहेंगे। लिंग-जाति के आधार पर होने वाले भेदभाव घटेंगे। नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल अमल में आया, तो महिला सशक्तीकरण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। ऐसे में सरकार सहित सभी राजनीतिक दलों को चाहिए कि इस विधेयक को संसद से पारित कराकर महिलाओं के पक्ष में एक सकारात्मक संदेश भेजे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को सम्मान देने का कार्य किया है : ममता कश्यप



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष ममता कश्यप ने महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पेश होने पर केंद्र की भाजपा सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण बिल लाकर महिलाओं को सम्मान देने का कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा गढ़वा की ओर से बहुत-बहुत बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के द्वारा हर समय महिलाओं को सम्मान देने का कार्य किया जाता रहा है।

### भवनाथपुर थाना में युवती के साथ छेड़छाड़ के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के घाघरा निवासी 20 वर्षीय युवती ने सिंदुरिया निवासी वशिष्ठ पासवान, पिता लक्ष्मण पासवान जो फिलहाल घाघरा डैम के पास रहता है, के विरुद्ध छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में शिकायत की है। प्राप्त आवेदन के आलोक में भवनाथपुर थाना पुलिस उक्त मामले की प्राथमिकी दर्ज करते हुए अनुसंधान में जुट गई है। स्थानीय थाना को दिए आवेदन में पीड़िता ने बताया कि बीते 14 सितंबर की शाम 6 बजे के करीब अपने पिता और अपनी सहेली के साथ चुवाड़ी पर कपड़ा धोने गई थी। वापस आने के दौरान रास्ते में वशिष्ठ पासवान, पिता लक्ष्मण पासवान, ग्राम सिंदुरिया जो वर्तमान में घाघरा रहता है, के द्वारा मेरे साथ छेडछाड़ की गयी। वह चिलबिल पेड़ के नजदीक जबरदस्ती हाथ पकड़कर पास के जंगल में ले जाने लगा। विरोध करने पर गाली गलौज एवं मारपीट की तथा धमकी दी कि कहीं जाओगी तो समझ लेना जान से मारकर फेंक देंगे। इससे मैं और मेरा परिवार दहशत में है। वह पूर्व में भी कई बार मेरे साथ गलत हरकत कर चुका है। इस संबंध में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि उक्त मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए सभी एंगल से मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

### बालू के अवैध कारोबार के विरुद्ध पुलिस, खनन विभाग की संयुक्त कार्रवाई

# छह आरोपी गिरफ्तार, दो हाइवा ट्रक और एक स्कॉर्पियो जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बालू के अवैध खनन और परिवहन कार्य में लगे अवैध बालू लोडेड दो हाइवा, रेकी में लगा एक स्कॉर्पियो को जब्त कर छ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद, डीएमओ राजाराम प्रसाद और सेन्हा थानेदार अभिनव कुमार द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त कार्रवाई में सफलता मिली।

डीएमओ राजाराम प्रसाद ने सेन्हा थाना में इस संदर्भ में प्राथमिकी दर्ज किया है। पुलिस ने फौरी कार्रवाई करते हुए सभी 6 आरोपियों को जेल भेज दिया। घटना मंगलवार की है। मेरी जानकारी के अनुसार सोमवार के मध्य रात्रि सी थाना क्षेत्र में पुलिस गश्ती कर रही थी अधिकारियों को बालू लोडेड हाईवे आने की सूचना मिली इस पर डीएसपी परमेश्वर प्रसाद डीएमओ राजाराम प्रसाद और थानेदार अभिनय कुमार ने छापामारी कर अवैध बालू लोडेड दो हाइवा नंबर जेएच07जी 8523 और जेएच 07 जी7208 को चालक समेत हिरासत में ले लिया। इस दौरान हाइवा ट्रक के आगे पीछे रेकी कर रहे बालू माफियाओं को भी पुलिस ने खदेड कर गिरफ्त में ले लिया। बताया गया कि मामले पर डीएमओ ने खनन अधिनियम के उल्लंघन को लेकर नामजद प्राथमिकी सेन्हा थाना में दर्ज कराया।



#### गिरफ्तार आरोपियों की पहचान

बालू के अवैध कारोबार में लगे गिरफ्तार आरोपियों के रूप में हाईवे चालक कतरी निवासी एविवल खान का पुत्र अफसर खान (28), किस्को पतगच्छा निवासी स्व हीरू महतो का पुत्र भूलन महतो (27), स्कॉर्पियो वाहन मालिक सह चालक श्यामलाल प्रसाद का पुत्र मनीष कुमार लाल (35) डुमरडीह निवासी अनिल उरांव का पुत्र विकास कुमार (35), ईटा गांव निवासी बुधु उरांव का पुत्र परनु उरांव (30) और बालमोहन बढ़ाइक के रूप में पहचान की गयी है।

#### बालू के अवैध कारोबार के प्रति स्थानीय प्रशासन गंभीर : परमेश्वर प्रसाद

इस संदर्भ में डीएसपी परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि, गुप्त सूचना के आधार पर सेन्हा थाना क्षेत्र में बालू के अवैध कारोबार को लेकर छापामारी किया गया। इसमें दो हाईवा, एक स्कॉर्पियो समेत छ आरोपियों को गिरफ्त में लेकर पुलिस कार्रवाई कर रही है। डीएसपी ने कहा बालू के अवैध खनन और परिवहन पर पूर्णता रोक लगाने को लेकर स्थानीय पुलिस व प्रशासन गंभीर है। बालू माफिया किसी हाल पर बक्से नहीं जायेंगे।

#### बालू माफियाओं के विरुद्ध मामला दर्ज : डीएमओ

जिला खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में पर्यावरण व नदियों का संरक्षण को लेकर एनजीटी लागू किया गया है इस दौरान नदी घाट से बालू के खनन व परिवहन पर पूर्णत प्रतिबंध है कहा सी थाना क्षेत्र में पुलिस का खनन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अवैध बालू लोडेड तीन वाहनों समेत 6 आरोपियों को पकड़ा गया है सेन्हा थाना में मामला दर्ज आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## हमारी संस्कृति, सभ्यता ही आदिवासियों की पहचान हैः मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो।** कैरो प्रखंड में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार द्वारा कैरो प्रखंड मुख्यालय में ग्रामीणों के बीच मांदर वाद्ययंत्र का वितरण किया गया। वित्त मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मांदर हमारे आदिवासी का प्राचीन और अत्यंत लोकप्रिय वाद्य यंत्र है यह हमारे संस्कृति सभ्यता की पहचान है और हमारे ग्रामीण आदिवासी बहुल क्षेत्र में समूह गायन में, लयात्मक संगीत के लिए, नृत्य के लिए इसका उपयोग मुख्य तौर पर किया जाता है इसके बिना त्योहार, अखाड़ा, गायन, वादन, नर्तन, झांकी, नाटक, का सौंदर्य अधूरा होता है इसलिए हमारे आदिवासी धार्मिक, सांस्कृतिक, को बचाये रखने के लिए विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में मांदर और नगाड़े का वितरण मेरे द्वारा किया जा रहा है जिससे हमारा पारंपरिक प्रकृति पर्व कर्मा पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सके, इस वर्ष पूरा लोहरदगा जिला करमा पर्व का शुभ अवसर पर मांदर की थाप पर संगीतमय होगा। कर्मा पूर्व संध्या भी सभी लोग हर्षोल्लास के साथ मना सकेंगे। हमारे जिले में हमारे पारंपरिक स्थल अखड़ा की कमी थी। जिससे देखते हुए मेरे विधायक मद से युद्ध स्तर पर अखड़ा का निर्माण किया जा रहा है और जिले के लगभग सभी ग्रामों में अखड़ा का निर्माण किया जा चुका है और वर्तमान में जिले के 62 अखाड़ा में सोलर लाइट लगाने का काम किया जा रहा है, मैं आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हूं, और आगे भी समर्पित रहूंगा। हमे अपने हक अधिकार सभ्यता संस्कृति की सुरक्षा और संरक्षण के लिए जागरूक होना चाहिए, हमारी गठबंधन सरकार वर्तमान में राज्य के चहोमुखी विकास के लिए तत्पर है, सभी वर्गों के सामाजिक विकास के साथ-साथ आधारभूत संरचना का भी विकास जिले एवं राज्य में तेजी से किया जा रहा है मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अंसारी प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय शहदेव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अनिस अहमद, खान बुधवा उरांव, डोमना उरांव, सुशील उरांव, विशाल डुंग डुंग, संभू प्रजापति, शरत कुमार विद्यार्थी, इंतेखाब आलम, नजीब, तिला, चंपा, सुकरा, झरियो, आदि उपस्थित थे।

### बच्चों के अधिकार को सुनिश्चित करना है जरूरी : मनोरमा एक्का



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत कैथोलिक मिडिल स्कूल कैमो, पतराटोली में होप और माई चोइसेस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित गांव कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा किशोर किशोरियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने हेतु, गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन, ड्रॉपआउट, बच्चों को स्कूलों से जोड़ना, सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श, मानव दुर्व्यवहार आदि से बचाना और समझ विकसित करना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे ओआरए टीम से अरविंद वर्मा, मनोरमा एक्का, स्कूल के शिक्षिका अंजना तिर्की,कुलदीप मिंज, पूनम भेंगरा और लगभग 200 से 250 बच्चों ने भाग लिया।

### सड़क दुर्घटना में दो बच्चों की हुई मौत

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना के सेरेंगहातु में घर के समीप खड़े दो बच्चो को तेज रफ्तार वाहन ने धक्का मार दिया। जिससे दोनों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु ढोड़हा के समीप परमेश्वर साहु का 14 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार साहू अपना 6 वर्षीय भगिना के साथ घर के समीप खड़ा था। उसी दौरान भंडरा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही चार पहिया वाहन के चालक द्वारा विपरीत दिशा में जा कर घर के समीप खड़े दोनों बच्चों को धक्का मार दिया। जिससे दोनों बच्चा घायल हो गये। वही दोनों घायल बच्चो को परिवार के सदस्यों द्वारा आनन फानन में इलाज के लिये राँची ले जाया जा रहा था। रांची ले जाने के दौरान घायल दोनों बच्चों का रास्ते में मौत हो गयी।

### वन विभाग के केस में फरार दो वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह पुलिस ने वन विभाग के केस में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया की चलाये जा रहे विशेष छापामारी अभियान में थाना क्षेत्र के उकामाड़ पंचायत के थूकदाहा टोला से वन विभाग के 2014 की एक केस मे फरार चल रहे दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया। जिसमे तनिश सिंह पिता चूरामन सिंह और वीरेंद्र सिंह पिता सूबेदार सिंह को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और छापामारी अभियान चलाकर फरार आरोपियों के गिरफ्तारी किया जाएगा। किसी भी हालात में दोषियों व अपराधियों के साथ साथ अपराध करने वाले लोगो को बख्शा नही जायेगा।

### जमीरा में फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन, बालक में कुडू और बालिका में गुमला विजयी



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा जमीरा पंचायत के खेल खेल मैदान में शेरा सपोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित 5 दिवसीय स्व फूलदेव उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन सोमवार को हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक प्रकाश राम शामिल हुए। फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रकाश राम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर की। बालक वर्गों का फाइनल मुकाबला हड़गड़वा चंदवा बनाब कुजी कुडू के बीच हुआ जिसमें हड़गड़वा की टीम विजय रही,वही बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला गुमला बनाम लोहरदगा के बीच खेला गया। जिसमें गुमला की टीम में 1-0 से लोहरदगा को हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। विधायक ने कहा कि यदि अगली बार वो विधायक बने तो इस मैदान को प्रखंड का सबसे खूबसूरत फुटबॉल स्टेडियम बना देंगे। मौके पर शेरा सपोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष अंकित कुमार, आशीष कुमार सिंह, रविराज, अनुरोध कुजूर, सुनील मुंडा, रामकीशुन गंझू, रोहित शाहदेव, अजीत शाहदेव, राजेश यादव, हरीवंश प्रजापति समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### नदी में डूबने से व्यक्ति की हुई मौत

महुआडांड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के अंतर्गत चैनपुर पंचायत के ग्राम अहिरपुरवा में मंगलवार अहले सुबह गांव स्थित नदी किनारे एक लाश ग्रामीणो के द्वारा देखा गया। अहिरपुरवा के ग्राम प्रधान सुरेश उरांव द्वारा अज्ञात शव होने की खबर महुआडांड़ थाना को दिया गया। पुअनि अजय कुमार दास पुलिस दल बल के स्थल में पहुंची। आस-पास के गांव से लोगो को बुला शव की शिनाख्त कराया, जिसकी पहचान महुआडांड़ पंचायत के राजडंडा गांव निवासी जेराल्ड लकड़ा ( 65 ) के रूप में कि गयी। शव को कब्जे में लेकर पुलिस थाना पहुंची, मृतक के परिवार को थाना बुलाकर कागजी कारवाई करके पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया।

## झारखंड आंदोलनकारी सदस्यों की मांगों पर सरकार करे उचित विचारः अली हसन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को झारखंड आंदोलनकारी सदस्यों की कोर कमेटी एक बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता वरीय आंदोलनकारी सदस्य विक्टर केर-केट्टा ने की। बैठक में झारखंड आंदोलनकारी के केंद्रीय सचिव सह मीडिया प्रभारी अली हसन अंसारी ने कहा की प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा झारखंड आंदोलनकारी सदस्यों के साथ भेदभाव नीति अपनाते हुए चिन्हितिकरण कार्य काफी धीमी गति से करवाया जा रहा। जिससे आंदोलनकारियो को न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की हेमंत सरकार से सभी झारखंड आंदोलनकारीयों को सम्मानजनक पूर्वक मुआवजा देते हुए तत्काल पेंशन शुरू करने की मांग किया। उन्होंने सरकार से उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने की आग्रह किया है। अली हसन अंसारी ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी अपने हक और अधिकार को लेकर 12 अक्टूबर को रांची मोरहाबादी मैदान में एकजुटता को लेकर महारैली करेंगे। जिसमें जिसमें प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आंदोलनकारी शामिल होंगे। महा रैली के माध्यम से प्रदेश सरकार से चिन्हितिकरण कार्य जल्द पूरा करते हुए आंदोलनकारी के साथ न्याय दिलाने की मांग रखेंगे। कोर कमेटी की बैठक में सदस्यों ने अपने विचार रखते हुए आंदोलनकारी को एकजुट होने पर जोर दिया। मौके पर दीनानाथ राम, रवि कुमार, अकरम अंसारी, मुटकूम राम, संतोष कुमार, ललन तुरी समेत कई लोग मौजूद थे।



### आदिवासी रीति रिवाज के साथ धूमधाम से करम पर्व की पूर्व संध्या मनायी गयी



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के नंदलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय के मैदान में आदिवासी रीति रिवाज के साथ धूमधाम से करमा पर्व पूर्व संध्या मनाया गया। करमा पर्व पूर्व संध्या कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँवों से लगभग 80 खोड़हा दल पारम्परिक वाद्य यंत्र के साथ आदिवासी महिला पुरुष शामिल हुए। करमा पर्व पूर्व संध्या कार्यक्रम का अरु और कल्हेपाट का पहान पुजार द्वारा तथ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। तथा कार्यक्रम में आये हुए सभी खोड़हा दल के लोगो का आदिवासी परम्परा के अनुसार स्वागत किया गया। मौके पर मौजूद सेन्हा प्रखंड जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि करम आदिवासीयों का बहुत ही पुराना त्यौहार है.अपना पर्व त्यौहार को संरक्षित करना है.और आदिवासी समाज के सभी पहान पुजार तथा समाज के अगुवा और भाई बहनों को इसे संरक्षित करने की जरूरत है.क्योंकि करमा, जितिया, सरहुल पर्व से ही आदिवासी धर्म और समाज का पहचान होता है। आदिवासी समुदाय लोग प्राकृतिक का उपासक हैं, और उसी का पूजा भी करते हैं। मौके पर राष्ट्रीय सरना धर्म परिचारिका रतनी उराँव, आदिवासी छात्र संघ जिला संरक्षक मनी उराँव, पड़हा उप बेल अनिल उराँव, सरना धर्म प्रचारक विजनरायन उराँव के अलावे मुखिया शोभा देवी, धनवाज उराँव, पंचायत समिति सदस्य पूनम उराँव, लक्ष्मी उराँव, सबिता उराँव, उप मुखिया गोपाल उराँव, आदिवासी छात्र संघ प्रखण्ड अध्यक्ष बालेश्वर उराँव के अलावे आदिवासी समुदाय के बालक बालिका और महिला पुरुष उपस्थित थे।

### बालूमाथ में वाहनों की गति नियंत्रित करने को ग्रामीणों ने स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड सह अंचल कार्यालय से लेकर मुरपा मोड़ चौक, दैनिक आजाद सिपाही कार्यालय बालूमाथ (ज्योति फोटो कापी), थाना चौक, पुराना बस स्टेन, अंबेदकरनगर, पांकी मोड़ तक पिछले दो- तीन माह से सड़क पर अनेक दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो इसकी मुख्य वजह है कि यातायात संकेतक और स्पीड ब्रेकर का न होना है। इस कारण इन जगहों से गुजरने वाले वाहन तेज गति से निकलते हैं। जिससे दुर्घटनाएं हो जाती हैं। बालूमाथ के सैकड़ो स्थानिय लोगों का कहना है कि वाहनों को नियंत्रित नहीं किया गया तो दुर्घटना लगातार होती रहेगी। लोगों का कहना है कि जब से चन्दवा से बालूमाथ टू गोनियां तक सड़क चौड़ीकरण हुआ है। तब से उक्त जगहो से होकर हजारो बड़े-छोटे वाहनों की आवाजाही लगातार हर मिनट में होती है। ऐसे



में सड़को से सटे सरकारी, गैरसरकारी कार्यालयो और ग्रामीणजन निकलते हैं तो तीव्र गति से आने वाले वाहन चालक जल्दबाजी में रहते हैं। जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं।

स्थानीय लोगों नरेश लोहरा, रामदर्शन तिवारी, हाजी मो तौकिर अहमद, संतोष सिन्हा पत्रकार, पूर्व विधायक बालजीत राम, पूर्व भाजपा बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिन्हा, विरेंद्र गुप्ता ने तीव्र गति से हो रही दुर्घटनाओं को लेकर वाहनों की गति कम किये जाने को लेकर उक्त जगहों पर स्पीड ब्रेकर और संकेतक बोर्ड लगाने की मांग लातेहार डीसी हिमांशु मोहन, एसडीएम शेखर कुमार, बालूमाथ अंचलाधिकारी अफताब आलम, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशिरंजन कुमार से की है।

### माता-पिता बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देंः बिशप थेवोदोर



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड।** मंगलवार को संत जेवियर हाई स्कूल गोठगाँव में बिशप थेवोदोर मस्केरेन्हास, लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह, एसडीपीओ राजेश कुजूर, बीडीओ अमरेन डांग, डाल्टनगंज से शिक्षा निर्देशक फा. संजय गिद्ध ने अपोस्टोलिक कार्मेल सामलोंग रांची की धर्मबहने से मिल कर विद्यालय के बच्चों में शिक्षण सामग्री का वितरण किया। बिशप थेवोदोर ने बच्चों को अपने संदेश में विद्यार्थियों से कहा कि वे मेहनत से पढ़ाई करके आगे बढ़े अच्छा विचार और अच्छा से शिष्टाचार सीखें, इंजीनियर डॉक्टर बनें। विधायक रामचंद्र सिंह ने बच्चों से कहा कि ईमानदारी से पढ़े। एसडीपीओ राजेश कुजूर और बीडीओ अमरेन डांग ने बच्चों को समय का सदुपयोग कर-के पूरी मेहनत से पढ़ाई करने तथा अच्छे संस्कार ग्रहण कर समाज को बेहतर बनाने में अपना योगदान देने पर जोर दिया। इस मौके पर बिशप थेवोदोर, डाल्टनगंज शिक्षा निर्देशक फा संजय गिद्ध, विद्यालय सचिव फा मनोरंजन, पल्ली पुरोहित फा मोरिस टोप्पो, रांची से आए फा. आशित टोप्पो, फा. वाल्टर किस्पोटा, अपोस्टोलिक कार्मेल सामलोंग, रांची से धर्मबहने सुपीरियर रेनेशा और उनके साथ चार धर्म बहने, महुआडंड प्रखंड के उप प्रमुख अभय मिंज, अजीत पॉल कुजूर उपस्थित थे।

### अपर बाजार दुर्गा पूजा समिति का गठन अध्यक्ष बने प्रवीण



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। अपर बाजार दुर्गा पूजा समिति की बैठक संरक्षक दीपक सर्राफ की अध्यक्षता में चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में संपन्न हुई। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष प्रवीण तमेड़ा, उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा और निखिल बर्मन, सचिव शशांक बर्मन सहसचिव चंदन राजगढ़िया और अनुराग पोद्दार, कोषाध्यक्ष शैलेश पोद्दार, सह कोषाध्यक्ष अतुल सर्राफ और 11 कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये। बैठक पर संरक्षक दीपक सर्राफ, विमल बांका, संदीप पोद्दार, प्रवीण तमेड़ा, शशांक बर्मन, शैलेश पोद्दार, शुभम साहू आदि थे।

### दस दिवसीय गणेशोत्सव को लेकर शहर में धार्मिक माहौल स्थापित

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। रिद्धि सिद्धि के दाता श्री गणेश चतुर्थी उत्सव मंगलवार से शुरू हो गयी है जो अगले 10 दिन तक चलेगा। भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी को विघ्नविनायक भगवान गणेश का जन्मदिन मनाया जाता है। इस दिन को भक्त गणेशोत्सव के रूप में मनाते हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर लोहरदगा शहरी क्षेत्र में लगभग एक दर्जन व पूरे जिले में लगभग 40 स्थानों पर भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गयी। पूरा लोहरदगा भगवान श्री गणेश की आराधना में डूबा गया है। लोहरदगा के पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राणा चौक, मिशन चौक, शास्त्री चौक, गुदरी बाजार, किस्को मोड़ पूजा पंडाल में विद्युत सज्जा देखने लायक है। दस दिवसीय गणेशोत्सव को लेकर शहर में धार्मिक माहौल है। इधर मिशन चौक स्थित गणेश पूजा पंडाल में बुधवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। समिति के युवाओं ने बताया कि दोपहर से देर रात तक भण्डारा चलेगा। श्रद्धालुओं से आग्रह है कि समय पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करे।

### किस्को में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम का हुआ आयोजन, बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उठाया लाभ

## लोगों को शत प्रतिशत स्वास्थ्य लाभ मिलेः प्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड मुख्यालय के बगल पर स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय किस्को के प्रांगण पर स्थित मैदान में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख सुचित्रा भगत, डॉक्टर अब्दुल्लाह खान, देवदरिया पंचायत के मुखिया कामिल टोपनो के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में मोतियाबिंद जांच, दंत चिकित्सा जांच, टीकाकरण जैसे विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य से संबंधित स्टॉल लगाकर क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य मेला में मुख्य रूप से सुदरवर्ती व पहाड़ी क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच करके निःशुल्क दवा दिया गया। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाये गये स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को सरकार की ओर से जनहित में दी जाने वाली समुचित स्वास्थ्य लाभ देना। इधर स्वास्थ्य मेला का आयोजन में स्थानीय ग्रामीणों ने इसका लाभ बढ़ चढ़कर उठाया। वहीं स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को में पद स्थापित डॉक्टर्स के द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दिया गया। इधर ग्रामीणों के हित में आयोजित की गई स्वास्थ्य मेला में क्षेत्र के ग्रामीण शामिल होकर स्वास्थ्य लाभ लिया। मौके पर डॉक्टर अब्दुल्ला खान, देवदरिया पंचायत के मुखिया कामिल टोपनो, बीपीएम चंद्र किशोर मानकी, एकराम खान, कासिम अली, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया, एएनएम के अलावा अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।



### भंडरा में तीन दिवसीय गणेश उत्सव शुरू



भंडरा /लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भंडरा में नवयुवकों द्वारा गणेश पूजा धूमधाम से मनायी जा रही है। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा पंडाल बनाकर स्थापित की गयी है। पूजा समिति के कार्यकर्ताओं के द्वारा बताया गया कि भगवान गणेश का उत्सव भंडारा में तीन दिनों तक मनाया जायेगा। आज पंडाल कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। पुरोहित आनंद दुबे के द्वारा पूजा पाठ करायी जा रही है। पंडाल का उद्घाटन भंडरा थाना के थाना प्रभारी गौतम कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि गणेश उत्सव शांति और सदभाव पूर्ण वातावरण में मनाया जाये। सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने से त्यौहार का उत्साह दुगना हो जाता है। भंडरा में गणेश उत्सव इस वर्ष शुरू किया गया है । जिसमें पंडाल बनाकर मूर्ति स्थापित की गयी है। पूजा को संपन्न कराने में आनंद दुबे, श्रीकांत गुप्ता, राजेश भगत, सूरज ठाकुर, भास्कर यादव, रोशन कुमार सहित गांव के अन्य युवाओं का योगदान है।

## गुमला शहर में धूमधाम से मनाया जा रहा है गणेश चतुर्थी का पर्व



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर में गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। पूजा को लेकर शहर के विभिन्न स्थानों पर आकर्षक रूप से पंडाल बनाए गए हैं और पंडाल को लाइट से सजाया गया है। शहर में मुरली बगीचा, ज्योति संघ,शक्ति संघ, पटेल चौक, कुम्हार मोड सहित विभिन्न स्थानों पर आकर्षक रूप से साजो सज्जा के साथ पंडाल बनाए गए हैं। वहीं प्रशासन ने सुरक्षा के मद्दे नजर सभी पंडालों पर पुलिस बल को तैनाती की है। वहीं थाना प्रभारी विनोद कुमार शहर में घूम घूम कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। वहीं ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी कैमरे से शहर के गतिविधि पर निगरानी रखी जा रही है। श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा पंडालों में लग रही है। ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग पूजा करने शहर आ रहे हैं। वहीं सड़क के किनारे प्रशासन द्वारा लाइट की व्यवस्था की गई है। वहीं शहर में कई जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

## डालसा ने जागरूकता सह आउटरिच कैंपेन के तहत निकाली प्रभात फेरी




**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार चंधरियावी के मार्गदर्शन में मंगलवार को डालसा, गुमला के द्वारा 100 दिवसीय जागरूकता सह आउटरिच कैम्पेन के तहत प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। जिसमें एसएस गर्ल्स हाई स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष, लिगल डिफेंस के विद्या निधि शर्मा, इन्दू पाण्डे, जितेन्द्र सिंह अधिवक्तगण, मध्यस्थ, पीएलभी जोसेफ किन्डो, तितरू उरांव, डालसा के कर्मचारी प्रकाश पाण्डे, अरविन्द कुमार, आशा लकडा, मनीश, जितेन्द्र तथा अमन, आदि, उपस्थित थे। प्रभात फेरी के द्वारा बच्चों के सम्पूर्ण विकास तथा शिक्षा पर जोर दिया गया तथा बच्चों को बाल विवाह, बाल मजदूरी तथा अन्य अपराधो से बचाने का संदेश दिया गया।

## फर्जी आवेदक देने के मामले को लेकर कुम्हारी निवासी व्यक्ति ने एसपी को सौंपा आवेदन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हारी गांव निवासी 22 वर्ष से सूर्योदय साहू पिता रामस्वरूप साहू ने पुलिस अधीक्षक गुमला को आवेदन सौंपकर अपने नाम पर फर्जी आवेदन देने के मामले में कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में युवक ने बताया कि मैं अपने दोस्तों के साथ 11 सितंबर की रात्रि में निनाई गांव घूमने गया था अचानक खनन विभाग की छापामारी हेतु पुलिस प्रशासन उक्त गांव में आई। हेलमेट नहीं पहने होने के कारण मैं भागने लगा। इसी क्रम में एक दीवार आने के दौरान मैं गिर गया और हाथ में हल्की चोट लगी। 18 सितंबर को एक व्यक्ति गुमला में इलाज करने के बहाने मुझे ले गया और मेरे नाम पर प्रशासन के पास आवेदन लिखा। जिसमें मेरा हाथ पुलिस द्वारा मारकर तोड़ दिए जाने की जानकारी दी। वहीं बताया कि मैं बेहोश हो गया था। प्रेमचंद साहू नाम का व्यक्ति रात में मुझे उठाया जो बिल्कुल गलत एवं निराधार है। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद नामक व्यक्ति से इस बारे में पूछताछ भी की जा सकती है, जब मुझे पता चला कि मेरा नाम से फर्जी आवेदक समर्पित किया गया है जिसे मैंने नहीं लिखा है। युवक ने मामले की जानकारी देते हुए उक्त मामले पर कार्रवाई की मांग की है।

## शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म मामले में युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत बेलटोली निवासी 26 वर्षीय पम्मू आलम पिता स्व. अयूब अली ने लातेहार थाना अंतर्गत महुआ टांड़ निवासी एक युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म मामले में पुलिस ने मेडिकल जांच के उपरांत न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया। मामले को लेकर कुछ दिन पूर्व युवती ने डुमरी थाना में आवेदन देकर उक्त युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। आवेदन में युवती ने बताया हम दोनों के बीच 2019 से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वहीं युवक मुझे बाइक में बैठा कर अपने घर बेलटोली ले जाता था और एक दिन शादी का प्रलोभन देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह लगातार मेरे साथ दुष्कर्म करता रहा। वहीं 2019-20 और 22 में गर्भपात भी कराया। इसके बाद उसे शादी का दबाव देने पर वह कहता मेरी बहन की शादी होने के बाद मैं तुमसे शादी कर लूंगा। इसके बाद लगातार मेरे घर आता और मुझे बाइक में बैठा कर अपने घर ले जाता था। इस बात की जानकारी कुछ दिन पूर्व उसके परिजनों को हुई जिसके बाद उसने अपने परिजनों के साथ मेरे घर आकर मुझसे मारपीट की। वहीं शादी की बात करने पर वह इनकार कर गया। पुलिस ने मामले को लेकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए मंगलवार को जेल भेज दिया।

**बैठक :** आजसू पार्टी जिला कमेटी ने की विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा

# 26 सितंबर को कार्यकर्ता सम्मेलन से पार्टी करेगी विस चुनाव का आगाज

**चैनपुर में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सुदेश महतो होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** आजसू पार्टी कार्यालय पालकोट रोड गुमला में आजसू पार्टी गुमला जिला कमेटी की एक आवश्यक बैठक गुमला जिला के अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से 26 सितंबर 2023 दिन मंगलवार को लूथरन मैदान चैनपुर में आजसू पार्टी की गुमला विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह सभा का सफल आयोजन हेतु बैठक की गई। आगामी 26 सितंबर के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के सुप्रीमो सह झारखंड सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह गुमला जिला के प्रभारी हसन अंसारी, आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत की धर्म पत्नी नीरू शांति भगत मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगी। विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में गुमला, रायडीह, चैनपुर, डुमरी, जारी के हजारों की संख्या में ग्रामीणों को आजसू पार्टी में शामिल कर पार्टी की सदस्यता दिलाई जाएगी।

इस कार्यक्रम से आजसू पार्टी का विधानसभा चुनाव का आगाज चैनपुर के लूथरन मैदान से किया जाएगा। आजसू पार्टी यह मानती है कि जब से इस राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की सरकार बनी है तब से गुमला विधानसभा क्षेत्र में भय, भूख और भ्रष्टाचार चरम पर है, जल जंगल और जमीन की बात करने वाली सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन अपने नाम जमीन खरीद बिक्री के मामले में ईडी के बुलावे पर भागते फिर रहे हैं। विगत साढ़े तीन साल में इनकी सरकार बनने के बाद से गुमला विधानसभा 20 साल पीछे चला गया। आज भी गुमला जिला की पहचान यहां सस्ते मजदूर मिलते हैं, के तौर पर होती है। यहां के लोग खेती के लिए पानी को तरस रहे हैं। छोटे-छोटे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे अच्छी पढ़ाई के लिए तरस रहे हैं। गावों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। गावों तक पहुंच पथ नहीं हैं। साफ और स्वच्छ पीने का पानी के लिए ग्रामीणों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इस क्षेत्र की जनता आजसू पार्टी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। इस क्षेत्र की जनता आजसू को समर्थन देकर विधानसभा भेजती है तो आने वाले दिनों में गुमला विधानसभा का चहुंमुखी विकास करेंगे। सुदेश महतो का स्वागत गुमला जिला में प्रवेश के साथ ही भरनो, सिसई, गुमला, रायडीह से लेकर चैनपुर तक पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा जगह-जगह पर किया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, जिला महासचिव आनंद कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष देवेन्द्र खेरवार, उपाध्यक्ष रामू गोप, सचिव दीपक साहू छोटू, महिला अध्यक्ष किरण सिंह, बोनिफास कुजूर, आमीर खान, पंकज साहू, शानु कुमार, उत्तम साहू, राहुल साहू, क्लेश्वर साहू, सद्दाम हुसैन, बजरंग गोसाई, रवि राम, एहसानुल खान, मो. इमरान एवं तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आवासीय विद्यालयों के 2252 विद्यार्थियों की हुई स्वास्थ्य जांच

**जिले के सभी आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की करायी जायेगी स्वास्थ्य जांच**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा हंस फाउंडेशन के सहयोग से जिले के सभी 12 प्रखंडों के 25 आवासीय विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 15 सितंबर से 22 सितंबर के बीच उक्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाना है।

इस दौरान आवासीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच करते हुए आवश्यकता अनुसार निः शुल्क प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। हंस फाउंडेशन द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अब तक जिले के विभिन्न प्रखंडों के 16 आवासीय विद्यालयों में जांच शिविर का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें से कुल 2252 छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की गयी है एवं 19 विद्यार्थियों को स्थानीय सी.एच.सी. केंद्र के लिए रेफर किया गया है। अगले पांच दिनों में शेष बचे आठ आवासीय विद्यालयों में भी विद्यार्थियों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी।

हंस फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में इस स्वास्थ्य शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एनीमिया, हिमोग्लोबिन, टाइफाइड, डेंगू, मलेरिया आदि जैसे दर्जनों स्वास्थ्य जांच करवाए जा रहे हैं। यदि किसी बच्चे के स्वास्थ्य में गंभीरता दिखाई देती है तो उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में रेफर भी किया जा रहा है। प्रत्येक विद्यालयों में डॉक्टर्स सहित 4 लोगों की टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है, जिसमें मेडिकल ऑफिसर, एएनएम, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं वाहन चालक (पायलट) शामिल होते हैं।

उपायुक्त के निर्देश के आलोक में सभी विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांच रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा जिसकी सूची विद्यालयों के पास उपलब्ध होगी एवं मास्टर डाटा स्वास्थ्य विभाग में जमा किया जाएगा ताकि आपातकाल में उक्त डाटा से बच्चों के इलाज में सहायता मिल सके।

# सिसई और बसिया क्षेत्र में प्रतिदिन गाड़ियों से हो रहा बालू का अवैध उठाव

**इस अवैध कारोबार में करीब 100 से भी अधिक गाड़ियां हैं संलिप्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** एक ओर खनन विभाग अवैध उत्खनन और अवैध बालू भंडारण व परिवहन पर अंकुश लगाने का ढिंढोरा पीट रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रतिदिन सैंकड़ों हाईवा से रातों रात अवैध बालू का परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है। बालू पर एनजीटी लागू होने के बावजूद सिसई और बसिया क्षेत्र में प्रतिदिन सैकड़ों गाड़ियों में बालू का अवैध उठाव कर रांची के बाजारों में बेचा जा रहा है। मंगलवार को रात 8 बजे ओकबा में सिसई बसिया बॉर्डर में लगभग 100 हाइवा गाड़ियों में बालू लादकर रांची ले जाने के लिए गाड़िया खड़ी थीं। आजाद सिपाही के पत्रकार द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर अपनी चलती गाड़ी से सभी का वीडियो बनाया गया। गाड़ियों की संख्या का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन कतारबद्ध हाइवा गाड़ियों को पार करने में पत्रकार को लगभग ढाई मिनट लग गये। मालूम हो कि सिसई प्रखंड के ओलमुंडा घाट से जो कि बसिया के ओकबा से होकर गुजरती है, से प्रतिदिन कोयल नदी से एनजीटी नियमों का उल्लंघन करते हुए जेसीबी मशीन, ट्रैक्टरों की मदद से बालू की निकासी की जाती है और हाइवा में लोड कर रांची जैसे बाजार में एक-एक हाइवा बालू को चालीस से अस्सी हजार रुपये तक में बेच दी जाती है। कहा तो यह भी जाता है कि बालू के इस गोरखधंधे में क्षेत्र के प्रतिनिधि से लेकर पुलिस प्रशासन के लोग भी शामिल होकर बालू से तेल निकालने का काम धड़ल्ले से कर रहे हैं।

डीएमओ ने कहा- मामले की जांच कर करेंगे कार्रवाई : जिला खनन पदाधिकारी रामनाथ राय से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह घटना उनके संज्ञान में नहीं आयी है। अब जानकारी मिल गई है, वे इस मामले की छानबीन करेंगे और गलत करने वालो के विरुद्ध कार्रवाई करेंगे। कार्रवाई के लिए प्लानिग करनी पड़ेगी। उन्होंने पत्रकार से कहा कि एसडीओ को आप बोलिये न।

**प्रेस कांफ्रेंस :** सिसई में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा आज, तैयारी पूरी

# सिसई विस क्षेत्र के चारों प्रखंडों के हजारों कार्यकर्ता होंगे कार्यक्रम में शामिल : दिनेश उरांव

**भाजयुमो कार्यकर्ता पलमा डीपा से श्री मरांडी का स्वागत कर बाइक रैली के साथ कार्यक्रम स्थल तक लायेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**सिसई।** झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के सिसई आगमन को लेकर प्रखंड भाजपा ने मंगलवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का राज्य के सभी 81 विधानसभाओं में बीते 17 अगस्त से 10 अक्टूबर तक संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार 20 सितंबर को सिसई विधानसभा के अंतर्गत रावण दहन, ब्लॉक मैदान सिसई में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में प्रदेश व जिला स्तर के अनेक पदाधिकारी व नेता मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उक्त कार्यक्रम में सिसई विधानसभा के चारों प्रखंड सिसई, भरनो, बसिया व कामडारा के गांव-गांव व बूथ स्तर के हजारों हजार की संख्या में जनता व कार्यकर्ता शामिल होंगे। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भरनो प्रखंड के पलमा डीपा से बुधवार की सुबह 11 बजे प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत कर बाइक के काफिले के साथ सिसई प्रखंड कार्यालय परिसर लेकर आयेंगे। वहां श्री मरांडी संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर व पूर्व सांसद सह जननायक स्व. ललित उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे, जहां विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सह पूर्व सिसई विधायक डॉ दिनेश उरांव के नेतृत्व में प्रदेश मीडिया प्रभारी अमन यादव, संयोजक लालमोहन साहू, विजय मिश्रा, हेमंत ताम्रकार, निरंजन सिंह, भैरो सिंह खेरवार, अनिल कुमार साहू, लक्ष्मी नारायण यादव, सुमित महली, रविन्द्र साहू, चरवा उरांव, नन्दकिशोर सिंह, प्रवीण ओहदार, कार्तिक महली, नीलकंठ केशरी, नन्दकिशोर लाल, विनय कुमार साहू, सोमेश्वर उरांव, इंद्रपाल भगत, संजय महतो, रामनिवास भगत, वसंत यादव, मनोहर नायक, सतीश मिश्रा, संतोष देव, सत्यनारायण भगत, तेज नारायण सिंह, मनोज राम वर्मा, विक्रांत सिंह सहित जिला व प्रखंड के सातों मोर्चा सहित ग्राम व बूथ स्तर के दर्जनों कार्यकर्ता व पदाधिकारी दिन-रात लगे हुए हैं।

## चेंबर के सहयोग से श्रम विभाग की कार्यशाला 20 सितंबर को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर के सहयोग से श्रम विभाग द्वारा 20 सितंबर को कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने सभी आम सदस्यों, गुमला के सभी व्यापारियों और नागरिकों को सूचित किया है कि आगामी 20 सितंबर दिन बुधवार को दिन के 12:30 बजे से गुमला श्रम विभाग के द्वारा गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में जरूर उपस्थित हों। इस कार्यशाला का आयोजन श्रम विभाग गुमला के सभागार में किया जाएगा। इस कार्यशाला में किसी भी व्यापारी को श्रम विभाग से संबंधित कोई भी समस्या है, या किसी भी तरह की कोई जानकारी लेनी हो, किसी भी तरह का विचार विमर्श करना है तो वहां पहुंच कर समस्याएं रख सकेंगे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## घाघरा प्रखंड मुख्यालय में दो पंडालों में गणेश पूजा का हुआ आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में माधवंस क्लब थाना चौक घाघरा और गणेश पूजा समिति के दो पूजा पंडालों में मंगलवार को गगणेश पूजा धूमधाम से आयोजित की गई। इस क्रम में आचार्य प्रशांत पाठक और नीरज कुमार द्वारा बैदिक मंत्रोउच्चार के साथ पूजन कराई गई। वही गणेश पूजा समिति के पूजा पंडाल का उद्घाटन अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज एवं उनकी धर्मपत्नी और जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी, भाजपा नेता अशोक उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। माधवंस क्लब के पूजा पंडाल का उद्घाटन चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर क्षितिज राज द्वारा किया गया। इस क्रम में अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने भगवान गणेश से सभी के जीवन में खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण व्यवस्था में पूजन पाठ करें। दोनों पूजा पंडालो में विशेष आकर्षण लाइटिंग साज सज्जा की गई थी। इस मौके पर उपस्थित लोगों में संतोष गुप्ता, शंभू कुमार साहू, नीरज साहू, राहुल कुमार, दीपक कुमार, जसवंत महतो, निखिल गुप्ता, क्षितिज राज, प्रवीण कुमार, सचिन कुमार, नवीन कुमार, विपिन साहू, संजय साहू, चंद्रशेखर भगत, बसंत साहू, टिंकू गुप्ता, प्रभात गुप्ता, सत्यम गुप्ता, प्रशांत गुप्ता सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## चैनपुर में प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से की गयी गणपति बप्पा की पूजा



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर मुख्यालय में मंगलवार को गणेश चतुर्थी महोत्सव शुरू हुआ। चैनपुर के दुर्गा मंदिर एवं एमएलए रोड में भगवान गणेश का प्रतिमा स्थापित का वैदिक परंपरा से पूजा अर्चना की गई। चैनपुर मंदिर में गणेश पूजा समिति की ओर से गणेश भगवान की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। ग्राम पुरोहित अमरेश पाठक द्वारा वैदिक परंपरा से भगवान गणेश की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कर वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजन किया गया। पूजा को लेकर पूरे चैनपुर का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। सुबह से ही भक्त भगवान का आशीर्वाद लेने एवं प्रसाद पाने के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। इस दौरान ग्राम पुरोहित अमरेश पाठक ने कहा कि सिद्धिविनायक भगवान गणेश जी के स्मरण एवं पूजन से ही सारे विघ्न बाधा स्वतः ही दूर हो जाते हैं। श्री गणपति बप्पा सभी की मनोवांछित मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। वहीं गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष चन्दन कुमार ने कहा कि विसर्जन बुधवार को किया जाएगा। वहीं गणेश पूजा समिति के कोषाध्यक्ष संतोष रौतिया, उपाध्यक्ष रोनित कुमार, सचिव निरंजन कुमार, सहसचिव राहुल कुमार साहू, कार्यकारी अध्यक्ष सूरज कुमार, सत्यम कुमार, कार्यकारिणी सदस्य राजन सिंह, अमर कुमार, विकास कुमार, विक्रम कुमार, गणेश पूजा को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## भरनो में गणेश चतुर्थी पर प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से की गयी गणपति की पूजा



**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो प्रखंड में प्रत्येक वर्ष की भांति भगवान गणेश की पूजा-अर्चना बड़े ही धूमधाम से की गई। स्कूल चौक स्थित शिव मंदिर प्रांगण में शिवपुरी पूजा समिति के द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई एवं प्रसाद का वितरण किया गया। प्रखंड में ब्लॉक चौक, भरनो बस्ती, पंडित मोहल्ला में भी भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। भक्ति गीत के साथ पूरा प्रखंड भक्तिमय हो उठा। मौके पर भगवती केसरी, बादल साही, शुभम केसरी, कुमार हर्ष राज, संतोष केशरी, नन्द कुमार केशरी, शुभम केसरी, निखिल केसरी, विवेक केसरी, निशू केसरी, अंकित कुमार, उज्वल केशरी, मयंक केशरी, रौनक केशरी, सर्वेश केशरी, आकाश कुमार, छोटू कुमार, विशाल केशरी, आशीष केशरी, परी केशरी, कोमल केशरी आदि उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय स्व. चंद्रेश उरांव स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच आज



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** एसएस प्लस टू हाई स्कूल स्टेडियम में आयोजित पांच दिवसीय स्व. चंद्रेश उरांव स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट में मंगलवार को खेलप्रेमी सदर सीओ रांची अमित भगत, भाजपा नेता भिखारी भगत उपस्थित हुए। जहां खिलाड़ियों द्वारा अनुशासित उत्कृष्ट प्रदर्शन को देख खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। इस अवसर पर श्री भगत ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं भी अपनी पढ़ाई के दौरान इस स्टेडियम में कई बार मैच खेल चुका हूं। आप लोगों का उत्कृष्ट खेल देखकर बड़ी खुशी हो रही है कि हमारे क्षेत्र के बच्चे पढ़ाई के साथ खेल को प्राथमिकता देकर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने आयोजन समिति को भी बधाई देते हुए कहा कि कमेटी के अथक प्रयास से मैच काफी अच्छा चल रहा है। ऐसे आयोजन से क्षेत्र के बच्चों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है। साथ ही आगे बढ़ाने के लिए उनका हौसला बुलंद होता है। उन्होंने फाइनल में पहुंचे खिलाड़ियों को बेहतर खेल का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर लगातार मैच का आनंद लेने के लिए दर्शकों की भीड़ स्टेडियम में लग रही है। कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सिंह एवं अरुण गिरी ने बताया कि बुधवार को टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला जाएगा, जो दमदार एवं रोमांचक होगा। इस मौके पर प्रदीप भगत उर्फ मुन्ना, बंधन उरांव, रोहित रोशन भगत, धनेश्वर उरांव, रामप्रसाद साहू, श्याम साहू सहित कई मंचासीन कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नप मुख्यालय के सात तालाबों का होगा सुंदरीकरण

## कार्यपालक पदाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय के विभिन्न वार्डो में सात तालाबों का सुंदरीकरण किया जायेगा। मंगलवार को कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने नप अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने बताया कि विश्रामपुर नगर परिषद को स्वच्छ व सुंदर बनाने हेतु हर प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्र के सभी तालाबो का सुंदरीकरण किया जायेगा। अभी सात तलाब का सूची तैकर किया गया है। जिसका आज स्थलीय जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र कुमार सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम, जेई बिभूति भूषण,अजित टुडू, मुकेश कुमार, मुबारक अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।



## सतबरवा में गणेश पूजा का आयोजन



**सतबरवा/ पलामू ( आजाद सिपाही)।** गणेश चतुर्थी के मौके पर लक्ष्मण घाट, बांके बिहारी कॉलोनी और काली मंदिर मेलाटांड़ सतबरवा में गणेश पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान विघ्न विनायक रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान श्री गणेशजी की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पंडित जी के द्वारा मंत्र उच्चारण कर पूजा कराया गया। भक्ति गानों से पूरा सतबरवा भक्ति में हो गया, वहीं दूसरी ओर आयोजन कताओं में काफी खुशी देखी गयी। गणेश पूजा हो या दुर्गा पूजा या रामनवमी सभी धार्मिक कार्यों में युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे। काली मंदिर मेलाटांड़ में गणेश पूजा के आयोजनकर्ता हनी कुमार ने बताया कि इस शुभ मौके पर 20 सितंबर को रात्रि में कमेटी द्वारा भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया है। मौके पर अंगद कुमार सोनी, टिंकू विश्वकर्मा, रितेश कुमार, राजन कुमार अनिल राम समेत कई लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल, एक की हालत गंभीर



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर/पलामू।** रेहला-पड़वा मुख्य पथ एनएच 39 पर बीमोड़ चेक नाका के पास सड़क हादसा में दो युवक घायल हो गए। जिनमे से एक युवक की हालत गंभीर है। घटना मंगलवार तीन बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार रेहला थाना क्षेत्र के केतात गांव निवासी बांके बिहारी चौबे के पुत्र दुर्गेश चौबे व गोदरमा गांव निवासी निमाजी अंसारी का पुत्र अली जान अंसारी मोटरसाइकल से रेहला जा रहे थे। इसी बीच बीमोड़ चेक नाका के पास एक तेजरफ्तर कार ने जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया। घटना में दोनो युवक घायल हो गए। दोनों घायलों को बसपा नेता संजय मेहता ने स्थानीय लोगों की मदद से बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया गया। दुर्गेश चौबे की हालत ज्यादा गंभीर बतायी जा रही है।

## हुसैनाबाद के बक्शी उच्च विद्यालय में 22 सितंबर को डाक मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** डाक विभाग झारखंड परिमंडल रांची के निर्देश पर जपला मुख्य डाकघर अंतर्गत बक्सी हाई स्कूल के मैदान में 22 सितम्बर को 11 बजे से डाक विभाग द्वारा डाक मेला का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पलामू प्रमंडल के डाक अधीक्षक प्रेमजीत कुमार और भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा इस डाक मेला में डाक विभाग की सुकन्या खाता, आईपीपीबी खाता, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, आधार मोबाईल अपडेट, महिला सम्मान योजना, अटल पेंशन योजना, नया आधार सहित सभी योजनाओं का स्टाल लगाया जायेगा। इस संबंध में जपला मुख्य डाकघर के प्रभारी उप डाकपाल विक्रम कुमार और अरविंद कुमार ओझा ने संयुक्त रूप से इस डाक मेला की जानकारी देते हुये हुसैनाबाद के सभी नागरिकों और ग्राहकों को इस मेला में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर डाक विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।




## हुसैनाबाद में धूमधाम से मनाया गया गणेश उत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** सिद्धि विनायक भगवान गणेश की पूजा- अर्चना हुसैनाबाद शहर में धूमधाम से की गई। गणेश चतुर्थी के मौके पर शहर के हरिहर चौक के समीप नव युवक क्लब जागृति संघ के द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर बड़े ही धूमधाम के साथ पूजा अर्चना की गयी। गणपति का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। बाजार और घरों में भी चहल-पहल बनी रही। मंदिरों और पंडालों में भी भगवान गणेश की पूजा-पाठ पूरे विधि-विधान के साथ की गयी। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंडालों में पहुंचकर उनका दर्शन कर पूजा की। पहले दिन वैदिक मंत्रोच्चारण से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से शहर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। गणेश महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं के बीच विशेष उत्साह रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेश पूजनोत्सव धूम-धाम के साथ मनाया गया।



पूजा के दौरान नव युवक क्लब के अध्यक्ष वारिश खान, आदित्य कुमार, सूरज कुमार, करण कुमार, सतीश कुमार, पेंटल, युवराज कुमार, नीरज कुमार आदि सक्रिय रहें।

## धर्मेंद्र कुमार सिंह बने दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** दुर्गा पूजा समिति राजहारा लक्ष्मी नगर चौक शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता हुसैनी यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने के लिए चर्चा किया गया। साथ साथ दुर्गा पूजा मनाने हेतु पूजा समिति का भी गठन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी ग्रामवासी पूजा समिति के सदस्यगण द्वारा सर्व समिति से अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह, सचिव राजकुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष काशी सिंह, उपसचिव रजनीकांत वर्मा, उप कोषाध्यक्ष जयराम शर्मा को सदस्य हुसैनी प्रसाद यादव, राजदेव पासवान, हिमांशु वर्मा, अरविंद सिंह, सौरभ राज, अभिषेक शर्मा, राजेंद्र सिंह, सुनील शर्मा,मनीष सिंह,उपेंद्र शर्मा, मोहन शर्मा को बनाया गया। इस मौके पर सभी पदाधिकारीयों को फूल माला देकर बधाई दिया। मौके पर अशोक राम, मनोज दास, राम लखन सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।



## भाकपा माओवादियों की गिरिडीह और बोकारो में पोस्टरबाजी

**भाकपा माओवादियों ने 21 से 27 सितंबर तक स्थापना दिवस मनाने की घोषणा की है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाकपा माओवादियों ने वर्षगांठ मनाये जाने से दो दिन पूर्व गिरिडीह और बोकारो जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में उपस्थिति दर्ज करायी है। गिरिडीह जिले के मधुबन मोड पालगंज इलाके में पोस्टरबाजी की गयी है। साथ ही पर्चा भी छोड़ा गया है। इसके अलावा बोकारो जिले के ललपनिया बाजार में अलग-अलग दुकानों पर सोमवार देर रात भाकपा माओवादियों ने पोस्टर चिपकाया है। हर पोस्टर में अलग-अलग स्लोगन लिखा था।

पोस्टर में भाकपा माओवादियों के तमाम वीर शहीदों को शत-शत नमन तो दूसरे में विश्व के सर्वहारा क्रांति के नेताओं को लाल सलाम तो अन्य में हर प्रकार के संशोधनवाद मुर्दाबाद, मौजूदा फासीवादी स्वेच्छाचारी व्यवस्था को खत्म कर जनवादी व्यवस्था को लागू करो, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी जिंदाबाद लिखे हुए हैं। जानकारी मिलने पर पुलिस पोस्टरों को उखाड़ कर थाने ले आयी है। उल्लेखनीय है कि भाकपा माओवादियों ने 21 से 27 सितंबर तक स्थापना दिवस मनाने की घोषणा की है। नक्सली इस बार 19वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इसको लेकर विज्ञप्ति भी जारी की है। उत्तरी छोटानगपुर जोनल कमेटी भाकपा माओवादी के नाम से जारी विज्ञप्ति में भाकपा माओवादी संगठन की ओर से अपील की गयी है कि पूरे जोश-खरोस और क्रांतिकारी जज्बे के साथ वर्षगांठ मनायें।

## झारखंड में येलो अलर्ट, बारिश की संभावना

### सूखे की आहटः अब तक 66 प्रतिशत ही बारिश, 62 प्रतिशत ही रोपनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 22 सितंबर तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश की संभावना जाहिर की गयी है। बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर झारखंड पर भी। मौसम विभाग ने 22 सितंबर तक राज्य में कई जगहों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जाहिर की है। मौसम विभाग ने वज्रपात के खतरे को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। 22 सितंबर तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।



### कैसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक तापमान में किसी भी संभावना से इनकार किया है। इसके बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। 19 सितंबर को राज्य के कई हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। राजधानी रांची में भी आसमान में बादल छाए हुए हैं। 23 सितंबर तक राज्य में कई स्थानों पर बारिश की संभावना है। कि अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

### किसानों की बढ़ी चिंता

राज्य में भले ही कई जगहों पर बारिश हो रही है लेकिन अब भी किसान चिंतित हैं। 11 दिन में बाद यानी 30 सितंबर को मानसून की विदाई होगी। राज्य में अबतक 66 प्रतिशत ही बारिश दर्ज की गई है। इस वजह से पूरे राज्य में लगातार दूसरे वर्ष सुखाड़ की पूरी संभावना है। राज्य में 62 प्रतिशत ही रोपनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार 18 सितंबर तक राज्य में 944 एमएम बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन मात्र 625.9 एमएम बारिश दर्ज की गई है। रांची सहित 21 जिलों में 53 प्रतिशत तक कम बारिश होने से स्थिति भयावह हो गई है। चतरा में सबसे खराब स्थिति है। क्योंकि, यहां 63 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है।

### कहां कितनी बारिश

राज्य के तीन जिले गोड्?डा, साहिबगंज और सिमडेगा में ही सामान्य बारिश हुई है। फसल आच्छादन में कमी को देखते हुए कृषि विभाग ने सभी जिला में आकस्मिक योजना के तहत वैकल्पिक फसल के रूप में मोटे अनाज की खेती कराने का निर्देश दिया है।

इधर, सुखाड़ होने पर इस वर्ष भी राज्य के 30 लाख से अधिक किसानों को किसी तरह की राहत नहीं मिलेगी। क्योंकि, पीएम फसल बीमा योजना में झारखंड शामिल नहीं है। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत किसानों को मात्र 3,500 रु. का ही लाभ मिलेगा।

## बीते 11 सालों से आखिर साहिबगंज के शौकत को क्यों तलाश रही एनआइए

**रांची।** साहिबगंज जिला के रहनेवाले शौकत को एनआइए पिछले 11 साल से तलाश रही है। शौकत मूल रूप से साहिबगंज जिला के राधानगर थाना क्षेत्र के निमयाटोला का रहनेवाला है। नकली भारतीय मुद्रा नोट रखने और प्रसारित करने के मामले में एनआइए ने शौकत को मोस्ट वांटेड घोषित किया है। शौकत को कांड संख्या आरसी 03/ 2009 में बीते कई सालों से एनआइए खोज रही है। एनआइए ने शौकत को वांटेड घोषित कर, उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी रखा है।

### रैकेट का किंगपिन है शौकत

शौकत को रैकेट का किंगपिन बताया गया है। जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र एटीएस ने बीते 14 मई 2009 को दक्षिण मुंबई के मझगांव में स्टार सिनेमा के पास से नकली भारतीय मुद्रा नोट के साथ रवि धीरेन और नुरुद्दीन बारी को गिरफ्तार किया था। ये दोनों आरोपी उस दौरान पकड़े गये थे, जब वे पैसे का आदान-प्रदान करने की योजना बना रहे थे। एटीएस ने उनके पास से 1000 रुपये मूल्य के 75 नकली भारतीय मुद्रा नोट भी जब्त किये थे। इन दोनों से पूछताछ के बाद चार अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया था। इस मामले की प्रारंभिक जांच एटीएस द्वारा की गयी थी। बाद में एनआइए ने 19 जून 2009 में जांच का जिम्मा संभाला। 6 नवंबर 2009 को दायर 1000 पन्नों की चार्जशीट में अभियोजन पक्ष ने शौकत को रैकेट का किंगपिन बताया था।

# स्पोर्ट्स



सैमसन के टीम में शामिल न होने पर फैन्स लगातार सोशल मीडिया पर रिएक्ट कर रहे हैं। वहीं, अब खुद सैमसन ने सोशल मीडिया पर खास रिएक्शन दिया है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में संजू सैमसन को नहीं मिली टीम में जगह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। जिसमें संजू सैमसन को टीम में शामिल नहीं किया गया है। जिससे फैन्स हैरान रह गये हैं। वहीं, सैमसन के टीम में शामिल न होने पर फैन्स लगातार सोशल मीडिया पर रिएक्ट कर रहे हैं। वहीं, अब खुद सैमसन ने सोशल मीडिया पर खास रिएक्शन दिया है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

बता दें कि 18 सितंबर की रात को चयनकर्ता ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया जिसमें सैमसन को शामिल नहीं किया गया। जिसके बाद सोशल मीडिया फेसबुक पर सैमसन ने रिएक्ट किया और हंसी की इमोजी शेयर की।



सैमसन के इस रिएक्शन पर फैन्स के खूब सारे मैसेज आ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए अश्विन को शामिल किया गया है। अश्विन ने अपना अंतिम वनडे मैच जनवरी 2022 में साउथ अफ्रीका में खेला था। अगर अक्षर पटेल आईसीसी द्वारा तय की गयी। 28 सितंबर की समय सीमा तक फिट नहीं हो पाते हैं तो अश्विन को विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है. अक्षर श्रीलंका में खेले गए एशिया कप के दौरान चोटिल हो गये थे।

**पहले दो वनडे के लिए भारतीय टीम :** केएल राहुल (कप्तान), रविंद्र जडेजा (उप-कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, वाशिंगटन सुंदर, आर अश्विन, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा

**तीसरे वनडे के लिए भारतीय टीमः** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, (उप-कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), रविंद्र जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल (फिटनेस के आधार पर), वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, आर अश्विन, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज।

## भारत के लिए मुश्किल होगी ऑस्ट्रेलिया की ये बॉलिंग जोड़ी

### पूर्व बल्लेबाज की विश्व कप से पहले बड़ी चेतावनी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 सितंबर से तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जायेगी। सीरीज में भारत को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों से सतर्क रहने की जरूरत होगी। भारतीय टीम को वनडे वर्ल्ड कप 2023 से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलना है, जिसके लिए सोमवार (18 सिंतबर) को भारत के स्क्वाड की घोषणा की गयी थी। वहीं इस सीरीज से पहले भारत के पूर्व बल्लेबाज अभिनव मुकुंद ने चेतावनी देते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और स्पिनर एडम जंपा से टीम इंडिया को सतर्क रहने की जरूरत है।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने कहा, जाहिर तौर पर, मुझे लगता है कि आने वाली सीरीज में स्टार्क और जंपा भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा साबित होंगे। जंपा जब आईपीएल खेले हैं, तब वो उतनी अच्छी गेंदबाज नहीं कर सके हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते हुए वो ज्यादा खतरनाक दिखाई देते हैं।

अभिनव मुकुंद का मानना है कि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के खिलाफ जंपा हमेशा ही अच्छ परफॉर्म करते हैं। वे भारत के खिलाफ काफी अच्छे दिखते हैं।

### कोल इंडिया प्रबंधन से वार्ता के बाद एआइडीइओए ने किया आंदोलन स्थगित

# कोल इंडिया प्रबंधन ने 8 सूत्री मांगों में चार को मान लिया : आरके तिवारी

**बाकी अन्य मांगों पर दुर्गा पूजा के बाद पुनः उच्च स्तरीय प्रबंधन के साथ एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल की वार्ता होगी।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** कतरास भारतीय क्लब कतरास में आज ऑल इंडिया डिप्लोमा इंजीनियर्स एंड ऑफिशियल एसोसिएशन के महासचिव आरके तिवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 20 सितंबर 2023 को कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता में आठ सूत्री मांगों पर आयोजित धरना प्रदर्शन को प्रबंधन के साथ हुई वार्ता के बाद तत्काल स्थगित कर दिया है। तिवारी ने बताया कि एसोसिएशन के पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल के साथ कोल इंडिया महाप्रबंधक (श्रम शक्ति और औद्योगिक संबंध) गौतम बनर्जी के साथ 18 सितंबर को कोल इंडिया मुख्यालय में वार्ता हुई। जिसमें 8 सूत्री मांगों में 4 मांगों को मान लिया गया है। बाकी अन्य मांगों पर दुर्गा पूजा के बाद पुनः उच्च स्तरीय प्रबंधन के साथ एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल की वार्ता होगी। जिसमें निष्पादन किया जायेगा। इसी के साथ एसोसिएशन ने अपना आंदोलन तत्काल स्थगित कर दिया है। प्रेस वार्ता में एसोसिएशन के बीसीसीएल अध्यक्ष दीपक सिंह, महासचिव साजन महतो, अशोक कुमार साव,चंदन सिंह, कल्याण कुमार, कैलाश महतो, सीताराम प्रजापति, निमाई गोप, अमित झा, ज्ञानेश्वर प्रसाद, करमू मुंडा, प्रदीप उरांव, धर्मेंद्र पांडेय, कुंदन सिंह, रेवती रमन दास आदि उपस्थित थे।

# विधायक के प्रयास से जल संकट से जूझ रहे बांध पंचायतवासियों को मिली राहत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोमिया।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के अथक प्रयास के कारण भीषण जल संकट से जूझ रहे बांध पंचायत के निवासियों के लिए पंचायत स्थित कच्चा जल केंद्र (इंटकवेल)में 12.5 एचपी भीटी पंप सेट, 2- सेट पैनल स्टार्टर के साथ 30 केवीए क्षमता के एक सेट वोल्टेज स्टेबलाइजर और स्वच्छ जल केंद्र (वाटर ट्रीटमेंट प्लांट) में 20 एच पी क्षमता के दो एच सी एएल पंप, पैनल स्टार्टर के साथ 50 केवीए क्षमता के एक सेट वोल्टेज स्टेबलाइजर उपलब्ध कराया गया। जिसका सफल ट्रायल पीएचडी विभाग के मैकेनिकल और अनुभवी मिस्त्री नागेश्वर यादव और अरुण यादव के द्वारा किया गया, जो विगत 15 दिनों के कड़ी मेहनत से लगातार इन उपकरणों को सफलतापूर्वक लगाया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन मंगलवार को विधायक लंबोदर महतो ने किया। मौके पर केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, पेयजल स्वच्छता विभाग के विधायक प्रतिनिधि संदीप स्वर्णकार, पीएचडी विभाग के सहायक अभियंता शास्त्री मैकेनिकल विभाग के कनीय अभियंता करमचंद मरांडी, बांध पंचायत मुखिया मुरली देवी, रविंद्र साहू , पंचायत समिति सदस्य चंद्रदेव यादव, मैकेनिकल विभाग के मिस्त्री नागेश्वर यादव और अरुण यादव,सुरेश यादव, वीरेंद्र यादव, राजू नायक, लालू यादव, मनोज गोप, गोविंद यादव, रामकुमार यादव, भुनेश्वर यादव, दिनेश यादव, बजरंगी सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# अशोक कुमार दास बने धनबाद जिला जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव

**दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत कया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कतरास श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, धनबाद जिला जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विद्यानंद पासवान और धनबाद जिला जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष इम्तियाज खान उपस्थित हुए। जदयू धनबाद जिला अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास, तोपचांची प्रखंड अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, धनबाद नगर अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष जय प्रकाश पासवान एवं बाघमारा प्रखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष मो मुजम्मिल अंसारी को बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के सभी सम्मानित पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सिंह ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि अनुसूचित जाति और अल्पसंख्यकों के बीच जदयू पार्टी को मजबूत करने के लिए अपने अपने क्षेत्र में लग जाएं। आने वाला समय जदयू का है। इस अवसर पर अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्र में जदयू को मजबूत करने का संकल्प लिया। जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष इम्तियाज अख्तर ने कहा कि नीतीश ने अल्पसंख्यकों को आगे बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया है। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विद्यानंद पासवान ने कहा कि जदयू ने अनुसूचित जाति के लोगों को मान-सम्मान देने का काम किया है। आने वाले चुनाव में इसका लाभ जदयू को मिलेगा। इस अवसर पर तारा बाबू, गंगा शर्मा, रीना देवी, पंकज सिंह, शब्बीर, शलीम, महेंद्र, लाल बाबू अंसारी, जितन राम मांझी, प्रिंस, सुभाष सिंह आदि उपस्थित हुए।

## तीन दिवसीय गणेश पूजा की हुई शुरुआत



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** संकट मोचन मंदिर परिसर एंव लोयाबाद छह नंबर मे गणेश चतुर्थी के मौके पर सिद्धि विनायक भगवान गणेश की तीन दिवसीय पूजा की शुरूआत हुई।भव्य पंडाल में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर बड़े ही धूमधाम एवं पुरे विधी विधान से पूजा अर्चना की गई।पूजा अर्चना के बाद गणपति का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।बाजार और घरों में भी चहल-पहल देखने को मिला।लोयाबाद मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के पास बने पंडाल मे तीन दिनो तक शाम मे भगवत गीता का प्रवचन का भी आयोजन किया गया है। पूजा के आयोजन मे देव सिन्हा, संतोष पंडित, सतेन्द्र नोनिया, रितिक पांडे, नवीन रवानी, राजा शर्मा, विक्की गौतम चौहान, रवि चौहान, राकेश सिन्हा, आर्यन विश्वकर्मा, रोहित चौधरी आदि सक्रिय है।

## गोमिया और आसपास में मनाया गणेश पूजा



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया सहित आसपास के क्षेत्र आइइएल कॉलोनी, गोमिया मोड़, स्वांग वन सी विवाह, खुदगड्डा, हजारीमोड़, पटवावस्ती आदि में भगवान गणेश की पूजा पूरे भक्तिमय माहौल में किया गया। इस अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद,पूर्व विधायक माधवलाल सिंह, जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, जिपसदस्य आकाश लाल सिंह, प्रमुख प्रमिला चौड़े आदि क्षेत्र के कई पूजा पंडालों में जाकर मत्था टेका और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूजा पंडालों को विशेष रूप से सजाया गया था और चारों तरफ लाइटिंग की व्यवस्था की गयी थी। कई पूजा पंडालों में भजनकीर्तन आदि का कार्यक्रम किया गया। गणेश पूजनोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया।

# लोयाबाद में लगेगा ट्रांसफार्मर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** लोयाबाद सात नंबर के करीब पांच हजार आबादी के बीच अब उजाला फैलेगा। गुरुवार को सात नंबर में एक हजार केवीए का ट्रांसफार्मर फिर से स्थापित हो जायेगा, एक महीने से अंधेरे में रहने के बाद लोगो के बीच से अंधेरा छटेगा। लोयाबाद में राम रहीम के नाम से मशहूर राजकुमार महतो, व असलम मंसूरी के पहल से यह संभव हो पाया है। राम रहीम ने जानकारी देते हुए कहा कि इंजीनियर तरुण कुमार बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए काफी मेहनत कर रहे है। इंजीनियर से बात हुई है। गुरुवार को सात नंबर में ट्रांसफार्मर स्थापित कर फिर लाइन आपूर्ति चालू हो जायेगी। लोयाबाद कोलियरी अभियंता तरुण कुमार ने बताया कि गुरुवार को बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जायेगी। राम रहीम और इंजीनियर के इस प्रयास से लोयाबाद सात नंबर के लोग काफी खुश है। बताया जाता है कि करीब एक माह पहले बारिश के वजह से करीब 750 केवीए का ट्रांसफार्मर का क्वाईल जल गया था, जब टेक्नीशियन जांच की तो, क्वाईलल जल जाने की जानकारी हुई,जलने के बाद आबादी के बीच मायूसी छा गया। शुरूआत में कांग्रेस नेता इम्तियाज अहमद, फिर भाजपा नेता मनोज मुखिया, ट्रांसफार्मर की मरम्मती के लिए साहब और बाबुओं से मिलकर वैकल्पिक व्यवस्था पर चर्चा करते रहे, भाजपा नेता मनोज मुखिया की अगुवाई में गांव वालों ने लोयाबाद वर्कशॉप के पास प्रदर्शन भी किया। अब राम रहीम के प्रयासों ने रंग ले आया। प्रबन्धन ने यहां एक हजार केवीए का वैकल्पिक ट्रांसफार्मर लगाने पर राजी हो गया। ज्ञात्त हो कि सात नंबर का ट्रांसफार्मर रूम चदरे शीट से दीवार खड़ी है। शीट सड़क चुका है। बारिश के दिनों में ट्रांसफार्मर और स्वीच में पानी चला जाता है। और बिजली आपूर्ति बाधित हो जाता है। पक्का ट्रांसफार्मर रूम की मांग काफी समय से उठ रही है।

### बीसीसीएल सीएमडी आवास में श्रद्धा के साथ हुई गणेश पूजा

# धनबाद और बीसीसीएल पर गणपति बप्पा की कृपा बनी रहे यही है मनोकामनाः समीरण दत्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बीसीसीएल सीएमडी आवास में मंगलवार को पूरे भक्तिभाव व श्रद्धा के साथ गणेश पूजा मनाया गया। गणेश पूजन में बीसीसीएल के वरीय पदाधिकारी और कर्मचारी के अलावा शहर के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। इस मौके पर बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा गणेश जी सिद्धिविनायक है और उनके आशीर्वाद से ही हम लोग किसी भी कार्य में सफल होते हैं, धनबाद और बीसीसीएल पर उनकी कृपा बने रहे यही हमलोग मनोकामना करते हैं। सीएमडी आवास गणेश पूजा में बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता,उनकी पत्नी मिली दत्ता, डायरेक्टर पर्सनल मुरली कृष्ण रमैया उनकी पत्नी पूर्विता रमैया, डायरेक्टर फाइनेंस आर के सहाय, डायरेक्टर टेक्निकल उदय काव्य, जनरल मैनेजर पियूष किशोर, जनरल मैनेजर वीके गोयल, जनरल मैनेजर जीएस महापात्र, जीएम पी के दुबे, सीआईएसएफ के डीआईजी विनय कजला, इनमोसा के वरिष्ठ नेता कुश सिंह, डीएफ की पत्नी सोहाय, बस्ताकोला जीएम ए सिंह, जीएम कि पत्नी चेतना फौजदार, आशा दुबे साथ में रश्मि कुमारी, सरिता महापात्रा, निभा पांडे, नीरू और सभी एरिया के जनरल मैनेजर की पत्नी इस पूजा में शामिल हुए।

# हर क्षेत्र में इतिहास बनाने वाले मोदी ने महिलाओं के लिए दिया स्वर्णिम तोहफा



स्वाती सिंह



जो कोई न कर सका, वह सब करने के लिए प्रधानसेवक के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास कर जनता ने सत्ता सौंपी है। जनता के हर एक इच्छाओं की पूर्ति एक-एक कर होता जा रहा है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता में हर दिन इजाफा हो रहा है। नई ससंद में प्रवेश करते हुए ही आधी आबादी को उनका अधिकार देने की प्रतिबंद्धता प्रधानमंत्री ने सर्वोपरि माना और नई ससंद में पहला बिल ही महिला आरक्षण को लेकर पेश किया गया, जो इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा। प्रधानमंत्री द्वारा पेश किये नारी शक्ति वंदन बिल पर पहले तो मैं सभी महिलाओं की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देती हूं। वास्तव में महिलाओं की पूर्ण भागीदारी अब होगी, जब वे पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लोकसभा में देश की तरक्की में नीति नियंता बनेंगी। हमें याद है 1996 में 13 दलों की गठबंधन वाली यूनाइडेट फ्रंट सरकार ने इस दिशा में पहली कोशिश की थी। तत्कालीन कानून मंत्री रमाकांत डी खलप ने संविधान के 81वीं संशोधन के लिए संसद में एक बिल पेश किया। इसके तहत संविधान में दो नए कानून अनुच्छेद 330ए और 332ए जोड़ा जाना था। जनता दल समेत सरकार को समर्थन देने वाली कई पार्टियों ने इस बिल का विरोध कर दिया। सरकार इससे घबराकर बिल को 31 सांसदों वाले एक संयुक्त समिति के पास विचार करने के लिए भेज दिया गया। इसके बाद 1998 से 2004 के बीच कई बार अटल बिहारी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने सदन से इस बिल को पास कराने की कोशिश कई बार की थी। पहली बार 13 जुलाई 1998 में कानून मंत्री एम थंबी दुरी ने लोकसभा में इस बिल को पेश किया, जिसका राजद, सपा समेत कई दलों ने विरोध किया। राजद सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव ने स्पीकर जीएमसी बलायोगी के हाथ से बिल की कॉपी को छीनकर फाड़ दिया था। इसके बाद 11 दिसंबर 1998 को एक बार फिर लोकसभा में इस बिल को पेश करने की कोशिश हुई। तब सपा सांसद दरोगा प्रसाद स्पीकर के पोडियम तक पहुंच गए। इस वक्त धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। आखिरकार सरकार ने एक बार फिर अपना हाथ पीछे खींच लिया। 23 दिसंबर 1998 को आखिरकार सदन में इस बिल को पेश करने में सरकार कामयाब रही। इस समय भी सपा, बसपा समेत कई दलों ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। हमें वह दिन भी याद है, जब 8 मार्च 2010 की दोपहर को राज्यसभा में अफरा-तफरी मची थी। समाजवादी पार्टी के सांसद नंद किशोर यादव और कमाल अख्तर चेयरमैन हामिद अंसारी की टेबल पर चढ़ गए और माइक उखाड़ने की कोशिश की। समाजवादी पार्टी ने पूरे सदन में अराजकता का माहौल पैदा कर दिया था। राष्ट्रीय जनता दल के एक सदस्य ने बिल की कॉपी फाड़कर चेयरमैन की तरफ उछाल दी। लोकजनशक्ति पार्टी के साबिर अली और निर्दलीय सांसद एजाज अली ने भी डिस्कशन रोकने की कोशिश की। अगले दिन यानी नौ मार्च 2010 को हंगामा करने वाले सभी सात सदस्यों को सस्पेंड कर दिया गया और मार्शल उन्हें पकड़कर बाहर ले गए। इसके बाद विधेयक पर वोटिंग हुई। इसके पक्ष में 186 मत पड़े और विरोध में सिर्फ एक वोट। बसपा ने वॉक आउट किया था और टीएमसी ने वोटिंग में हिस्सा ही नहीं लिया। उसके बाद से 13 साल हो गए, ये बिल लोकसभा में पास नहीं हो सका। इसके बाद आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसे लोकसभा में नए सिरे से पेश करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नए ससंद भवन में पहले कानून को पेश करने का एलान किया। नए ससंद भवन के साथ ही यह महिला बिल के रूप में इतिहास याद करेगा। यह भी निश्चित है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो ठान लिया, उसको कर दिया। इसको भी लेकर पूरा विश्वास है कि अब पहले का जमाना नहीं रहा, जब सपा के लोग बिल फाड़ दिया करते थे। यह बिल इस बार पास हो जाना लगभग तय है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम भी स्वर्णीम अक्षरों में अंकित हो जायेगा मंगलवार को बिल को पेश करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए सरकार नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश करने जा रही है। पीएम मोदी ने इसके लिए विपक्षी दलों से सहयोग मांगा और कहा कि 19 सितंबर का ये दिन इतिहास में अमर होने वाला दिन है। इसके बाद कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सदन में यह विधेयक पेश किया। इसमें महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण का एलान किया गया। बताया गया है कि लोकसभा में अब महिलाओं के लिए 181 सीटें आरक्षित होंगी।

यदि सही मायनों में देखा जाय तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुरू से ही महिला कल्याण को पहली प्राथमिकता देते रहे हैं। उनका मानना है कि महिलाओं की प्रगति के बिना पूर्ण विकसित होने की परिकल्पना व्यर्थ है। इसी आधार पर उन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों महिलाओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखा और आज आंकडे बताते हैं कि महिलाओं के स्वास्थ्य में उज्ज्वला के कारण सुधार हुआ है।

जनधन खाता खुलवाकर गरीब महिलाओं को धन बचत के लिए प्रेरित किया। गरीबों को पक्का मकान देकर उनके रहने की व्यवस्था की। जब समय आया तो उन्होंने राजनीति में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए बिल पेश कर दिया। यही नहीं वोट की चिंता किये बगैर उन्होंने तीन तलाक पर बिल लाकर मुस्लिम बहनों के लिए भी इतिहास रच दिया। इससे आज मुस्लिम समाज की महिलाएं भी सीना तानकर चल रही हैं। वे भी कदम-ताल मिलाने के लिए तैयार हैं।

**(लेखिका- पूर्व मंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता हैं।)**

# बोकारो स्टील में विश्वकर्मा पूजा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** संयंत्रों और उपकरणों के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना 17 सितंबर को बोकारो स्टील प्लांट में परम्परानुसार पूरी श्रद्धा और उत्साह से की गयी। कई विभागों में कर्मचारियों ने पूरे उत्साह से मशीनों की पूजा की और प्लांट के सुरक्षित और सफल परिचालन की कामना की। बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक (वित्त और लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अमिताभ श्रीवास्तव तथा अधिशासी निदेशक (कार्मिक और प्रशासन) राजन प्रसाद ने अपने अन्य वरिष्ठ सहयोगियों के साथ नगर और प्लांट परिसर के कई विभागों के आयोजनों में शामिल होकर पूजा अर्चना की। गैर-संकार्य विभागों में एविएशन, वॉटर टावर सेक्टर-3, बीजीएच, मानव संसाधन विकास केन्द्र की कर्मशाला, वित्त और लेखा, अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ शामिल थे। प्लांट परिसर में मुख्य अग्निशमन केन्द्र, आरएमपी, कोक अवन्स, आरएमएचपी, सिन्टर प्लांट, भारी अनुरक्षण यांत्रिक (लौह क्षेत्र), सामान्य अनुरक्षण यांत्रिक (लौह क्षेत्र), केन्द्रीय भंडार, यातायात, पीईबी, एसएमएस-न्यू, आइएमएफ, भारी अनुरक्षण यांत्रिक (स्टील जोन) कैपिटल रिपेयर (यांत्रिक), ब्लास्ट फर्नेस, बीपीएससीएल, टीबीएस, ऑक्सिजन प्लांट, एसएमएस-2 एवं सीसीएस, डीएनडब्ल्यू, मशीन शॉप, भारी अनुरक्षण यांत्रिक मिल (जोन), हॉट स्ट्रिप मिल, कोल्ड रोलिंग मिल, आरजीबीएस, एमआरडी, सीआरएम-3 तथा एचआरसीएफ शामिल थे, जहाँ निकटस्थ विभागों के सदस्य भी एकत्र हुए। अधिशासी निदेशकों ने अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ कई विभागों के विश्वकर्मा पूजनोत्सव में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर तकनीकी और मानवीय अनुशासन को संयंत्र के धर्म के रूप में अपनाने का संदेश बीएसएल के सदस्यों को दिया।

## न्यूज रील्स

### लश्कर-ए-तैयबा आतंकी उजैर खान मारा गया



श्रीनगर। कश्मीर के अनंतनाग में मुठभेड़ के सातवें दिन लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) आतंकी उजैर खान मारा गया। कश्मीर पुलिस ने मंगलवार 19 सितंबर को इसकी पुष्टि की। सुरक्षाबलों ने उजैर खान का शव बरामद किया है। एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि उजैर के अलावा एक और बॉडी देखी गयी है। तीसरे आतंकी का भी शव मिलने की संभावना है। एनकाउंटर साइट पर सर्च ऑपरेशन अभी जारी है।

### नूंह हिंसा के आरोपी कांग्रेस विधायक को जेल

चंडीगढ़। हरियाणा में हुई नूंह हिंसा के मामले में गिरफ्तार हुए फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान को सीजेएम जोगेंद्र सिंह की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उनको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। मामले की जांच कर रही पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का आरोप है कि कांग्रेस विधायक मामन खान सहयोग नहीं कर रहे हैं।

# शालू जिंदल इंटरनेशनल वुमन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल को शिकागो में भारतीय दूतावास के सहयोग से डीट्राइबल्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वदेशी मेला भारतीय अमेरिकी व्यापार मेले में अंतर्राष्ट्रीय महिला पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार ओड़िशा, छत्तीसगढ़, झारखंड और पूरे भारत के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में 10 मिलियन लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाले सामाजिक परिवर्तन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। भारत दूतावास के महावाणिज्यदूत-शिकागो सोमनाथ घोष कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस प्रतिष्ठित सम्मान को प्राप्त करने के बाद, शालू जिंदल ने अपना आभार व्यक्त किया और भारत में लोगों की जीवन शैली को और समृद्ध करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। मैं यह पुरस्कार पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष के रूप में, श्रीमती जिंदल मुख्य रूप से छत्तीसगड, ओडिशा और झारखंड और भारत के अन्य क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कौशल विकास और महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समावेशन के क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम चला रही हैं। उनके सामाजिक विकास प्रयासों ने लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है और कई लोगों के लिए प्रेरणा बने हैं। अपने मानवीय प्रयासों के अलावा, जिंदल ने दुनिया भर में भारतीय नृत्य और संस्कृति पर वैश्विक जागरूकता फैलाने में मदद करते हुए एक विश्व स्तरीय कुचिपुड़ी नृत्यांगना के रूप में अपना नाम कमाया है। उन्होंने राष्ट्रीय बाल भवन के अध्यक्ष और यंग फिकी के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में भी काम किया है। वर्तमान में वह ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ की कुलपति के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें सीएसआर टाइम्स लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, गोल्डन पीकॉक अवार्ड, महात्मा गांधी अवार्ड और सीएमओ एशिया, सिंगापुर से एकलब्य अवार्ड सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में राजभाषा प्रश्नोत्तरी और हिंदी प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय रांची 14 से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मना रहा है। हिंदी का प्रचार-प्रसार करने के लिए अपने कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों गृहिणियों और बच्चों के बीच कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इस संबंध में हिंदी के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए 18 सितंबर को सामान्य ज्ञान हिंदी के साथ राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और 19 सितंबर को कर्मचारियों द्वारा हिंदी प्रस्तुति आयोजित की गयी। इसमें कर्मचारियों ने अपने संबंधित विभाग के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए अपनी प्रस्तुति दी। इसका मूल्यांकन कई मानदंड अर्थात विषय, प्रस्तुति कौशल, रचनात्मकता, हिंदी भाषा दक्षता और आत्मविश्वास से किया गया। हिन्दी पखवाड़ा समारोह का समापन समारोह और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 29 सितंबर को होगा।

# कुर्मी आंदोलन को लेकर दो ट्रेनें रद्द, 4 का रूट बदला



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित कुर्मी आंदोलन को देखते हुए दो ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है और चार ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। **ट्रेनों का रद्दीकरण :** 1. 02832-भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल 19 सितंबर को और 2. 12876 - आनंदविहार-पुरी नीलाचल एक्सप्रेस 19 सितंबर को आनंदविहार से। **ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन :** 1. 12801/12802 - पुरी - नयी दिल्ली - पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस दोनों तरफ से भद्रक - हिजली - मिदनापुर - आद्रा - गोमो के रास्ते चलेगी। 2. 18477/18478 - पुरी - ऋषिकेश - पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस दोनों तरफ से संबलपुर सिटी - झारसुगुड़ा रोड - आईबी मार्ग से चलेगी। 3. 22824 - नयी दिल्ली भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस नई दिल्ली से गोमो - आद्रा - मिदनापुर - हिजली - भद्रक के रास्ते चलेगी। 4. 13351/13352 - धनबाद - एलेप्पी - धनबाद एक्सप्रेस दोनों तरफ से और 18310 जम्मू तवी संबलपुर एक्सप्रेस रांची - टोरी मार्ग से चलेगी।

## भारत चांद पर पहुंचा, हम पैसे मांग रहे: नवाज सरीफ

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा है कि भारत आज चांद पर पहुंच चुका है। जी20 समिट होस्ट कर रहा है। वहीं पाकिस्तान 1-1 अरब डॉलर चीन और अरब देशों सहित दुनियाभर से मांग रहा है। हम कंगाल होने की कगार पर हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- (1) **ई-निविदा संख्या: 31-GS-DHN-2023-24, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल के पतरातू में 200 इलेक्ट्रिक इंजनों की होमिंग क्षमता के लिए बुनियादी ढांचे की सुविधा का विस्तार के लिए समग्र कार्य (सिविल, इलेक्ट्रिकल) (जी), इलेक्ट्रिकल (टी आर डी) और एस एंड टी: 24 (चौबीस) महीने, **कार्य की लगभग लागत (रूपये में):** 31,31,81,437.54, **ब्याने की राशि (रूपये में):** ब्याने की राशि (रूपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागु, **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय:** ई-निविदा बंद होने की तारीख 11.10.2023 को 17.00 बजे तक ई-निविदा खुलने की 12.10.2023 को 12.00 बजे से, **बेबसाईट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी। **नोट:-** (i) हिन्दी और अंग्रेज़ी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी। (ii) प्रत्याशित निविदादाताओ को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति
पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद

पीआर/01198/डीएचएनजीएस/ईएनजीजी/टी/23-24/36


## कनाडा की हिमाकत का भारत ने दिया जवाब

# कनाडा राजनयिक को देश से निकाला राजदूत को भी तलब कर मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** खालिस्तान के मामले में कनाडा और भारत के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कनाडा ने भारतीय राजनयिक को देश से निकलने का आदेश दिया था और उसके जवाब में भारत ने भी कड़ा ऐक्शन लिया है। विदेश मंत्रालय ने कनाडा के राजदूत को तलब किया और फिर एक सीनियर डिप्लोमैट को देश छोड़ने का आदेश दिया है। कनाडा के डिप्लोमैट को अगले 5 दिनों के अंदर भारत से लौटने को कहा गया है। भारत ने कनाडा के जिस अधिकारी को देश से बाहर जाने को कहा है। उसका नाम ओलिवियर सिल्वसटेर है। ओलिवियर भारत में कनाडा की खुफिया एजेंसी के स्टेशन चीफ थे। भारत सरकार का कहना है कि कनाडा अपनी धरती पर खालिस्तानियों की हरकतों पर लगाम कसने में असफल रहा है। यही नहीं, खुलेआम उनकी हिमायत भी की है। मोदी सरकार की यह कार्रवाई भारत के आंतरिक मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप और भारत विरोधी गतिविधियों में उनकी भागीदारी पर भारत सरकार की बढ़ती चिंता को दिखाती है।

### कनाडा पीएम ट्रूडो के सुर नरम पड़े

भारत की नाराजगी के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के सुर नरम पड़ गये हैं। अब उन्होंने कहा है कि हम भारत को उकसाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। हम बस इतना चाहते हैं कि भारत इस मामले को गंभीरता ले। दरअसल, कनाडा के प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया था कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार की साजिश हो सकती है। पूरा मामला खालिस्तानी आतंकी निज्जर की मौत की जांच से जुड़ा है।

## पश्चिम बंगाल में 14 करोड़ के सोने के बिस्कुट जब्त

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में बांग्लादेश सीमा के पास 14 करोड़ रुपये के सोने के बिस्कुट जब्त किये गये। अधिकारियों ने कहा कि मंगलवार को एक खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ जवानों ने बागदाह थाना क्षेत्र के रोनघाट गांव में एक मोटरसाइकिल को रोकी। मोटरसाइकिल की तलाशी लेने पर उन्हें 23 किलोग्राम सोने के बिस्कुट मिले, जिनकी कीमत 14 करोड़ रुपये है। ये सोना बांग्लादेश से तस्करी कर लाया गया। मोटरसायकल सवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**